वर्ष 23, अंक 254, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज मंगलवार 8 अक्टूबर 2024

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## मार्च 2026 तक पूरी तरह खत्म होगा वामपंथी उग्रवाद- अमित शाह




**छत्तीसगढ़**
**अमित** शाह ने कहा कि सुरक्षा संबंधी व्यय (एसआरई) योजना के तहत, 2004 से 2014 तक इस योजना पर 1180 करोड़ रुपये खर्च किए गए, जबकि 2014-2024 तक हमने 3,006 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों में सुरक्षा और विकास की समीक्षा के लिए बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि मैं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री, गृह मंत्री, डीजीपी और पूरी टीम को बधाई देता हूं क्योंकि जनवरी से अब तक 194 नक्सली मारे गए हैं, 801 नक्सली गिरफ्तार हुए हैं और 742 नक्सली आत्मसमर्पण कर चुके हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि मैं नक्सलवाद से जुड़े सभी युवाओं से हथियार छोड़कर मुख्यधारा में आने की अपील करता हूं। उन्होंने कहा कि 2026 तक देश से नक्सलवाद को खत्म कर देंगे। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद को देश से खत्म किया जा रह है।

अमित शाह ने कहा कि सुरक्षा संबंधी व्यय (एसआरई) योजना के तहत, 2004 से 2014 तक इस योजना पर 1180 करोड़ रुपये खर्च किए गए, जबकि 2014-2024 तक हमने 3,006 करोड़ रुपये खर्च किए हैं विशेष केंद्रीय सहायता योजना के तहत हमने पिछले दस वर्षों में 3590 करोड़ रुपये खर्च किये हैं। पिछले 10 वर्षों में 544 सुदृढ़ पुलिस स्टेशन बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि पहले सड़क नेटवर्क 2,090 किमी था, पिछले 10 वर्षों में सड़क नेटवर्क बढ़कर 11,500 किमी हो गया है। पिछले 10 वर्षों में 15,300 मोबाइल टावर लगाए गए हैं और उनमें से 5139 टावरों को 4जी कनेक्शन दिए गए हैं।

### मुइज्जू के सामने मोदी ने गिनवा दिए मालदीव को किए सारे एहसान

## भारत ने सदैव फर्स्ट रिसपॉन्डर की भूमिका निभाई

**मालदीव**
**भारत** ने सदैव मालदीव के लिए फर्स्ट रिसपॉन्डर की भूमिका निभाई है। चाहे मालदीव के लोगों के लिए जरूरी वस्तुएँ की जरूरत पूरा करना हो, प्राकृतिक आपदा के समय पीने का पानी उपलब्ध कराना हो, कोविड के समय वैक्सीन देने की बात हो, भारत ने हमेशा अपने पड़ोसी होने के दायित्व को निभाया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने मालदीव में हनीमाधू अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रनवे का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने इस दौरान कहा कि भारत और मालदीव के संबंध सदियों पुराने हैं। भारत मालदीव का सबसे करीबी पड़ोसी और घनिष्ठ मित्र देश है। हमारी नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी और सागर विजन में मालदीव का महत्वपूर्ण स्थान है। हमने रक्षा और सुरक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। एकथा हार्बर प्रोजेक्ट पर काम तेजी से चल रहा है। इंडियन ओसियन रीजन में स्थिरता और समृद्धि के लिए हम मिलकर काम करेंगे। कोलंबो सिक्योरिटी कॉन्क्लेव में फाउंडिंग मेंबर के रूप में जुड़ने के लिए मालदीव का स्वागत है।

नुकसान नहीं पहुंचने देंगे, चीन का नाम लिए बिना राष्ट्रपति मुइज्जू का बड़ा बयान

भारत ने सदैव मालदीव के लिए फर्स्ट रिसपॉन्डर की भूमिका निभाई है। चाहे मालदीव के लोगों के लिए जरूरी वस्तुएँ की जरूरत पूरा करना हो, प्राकृतिक आपदा के समय पीने का पानी उपलब्ध कराना हो, कोविड के समय वैक्सीन देने की बात हो, भारत ने हमेशा अपने पड़ोसी होने के दायित्व को निभाया है। हमने मुक्त व्यापार समझौते पर चर्चा करने का निर्णय लिया है। हम स्थानीय मुद्रा में व्यापार निपटाने पर भी काम करेंगे। इसके अतिरिक्त, हमने डिजिटल कनेक्टिविटी पर ध्यान केंद्रित किया है। हम सब मिलकर एक उज्जवल भविष्य के निर्माण के लिए काम करेंगे।



पीएम मोदी ने कहा कि चाहे मालदीव के लोगों की आवश्यक जरूरतों को पूरा करना हो, प्राकृतिक आपदाओं के दौरान पीने का पानी उपलब्ध कराना हो, या कोविड के दौरान टीके पहुंचाना हो, भारत ने हमेशा एक पड़ोसी के रूप में अपना कर्तव्य निभाया है। आज हमने अपने आपसी सहयोग को रणनीतिक दिशा देने के लिए एक व्यापक, आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी दृष्टिकोण अपनाया है।

## 'संजय रॉय ने ही रेप कर ट्रेनी डॉक्टर को...'

### आरजी कर केस में सीबीआई ने की चार्जशीट दाखिल, 200 लोगों के बयान दर्ज

**कोलकाता: पश्चिम** बंगाल की राजधानी कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में जूनियर महिला डॉक्टर के साथ हुए रेप और हत्या के मामले में संजय रॉय को हत्या और रेप का मुख्य आरोपी बनाया गया है. सीबीआई सूत्रों के मुताबिक मामले में करीब 200 लोगों के बयानों को चार्जशीट में दर्ज किया गया है.

रेप और हत्या के इस मामले में बीते शनिवार (5 अक्टूबर) को जूनियर डॉक्टर्स आमरण अनशन पर बैठ गए थे. उनका कहना था कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार उनकी मांगे पूरी नहीं कर रही है, जिसके बाद उन्हें अब इस आमरण अनशन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है.




मांगे पूरी न होने को लेकर धरने पर बैठे थे डॉक्टर

जूनियर डॉक्टर ने धर्मतला में स्थित डोरीना क्रॉसिंग पर बीते शुक्रवार को बैठे थे. उन्होंने पश्चिम बंगाल सरकार को वादे के अनुसार अपनी मांगे पूरे करने के लिए 24 घंटे का वक्त दिया था. इसको लेकर एक कनिष्ठ चिकित्सक ने कहा कि राज्य सरकार ने उनकी दी हुई समय सीमा के भीतर मांगे पूरी नहीं की है. इसलिए हम अपनी मांगे पूरी करने के लिए अनशन शुरू कर रहे हैं और इसमें ट्रांसपेरेंसी हो इसको लेकर उस मंच पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए हैं, जहां पर उनके डॉ साथी अनशन करेंगे.

पश्चिम बंगाल सरकार पर लग रहे आरोप

इस पूरे मामले में मुख्य आरोपी संजय राय को गिरफ्तार कर लिया गया था. तो वहीं ममता बनर्जी सरकार इसमें बुरी तरह फंसते नजर आ रही है।

## एग्जिट पोल ने दिखा दिया हरियाणा से भाजपा की विदाई तय है : मनीष



**नई दिल्ली। हरियाणा** में 90 विधानसभा सीटों के लिए हुए विधानसभा चुनाव के बाद जारी एग्जिट पोल के पूवार्नुमानों में भाजपा राज्य में सत्ता गंवाती दिख रही है। आधा दर्जन से ज्यादा एग्जिट पोल में भाजपा को हैट्रिक से चूकते दिखाया गया है। वहीं, कांग्रेस को बहुमत का आंकड़ा दिया है। एग्जिट पोल के आंकड़ों से कांग्रेस और 'इंडिया' ब्लॉक में शामिल राजनीतिक दल खुश हैं। हालांकि, भाजपा को भरोसा है कि परिणाम उनके पक्ष में ही आएंगे, क्योंकि 'पिक्चर अभी बाकी है'।

दरअसल, 5 अक्टूबर को हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों पर मतदान संपन्न होने के बाद 8 अक्टूबर को मतगणना होगी।

एग्जिट पोल के पूवार्नुमान सामने आने के बाद विपक्ष भाजपा पर हावी है। सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा है कि हरियाणा के एग्जिट पोल ने दिखा दिया है कि हरियाणा से इनकी विदाई तय है। भारत के लोग भारतीय जनता पार्टी को विदा कर रहे हैं। हरियाणा के एग्जिट पोल भी यही बात साबित कर रहे हैं। मनीष सिसोदिया ने कहा, "हरियाणा के विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद आए एग्जिट पोल ने भाजपा का समीकरण इनके सामने कर दिया है। एग्जिट पोल ने दिखा दिया है कि भाजपा की इस राज्य से विदाई तय हो गई है।"

उन्होंने कहा कि इसकी शुरूआत लोकसभा चुनाव के परिणाम से ही हो चुकी थी। अब हरियाणा के एग्जिट पोल से लोग अंतिम बार भाजपा की सरकार देख रहे हैं। एग्जिट पोल ने साफ कर दिया है कि हरियाणा से भाजपा के जाने का समय आ गया है।

## यति नरसिंहानंद से जुड़े कार्यकर्ता और भक्तगणों ने डाला कमिश्नर ऑफिस के बाहर डेरा

**गाजियाबाद। गाजियाबाद** के डासना मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद के बयान पर लगातार हंगामा जारी है। एक तरफ जहां गाजियाबाद समेत पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कई जगहों पर शुक्रवार रात से ही विशेष समुदाय के लोगों ने सड़कों पर उतरकर हंगामा किया था, वहीं अब यति के समर्थक और भक्तगण गाजियाबाद के पुलिस लाइन कमिश्नर ऑफिस पहुंच गए हैं। इन समर्थकों और भक्तगणों का कहना है कि यति नरसिंहानंद बीते तीन दिनों से लापता है और उनसे बिना मिले यह लोग कमिश्नर ऑफिस के बाहर से नहीं जाएंगे और यहीं पर डटे रहेंगे। पुलिस लाइन में पुलिस कमिश्नर ऑफिस के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद है और बैरिकेडिंग कर सभी को बाहर रोका गया है। सनातनी और हिंदू संगठन के लोगों ने और भी लोगों के आने का आव्हान किया है। जिसको देखते ही देखते हुए पुलिस अलर्ट मोड पर है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद के पैगंबर मोहम्मद पर दिए बयान के बाद यह बवाल शुरू हुआ था। शुक्रवार देर रात नमाज के बाद बुलंदशहर में और गाजियाबाद में विशेष समुदाय के हजारों लोग सड़क पर उतर आए थे ।

## हिंदू उत्सवों और धार्मिक आयोजनों में विघ्न डालने वालों को बर्दाश्त नहीं करेंगे : विहिप

**नई दिल्ली। विश्व** हिंदू परिषद (विहिप) ने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा है कि वे हिंदू उत्सवों और धार्मिक आयोजनों में विघ्न डालने वालों को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

विहिप के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ. सुरेंद्र जैन ने चेतावनी देते हुए कहा कि हिंदू पर्व-त्योहारों या कुंभ जैसे महान आयोजनों की शुचिता और पवित्रता बरकरार रख, पूज्य संतों व मातृ शक्ति के सम्मान की रक्षा हेतु सम्पूर्ण हिंदू समाज कृत संकल्पित है। इन आयोजनों में विघ्न डालने वालों के विरुद्ध शासन-प्रशासन व समाज को सतर्क रहना होगा। इन उत्सवों व धार्मिक आयोजनों को अपवित्र करने वालों को हम बर्दाश्त नहीं करेंगे।



उन्होंने संपूर्ण देशवासियों को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां दुर्गा से प्रार्थना है कि वे हमें वह शक्ति प्रदान करें, जिससे हम राष्ट्र विरोधियों और हिंदू विरोधियों के षड्यंत्रों को समाप्त कर भारत को विश्व का शीर्षस्थ देश बनाने का अपना संकल्प पूरा कर सकें।

उन्होंने कहा कि हिंदू समाज की विशेषता है कि उसके उत्सव विभिन्न रंगों की छटाओं से भरे होते हैं। डांडिया नृत्य मां दुर्गा की आराधना का ही एक अनूठा आयोजन है। यह पूर्ण रूप से धार्मिक आयोजन है, जिसमें वही भाग लेता है जो मां दुर्गा के प्रति समर्पित है। दुर्भाग्य से विकृत मानसिकता से ग्रस्त जिहादियों ने अपने गंदे इरादों के साथ डांडिया पंडालों में घुसना प्रारंभ कर दिया है। कल ही हैदराबाद के डांडिया पंडाल में एक जिहादी इरशाद खान ने एक हिंदू लड़की का हाथ पकड़कर अश्लील हरकत करने की कोशिश की। परिवार का विरोध करने पर वह वहां से भाग गया। लेकिन, परिवारजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कर दी है। विहिप नेता ने यह भी कहा कि हिंदुओं की पूजा सामग्री व प्रसाद को भ्रष्ट करने का यह लोग हमेशा प्रयास करते ही हैं। इनके लव जिहाद के षड्यंत्र से पूरी दुनिया त्रस्त है। ऐसे में अगर विहिप, बजरंग दल व अन्य हिंदू संगठनों के

### मुझे जेल भेजकर भाजपा ने सड़कों की मरम्मत का काम भी रुकवा दिया था

## जिसे फिर शुरू किया है : अरविंद केजरीवाल

**नई दिल्ली। दिल्ली** सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री आतिशी बीते कई दिनों से दिल्ली की सड़कों पर हो रहे गड्ढों का जायजा लेते दिखाई दे रहे हैं। दिल्ली सरकार ने एक बार फिर सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए काम शुरू कर दिया है। दिल्ली सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा है कि मेरे जेल जाने के बाद विकास के कई कार्यो को रोकने के साथ-साथ भाजपा के लोगों ने सड़क मरम्मत के कार्य को भी रोक दिया था। जिसकी वजह से पूरी दिल्ली की कई सड़कों में गड्ढे दिखाई दे रहे हैं।




अरविंद केजरीवाल ने कहा, "मेरे जेल जाने के बाद भाजपा ने दिल्ली की जनता को परेशान किया। हमारी सरकार के काम रोके। भाजपा के लोगों ने सड़कों की मरम्मत का काम भी रुकवा दिया। जेल से बाहर आने के बाद मैं और आतिशी सड़कों का मुआयना करने निकलें और मैंने आतिशी से कहा कि पीडब्ल्यूडी की जो सड़कें टूटी हुई हैं,

उन्हें जल्द ठीक कराया जाए। सरकार ने इस ओर ध्यान दिया और जहां भी सड़कें टूटी हुई थीं, वहां मरम्मत का काम शुरू हो गया है।"

अरविंद केजरीवाल ने बताया है कि दिल्ली में हमारी सरकार को लगभग 10 साल हो गये हैं। पिछले 9 साल में हमने जनता को कोई दिक्कत नहीं आने दी। हमने सभी सुविधाएं दिल्ली वालों को दी।

## दिल्ली में 23 अक्टूबर से न्याय यात्रा निकालेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।**
**कांग्रेस** की इस यात्रा में लगातार 2014, 2019 और 2024 में जीत की हैट्रिक लगाने वाली बीजेपी के सांसदों की असफलता को गिनाया जाएगा। इसके साथ ही कांग्रेस की तरफ से पूर्व सीएम शीला दीक्षित के समय के समय के कार्यकाल की याद दिलाई जाएगी।

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले अगले साल 14 जनवरी से 30 मार्च के बीच मणिपुर से महाराष्ट्र तक राहुल गांधी की भारत न्याय यात्रा निकाली थी। अब



दिल्ली के लिए कांग्रेस 23 अक्टूबर से न्याय यात्रा निकालने की तैयारी में है। इस यात्रा में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के भी शामिल होने की खबर है। कांग्रेस की ये यात्रा चार चरणों में होगी। 23 अक्टूबर से शुरू होकर ये यात्रा 28 नवंबर को समाप्त होगी।

## हम हरियाणा में भारी बहुमत से सरकार बना रहे हैं: दीपेंद्र हुड्डा

**नई दिल्ली। कांग्रेस** सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों पर आए एग्जिट पोल नतीजों को दिशा दिखाने वाला बताया। साथ ही दावा किया कि भारी बहुमत से प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने वाली है।

सांसद ने कहा, एग्जिट पोल अपनी जगह पर है, और वह हरियाणा की दिशा बता रहे हैं। लेकिन, हमारा भी जमीनी स्तर पर कुछ आकलन है। मैं इस विश्वास के साथ कह सकता हूं कि कांग्रेस भारी बहुमत के साथ प्रदेश सरकार बना रही है।



उन्होंने आगे कहा, 5 अक्टूबर को हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों पर शांति-पूर्ण मतदान हुआ। एक दो मामलों को छोड़ दिया जाए तो चुनाव काफी अच्छा रहा। इस चुनाव में हरियाणा की जनता ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। मतदान का प्रतिशत भी बढ़ा है। चुनाव को शांति पूर्ण संपन्न कराने के लिए भारतीय चुनाव आयोग, हरियाणा पुलिस के साथ अन्य फोर्स बधाई के पात्र हैं। कांग्रेस के आत्मविश्वास का कारण क्या है? इस पर बोले, हरियाणा में 10 साल की भाजपा सरकार में सकारात्मक कार्य नहीं हुए। हरियाणा में बदलाव के लिए कांग्रेस के कार्यकताओं ने अंत तक मेहनत की है। जब उनसे कहा गया कि भाजपा भी हैट्रिक की बात कर रही है तो बोले भाजपा को इस प्रकार की ट्रेनिंग दी जाती है जिससे वह आपके सामने आत्मविश्वास के साथ झूठ बोलें।

## इस्लामिक कानूनों का पालन कर रही सोरेन सरकार

### रविवार की बजाय शुक्रवार को बंद रहते हैं स्कूल

**झारखंड**
**गिरिराज** सिंह ने अपने बयान में कहा कि आपने देखा होगा झारखंड में एक मुद्दा उठा और उसके बाद कई राज्यों में वही मुद्दा देखने को मिला। झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार में इस्लामिक कानूनों का पालन किया जा रहा है।

झारखंड में इस साल चुनाव होने है। भाजपा राज्य में अपनी पूरी ताकत लगा दी है। इन सबके बीच केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बड़ा दावा किया है। गिरिराज सिंह ने हेमंत सोरेन सरकार पर इस्लामिक कानूनों को लागू करने का आरोप लगाया है। गिरिराज सिंह ने अपने बयान में कहा कि आपने देखा होगा झारखंड में एक मुद्दा उठा और उसके बाद कई राज्यों में वही मुद्दा देखने को मिला। झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार में इस्लामिक कानूनों का पालन किया जा रहा है।



भाजपा नेता ने आगे कहा कि स्कूल रविवार के बजाय शुक्रवार को बंद रहते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में आदिवासी आबादी 44% से घटकर 28% हो गई है। इसलिए झारखंड, पश्चिम बंगाल और असम में एनआरसी की जरूरत है। हालांकि, इसकी जरूरत पूरे देश में है। इससे पहले कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को कहा कि अगर भाजपा झारखंड में सत्ता में आती है तो राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) लागू करेगी, उन्होंने दावा किया कि सीएम सोरेन राज्य में घुसपैठियों का पक्ष ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि नागरिकता रजिस्टर बनाया जाएगा और विदेशी घुसपैठियों को चुन-चुनकर बाहर निकाला जाएगा। अपने बयान में शिवराज ने कहा कि बीजेपी अपना चुनावी घोषणापत्र जारी करने जा रही है। यह चुनाव सिर्फ किसी को सीएम बनाने या सत्तासीन करने का नहीं है, बल्कि यह झारखंड को बचाने का है।

# शादी की सगाई में हर्ष फायरिंग में 7 वर्षीय किशोर की मौत

## 9 साल की बच्ची राधा व 10 वर्ष का आयुष गंभीर

अखंड भारत संदेश



**करछना।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत केचुहा में सगाई के दौरान हर्ष फायरिंग में 7 वर्षीय एक किशोर कार्तिकेय यादव पुत्र ज्ञान शंकर निवासी भसुंधर थाना मेजा की मौके पर मौत हो गई जिसमें अनुराधा 9 वर्ष पुत्र दीप नारायण निवासी कुची मैदा थाना मेजा थाना एवं आयुष 10 वर्ष पुत्र जय सिंह निवासी भीटार थाना करछना घायल हो गए जिन्हें गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना मेजा भसुंदर निवासी राजकरण यादव अपने लड़के सूरज कुमार की शादी की सगाई के लिए करछना थाना क्षेत्र के केंचुहा गांव निवासी पप्पू यादव पुत्र रामनारायण की लड़की को सोमवार को दोपहर सगाई के लिए आए थे देर शाम सगाई के दौरान देर शाम अखिलेश यादव नामक युवक ने लाइसेंसी राइफल से फायर करने लगा लोग मना कर रहे थे उसने नहीं माना जिससे घटना में 7 वर्षी कार्तिकेय यादव की मौत हो गई और दो गंभीर अवस्था में घायल हो गए घायलों का जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है मृतक का पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतक के चाचा ने भतीजे की मौत पर करछना थाने में नामजद तहरीर दी है थाना प्रभारी कृष्ण मोहन सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## शिवसेना प्रदेश सचिव रुचि तिवारी ने डा. श्रुत बनाबत से मुलाकात कर प्रयागराज आने का दिया न्यौता



**मेजा।** राजस्थान की सबसे तेज तर्रार शिवसेना महिला एवं विधायिका डा श्रुतु बनाबत से रविवार को शिवसेना की प्रदेश सचिव श्रीमती रुचि अभिषेक तिवारी ने सद्भावना मुलाकात किया और राज्य संगठन द्वारा प्रयागराज आगमन हेतु आमंत्रित किया। उल्लेखनीय है कि डा श्रुतु बनाबत भरतपुर की बयाना रूपवास विधानसभा से विधायक चुनी गयी हैं, हजारों कार्यकर्ताओ के साथ जनमानस की उपस्थिति यह साबित करती है कि रात-दिन जनसेवा के लिए समर्पित रहकर ही जनता को अथक परिश्रम से ही जीता जा सकता है। बड़ी बहन की तरह स्नेह आशीर्वाद पाकर सेवा और समर्पण भाव की नयी सीख मिली। बहन बेटी के लिए आदर्श बडी बहन का जीवन प्रेरणा की मिसाल है।

## धनुष टूटते ही खुशी की लहर रामलीला मंचन में जुट रही है भीड

**मऊआइमा।** मऊआइमा का ऐतिहासिक रामलीला रामबाग में भारी भीड़ जुट रही है।राम लीला के मंचन के दौरान सीता स्वयंवर का आयोजन हुआ। जिसमें दूर देश से राजाओं का आगमन हुआ जब कोई धनुष नहीं तोड़ पाया तो गुरु की आज्ञा पाकर भगवान रामचंद्र ने धनुष को तोड़ा धनुष टूटते ही खुशी की लहर दौड़े चारों तरफ भगवान राम के जयकारे लगने लगे माता सीता ने भगवान राम को वरमाला पहनाई जिससे लोग जयकारे लगाने लगे।इस अवसर पर2 रामलीला समिति के अध्यक्ष सचिन साहू ,महामंत्री मुदित खत्री, मंत्री अशोक साहू ,प्रवीण केसरवानी, राम जी सोनी, बनारसी साहू प्रबंधक ,डॉक्टर नंदलाल मौर्या,संजय साहू ,दिलीप केसरवानी, कुबेर केसरवानी ,लव कुश बिंदेश्वरी केसरवानी विजय साहू राजेश गुप्ता, विनोद मोदनवाल ,मनीष साहू राजू केसरवानी ,राहुल मौर्य, रवि गुप्ता आदि उपस्थिति रहे।

# मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह का मेजा पुलिस व एसओजी की टीम ने किया भंडाफोड़

**चोरी की 41 सेट मोबाइल,एवं 14,600 नकदी के साथ पांच शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में मेजा पुलिस और एसओजी यमुनानगर टीम को मिली बड़ी कामयाबी,गए जेल**



**मेजा।** क्षेत्र में मोबाइल चोरी की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर पुलिस उपायुक्त यमुनानगर व एसीपी मेजा रवि कुमार गुप्ता के निर्देश पर चलाए गए धर पकड़ अभियान के तहत मेजा पुलिस और एसओजी यमुनानगर की संयुक्त ने मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पांच शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन दर्जन से अधिक चोरी के मोबाइल तथा नकदी बरामद करने में बड़ी कामयाबी हासिल किया है। बरामद किए गए मोबाइल की कीमत लगभग छः लाख रुपया बताई जा रही है। उल्लेखनीय है कि सोमवार को मेजा थाना प्रभारी राजेश उपाध्याय और एसओजी यमुनानगर टीम के उपनिरीक्षक नवीन सिंह को मुखबिर द्वारा यह सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध लोग मेजा के नवोदय विद्यालय जाने वाले मोड़ के पास चोरी की मोबाइल आपस में बटवारा कर बेचने की नियत से खड़े हैं। आनन फानन में मय फोर्स मेजा पुलिस और एसओजी की टीम जैसे ही उक्त मोड़ के पास पहुंची तो मोबाइल चोर इधर उधर भागने का प्रयास करने लगे किंतु दोनों टीमों ने सतर्कता बरतते हुए पांच मोबाइल चोरों को दौड़ाकर पकड़ लिया। पकड़े गए शातिर चोरों के कब्जे से 41सेट चोरी के मोबाइल जिसकी अनुमानित कीमत 6 लाख रुपया बताई गई और 14,600 रुपया नकद बरामद करने में मेजा पुलिस और एसओजी की टीम ने बड़ी कामयाबी हासिल करने में सफलता प्राप्त किया है। गौरतलब है कि गिरफ्तार किए गए शातिर चोरों में शिवकुमार पुत्र स्व कुंवर बहादुर सिंह निवासी कोल्हेपुर थाना जिगना,सुभाष कुमार यादव पुत्र स्व शारदा प्रसाद निवासी परमांदपुर रिखीपुर हंडिया,वाल्मिकी पुत्र कल्लू निवासी हरिजन बस्ती दारागंज, हसनैन उर्फ शाहुल पुत्र मो जाहिद उर्फ मकबूल निवासी अकोढा कौधियारा तथा अजय आदिवासी पुत्र रग्घू निवासी मइयन थाना वैराड एमपी शामिल हैं। पांचों शातिर अपराधियों ने पूछतांछ के दौरान रेलवे स्टेशन मेजारोड, छिवकी, मांडारोड नैनी,संगम क्षेत्र,बस स्टैंड तथा कई अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों से मोबाइल एवं बैग चोरी करने और ग्रामीण क्षेत्रों में औनेपौने दाम पर बेचने तथा सोमवार को नवोदय विद्यालय मोड़ के पास चोरी की उक्त सभी मोबाइल ग्राहकों को बेचने की नियत से आपस में बटवारा किए जाने की बात कबूल किया है। इस संबंध में थाना प्रभारी मेजा राजेश उपाध्याय ने बताया कि पकड़े गए पांचों अभियुक्त शातिर अपराधी हैं तथा इन सभी का अपराधिक इतिहास भी है। पांचों अपराधियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई है। बता दें कि मेजा पुलिस की इस बड़ी सफलता के पीछे थाना मेजा में तैनात उपनिरीक्षक गोविंद सिंह, बलवंत यादव,जितेंद्र कुमार मौर्या,कांस्टेबल सौरभ यादव,अंगद यादव, रंजीत यादव,आकाशदीप सिंह, अनुराग यादव, जसवीर सिंह, सिद्धेश्वर पांडेय, मनोज कुमार यादव तथा हेड का फिरोज खां का अथक प्रयास एवं सराहनीय योगदान है।

# आदर्श व्यापार मंडल का गठन कर पदाधिकारियों का हुआ चयन

अखंड भारत संदेश



**सहसों।** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल की एक बैठक रविवार को सहसों में जिला संरक्षक अनिरुद्ध सिंह पटेल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष राजेंद्र केसरवानी ने प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता एवं मंडल प्रभारी रमेश केसरवानी के संस्तुति पर सहसों व्यापार मंडल का गठन किया। जिसमें अध्यक्ष अमन प्रकाश केसरवानी (ब्रिटिश), वरिष्ठ उपाध्यक्ष राहुल सिंह, शशांक धर द्विवेदी, उपाध्यक्ष मनीष सिंह, विनीत शुक्ला, प्रेमचंद प्रजापति, महामंत्री जयेश केसरवानी, संयुक्त महामंत्री व्यास मुनि विश्वकर्मा, अमित गुप्ता, संगठन मंत्री हर्ष केसरवानी, अवधेश विश्वकर्मा, शशांक तिवारी, मंत्री किशन केसरवानी, सक्षम मोदनवाल, सत्येंद्र सिंह, सचिव कृष्णा केसरवानी, शुभम केशरवानी, पुष्पराज सिंह, डॉक्टर साहिबे आलम, कोषाध्यक्ष राजा केसरवानी, उपकोषाध्यक्ष अंकित केसरवानी, प्रशासनिक मंत्री शिवम केसरवानी, आय व्यय निरीक्षक अभिषेक केशरवानी को जिम्मेदारी देते हुए मनोनीत किया गया। इस मौके पर उपस्थित व्यापारियों ने सभी मनोनीत पदाधिकारी पर भरोसा जताते हुए बधाई देते हर्ष व्यक्त किया। बैठक में प्रमुख रूप से व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शाश्वत अशोक तिवारी, राजधर द्विवेदी, राजेश कुमार केसरी, विष्णु केसरवानी संगठन मंत्री कमलेश केशरवानी, अनुज केसरवानी, भारत लाल केशरवानी, ऋषभ केसरवानी, सचिन केसरवानी सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## तांत्रिक ने झाड फूंक से बीमार को ठीक करने के लिए साढे छह लाख हडपा मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** एक महिला अपने बीमार पति को ठीक कराने के लिए एक तांत्रिक से झाड फूंक तंत्र मंत्र का सहारा लिया।पहले पचास हजार लिया।बाद में कीमती जमीन बेचवा दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम घीनपुर मोहन का पूरा निवासनीय विमला देवी पत्नी स्वर्गीय विजय प्रकाश का कहना है कि उनके पति विजय प्रकाश 2021 में काफी बीमार चल रहे थे। जिन्हें कुष्ठ रोग और सफेद दाग हुआ था। विमला देवी का आरोप है कि पहले वह स्थानीय डाक्टरों से उपचार करायी जब लाभ नहीं हुआ तो लोगों के कहने पर एक झाड फूंक तंत्र मंत्र को पहले पचास हजार देकर उपचार कराती रही। महिला का आरोप है कि कथित ढोंगी तांत्रिक ने कहा कि तुम्हारे पास जो दस बिस्वा जमीन है वह पति के बीमारी में बाधा बन रही है। विमला देवी ने बेसकीमती दस बिस्वा जमीन को छह लाख बीस हज रूपया में बेच दी। विमला देवी का आरोप है कि जमीन बेची गई रकम को तांत्रिक ने घर के कमरे में कपड़े में बंधवा कर गडवा दिया।विभला देवी का आरोप है कि बाद में देखा तो सारा रूपया नदारद था।विमला देवी का कहना है कि 2022 में उनके पति विजय प्रकाश का देहशांत हो गया। विमला देवी ने जब कथित तांत्रिक से पैसा मांगा तो वह इंकार कर दिया।

## समेकित शिक्षा के योजना के तहत दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को द्वितीय पैरेंट्स काउंसलिंग



**उतरांव।** ब्लॉक संसाधन केंद्र सैदाबाद प्रयागराज में दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की शासन की मंशा के अनुसार दिव्यांग बच्चों में नये जोस के साथ शिक्षा की प्रति रुझान पैदा करने एवं उनमें जागरूकता लाने को लेकर चलाई जा रही योजना को मूर्त रूप से देने के लिए ब्लॉक संसाधन केंद्र सैदाबाद में समेकित शिक्षा के योजना के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों की अभिभावकों को की द्वितीय पैरेंट्स काउंसलिंग 7 अक्तूबर 2024 को संपन्न हुई। पैरेंट्स काउंसलिंग में अभिभावकों से अपील की गई की सामान्य बच्चों की तरह दिव्यांग बच्चों को भी नियमित रूप से विद्यालय भेजा जाय जिससे दिव्यांग बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ा जा सके काउंसलिंग बैठक में 55 अभिभावक अभिभावकों ने प्रतिभाग किया जहां पर उन्हें स्टेशनरी व स्वल्पाहार दिया गया पैरेंट्स काउंसलिंग बैठक की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी सैदाबाद श्री अखिलेश यादव द्वारा किया गया उनके द्वारा अभिभावकों को प्रेरित किया गया की समुचित शिक्षा के प्रति परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत दिव्यांग छात्र-छात्राओं को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु अभिभावकों को शिक्षा के प्रति संवेदनशील होने की आवश्यकता की बात कही गई कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए स्पेशल एजुकेटर चंद्रकला यादव द्वारा दिव्यांगता की पहचान कारण बचाव के साथ योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर कार्यालय सहायक अखिलेश मिश्रा, मनीष शुक्ला, फूलचंद, देशराज, फजल, दिनेश ,दिलीप, मिथिलेश, रंजीत, आशीष, अनिकेत आदि के द्वारा संपन्न कराया।

## चौरा माता मंदिर मझियारी, बरियांवा में देवी जागरण का आयोजन



**जंघई।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शारदीय नवरात्रि में ग्राम देवी चौरा माता मंदिर मझियारी, बरियांवा गांव में भक्तों द्वारा सुबह शाम पूजन-अर्चन आरती भजन कीर्तन किया जा रहा है। पूरा क्षेत्र भक्तिभाव में सराबोर है मां की पूजा अर्चना में सभी भक्त लीन हैं, भक्ति गीत भजन कीर्तन में सभी ग्रामवासी मौजूद रहते हैं रविवार रात्रि में कलाकारों द्वारा देवी जागरण गीत संगीत प्रस्तुत किया गया। सुबह शाम मां के दर्शन पूजन अर्चन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। इस अवसर पर नवयुवक ग्राम देवी चौरा मझियारी बरियांवा समिति के अध्यक्ष राजीव कुमार दुबे उर्फ मटरू प्रधान, राकेश पाठक संरक्षक, जितेंद्र दुबे कोषाध्यक्ष, कमलापति त्रिपाठी, विवेक पांडेय संजय दुबे, पंकज दुबे, अभी मिश्रा, चंद्रेश दुबे, विमल दुबे, विनय दुबे, ओम मिश्रा, चंद्रभूषण दुबे, वरुण दुबे सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

# अन्य रामलीला का केंद्र है सहसों का ऐतिहासिक आदर्श रामलीला- सांसद फूलपुर



**सहसों।** प्रभु श्री राम की मयार्दा एवं आदर्श पूर्ण लीला बच्चों के संस्कार की पूरी पाठशाला है। सहसों की प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक रामलीला की प्रेरणा से ही आसपास के कई गांव में रामलीला मंचन प्रारंभ हुआ। क्षेत्र के अन्य ग्राम सभाओं में खेली जा रही रामलीला का केंद्र है सहसों का ऐतिहासिक आदर्श रामलीला। उक्त विचार आदर्श रामलीला कमेटी के द्वारा ऐतिहासिक रामलीला मंचन से पूर्व रविवार को सांसद फूलपुर प्रवीण पटेल बतौर मुख्य अतिथि ने मुकुट पूजन एवं श्री रामचरितमानस भगवान की पूजन अर्चन के उपरांत व्यक्त किया। सांसद ने कहा स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रभु के लीलाओं का सजीव मंचन परिवार सहित देखकर उसको अपने जीवन में उतारें तथा समाज व राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने यहां के सभी पात्रों के अभिनय की प्रशंसा करते हुए कहा कि वर्षों पुरानी रामलीला का अभिनय आज भी लोगों के दिलों दिमाग में जीवंत है। मुकुट पूजन के इस अवसर पर आचार्य पंडित विमल कुमार शुक्ला के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार से प्रभु श्री राम, लक्ष्मण, मां जानकी, हनुमान जी सहित आदि देवों का मुकुट पूजन मुख्य अतिथि के हाथों विधि विधान पूर्वक पूजन हुआ उपरांत सांसद सहित अन्य अतिथि एवं कमेटी के लोगों द्वारा आरती उतारी गई तथा उपस्थित सभी लोगों ने प्रभु श्री राम का चरण वंदना किया। इस मौके पर स्थानीय कलाकारों द्वारा भजन संध्या का आयोजन भी किया गया। जिसका संचालन हास्य कवि धनंजय शाश्वत ने किया। मुकुट पूजन कार्यक्रम से पूर्व रामलीला मंच का पिता काटकर सांसद फूलपुर ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष अजय केसरवानी, प्रबंधक अनुराग सिंह अन्नू एवं कमेटी के अन्य पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में उपस्थित सांसद फूलपुर, जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल, नीरज सिंह, प्रेम कुमार उर्फ लल्ले सिंह, भाजपा नेता राकेश बहादुर सिंह को रामनामी एवं माल्यार्पण कर उनका स्वागत व अभिनंदन किया। इस मौके पर जिला संयोजक नमामि गंगे भाजपा गंगापार राजधर द्विवेदी, मंडल महामंत्री संजय सिंह, अशोक केसरवानी, जय कृष्ण सोनी, शिव नारायण सिंह गप्पू , शाश्वत अशोक तिवारी, शिव बाबू केसरवानी, मनोज त्रिपाठी, जयेश केसरवानी, राजेंद्र केसरवानी, पिंटू केसरवानी, विष्णु केसरवानी एवं राकेश केसरवानी सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### भक्ति भाव के साथ घरों एवं पंडालों में पूंजी गई मां जगदंबा



**सहसों।** शारदीय नवरात्रि के पांचवें दिन आदिशक्ति मां जगदंबा का स्कंद माता के रूप में हर घर एवं पूजा पंडालों में भक्तों द्वारा पूजा उपासना की गई। क्षेत्र के देवी मंदिरों में भक्तों की काफी भीड़ मौजूद रही एवं सुबह से ही घंटा एवं शंख ध्वनि सहित माता के जयकारा से क्षेत्र गुंजायमान रहा। क्षेत्र के सिंगरामऊ गांव में स्थापित दुर्गा मंदिर में पुजारी अरुण कुमार द्विवेदी द्वारा माता का स्कंद मां के रूप में भव्य श्रृंगार किया गया। माता का भव्य श्रृंगार देख उपस्थित भक्त नर नारी एवं ग्रामीण एक टक निहारते भाव विभोर हो उठे तथा माता की स्कंद रूप का पूजन अर्चन कर भव्य आरती उतारी गई और माता रानी का जय जयकार किया गया। पूजा पंडालों में मां दुर्गा के प्रतिमाओं के सामने भक्त महिला पुरुष सुबह से शाम तक जय माता दी की गूंज और भजन कीर्तन में श्रद्धा के साथ जुटे हुए हैं। भक्तों द्वारा घरों में भी आचार्य विद्वान से वैदिक मंत्रों द्वारा माता रानी का पूजन अर्चन जप तप एवं महा आरती निरंतर चल रहा है। इसी तरह सहसों के चौरा माता, इनायतपुर के पूजा पंडाल, चंदरपुर उर्फ बसमहुआ के पूजा पंडाल में, रामनाथ पट्टी स्थित माता आदि शक्ति धाम, चकिया घरहरा स्थित प्राचीन मसुरियन माता मंदिर सहित आदि मंदिरों एवं पूजा पंडालों में पुजारी तथा भक्त नर नारियों एवं बालक वृद्ध द्वारा भजन कीर्तन के साथ जगराता करते हुए माता रानी का विविध प्रकार पूजन अर्चन आरती कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।

### मानस रामलीला समिति में कैकेयी का वर मांगना, राम वनगमन का मंचन हुआ



**नैनी।** नैनी सोमवार को मानस रामलीला समिति के तत्वाधान अभिमन्यु शाखा मैदान में आदर्श रामलीला कला मन्दिर के कुशल कलाकारों द्वारा मंथरा कैकेयी प्रकरण, कैकेयी का वर मांगना, श्री राम वन गमन तक मंचन किया गया। एक समय सब सहित समाजा, राज सभा रघुराज निराजा। साँझ समय सानंद नृप गयऊ कैकेयी गेह बहु विधि चेरिहि आदरू देई, कोप भवन गवनि कैकेयी। मंच से भव्य प्रदर्शन किया गया। भगवान श्री राम जी की आरती मुख्य अतिथि विधायक पीयूष रंजन निषाद ने किया। रामलीला मैदान में उपस्थित राम भक्तों ने मंचन कार्यक्रम के दौरान बारबार कलाकारों का ताली बजाकर उत्साह वर्धन भी किया गया। मंचन कार्यक्रम में टीना माँ, संरक्षकगण समर बहादुर सिंह, सुभाष केशरवानी, राकेश श्रीवास्तव, पीर मोहम्मद् अजहर, शिव शंकर दीक्षित, संयोजक वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव, अध्यक्ष धीरेंद्र यादव धीरू, महामंत्री नयन कुमार कुशवाहा, राजकुमार कुशवाहा, उपाध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा, राज सिंह, कार्यवाहक अध्यक्ष संजय जयसवाल, कोषा अध्यक्ष प्रदीप तिवारी, मीडिया प्रभारी संजय श्रीवास्तव आदि लोग शामिल रहें।

### एसडीएम ने मूर्ति विसर्जन स्थलों का लिया जायजा



**कोरांव।** नवरात्रि पर्व के दृष्टिगत मूर्ति विसर्जन और उस दौरान आने वाली समस्या तथा कानून और शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पूरे इलाके का उप जिला अधिकारी कोरांव ने भ्रमण किया। श्रीमती आकांछ सिंह उप जिलाधिकारी ने इंस्पेक्टर नितिन कुमार शुक्ल बीडीओ मनोज कुमार सिंह के साथ,महुली,संसारपुर, नेवदियापाल,बड़ोखर, भोगन सहित कई विसर्जन स्थानों का निरीक्षण किया। साथ ही शांति व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने का संबंधित जिम्मेदारों की निर्देशित किया।

### अहिल्या उद्धार, मीना बाजार व फुलवारी की लीला का मंचन



**कौंधियारा।** जारी के गड़ैया कला राम लीला मैदान पर आयोजित रामलीला के चौथे दिन को प्रभु श्रीराम ने माता अहिल्या का उद्धार किया। जब प्रभु श्री राम ताड़का, सुबाहू का वध करके आगे बढ़े तो मार्ग में उन्हें शापित अहिल्या शिला के रूप में पत्थर दिखी। ऋषि विश्वामित्र द्वारा बताने के बाद श्रीराम ने अपने पैरों के स्पर्श से देवी अहिल्या का उद्धार किया। सके बाद ऋषि विश्वामित्र मिथला नरेश राजा जनक के निमंत्रण पर श्रीराम लक्ष्मण के साथ जनकपुरी पहुंचे। भगवान राम व लक्ष्मण की छवि देखकर मिथला के लोग मोहित हो जाते हैं। वे आपस में बाते करते हैं कि ऐसे मनोहारी राजकुमार किस देश से आए हैं। प्रभु श्रीराम जब नगर के दर्शन को निकलते हैं तो लोग उन्हें घेर लेते हैं। रविवार ग्राउंड के बाहर मीना बाजार सजाया गया। इस अवसर पर बर्तन, कपड़े, फल सहित विभिन्न प्रकार की दुकानें लगाई गई थीं। मुनि विश्वामित्र को पूजा के लिए ताजे फूलों की आवश्यकता थी। तब वे श्रीराम को फूल लाने की आज्ञा देते हैं। जब प्रभु श्रीराम पुष्प वाटिका में जाते हैं तो वहां उनकी मुलाकात माता सीता से होती है। तब माता सीता मन ही मन प्रार्थना करती हैं कि मुझे श्रीराम के रूप में पति प्राप्त हों। इस अवसर पर आर्यन केशरवानी, अनमोल अग्रहरी, प्रांशु केशरवानी, अनुपम, केशरवानी ,अजय केशरवानी, सुधांशु जायसवाल, अतुल केशरवानी,रवि केशरवानी, दिलीप केशरवानी,सुभम केशरवानी, नीलेश केशरवानी,आशीष जायसवाल, रोहित जायसवाल,निखिल केशरवानी, ऋषभ केशरवानी, उपस्थित रहे

### सिंधौरा विद्यालय में गुरुजनों ने किया कन्या पूजन



**जंघई।** शारदीय नवरात्रि में जहाँ चारों ओर बड़े बड़े पांडालो एवं मंदिरों में माँ दुर्गा की पूजा से वातावरण भक्तिमय है वहीं इस भक्ति यज्ञ में अपनी आहुति संविलियन विद्यालय सिंधौरा प्रतापपुर ने किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवसागर मौर्य एवं सहायक अध्यापक रविराज तिवारी ने विद्यालय के समस्त स्टाफ सहित विद्यालय में पढ़ने वाली बालिकाओं का दुर्गा रूप में वैदिक मंत्रोच्चार से चंदन पुष्पादि के द्वारा पूजन अर्चन करके मिष्ठान फल आदि का भोग लगाकर भोजन कराया तथा दक्षिणा प्रदान किया।इस अवसर पर विहिप गंगापार प्रयागराज के वेद एवं संस्कृत जिला प्रमुख एवं श्रीबज्रांग आश्रम गुरुकुल के संचालक आचार्य धीरज द्विवेदी याज्ञिक, सह सत्संग प्रमुख प्रखण्ड प्रतापपुर विजय शंकर मिश्र तथा विद्यालय के समस्त स्टाफ संतोष कुमार गुप्ता, रविशंकर मिश्र, प्रेमचंद्र भारतीया, अनुराग गुप्ता, राजेश कुमार यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# डेढ़ सौ परिवार ने किया 1765 कन्याओं का पूजन

**अखंड भारत संदेश**

## माधव ज्ञान केन्द्र में किया गया विशाल कन्या पूजन

**नैनी।** नैनी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, काशी प्रान्त, प्रयाग विभाग एवं प्रयाग नैनी भाग के सेवा विभाग और सेवा भारती के संयुक्त तत्वावधान में विशाल कन्या पूजन सोमवार को माधव ज्ञान केन्द्र में किया गया। इसमें नैनी भाग के 5 ग्रामीण नगर व 5 शहरी नगर से जुड़े सभी सेवा बस्तियों के परिवार से सम्पर्क कर, 10 वर्ष से कम आयु की कन्याओं को पूजन के लिए आमंत्रित किया गया। सभी को पूजन स्थल तक लाने के लिए बस की व्यवस्था की गई थी। विद्या भारती विचारधारा के कुछ अन्य विद्यालय की कन्याओं को भी आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर 1765 कन्याओं का पूजन 100 से 150 परिवार द्वारा किया गया। कन्याओं का पैर धोकर, लालता लगाकर, उनको चन्दन-टीका व पुष्प वर्षा कर सभी परिवारों ने श्रद्धा पूर्वक उनकी पूजा अर्चना की। तत्पश्चात माँ अम्बे की महाआरती कर कन्याओं को भोजन कराया गया। उन्हें पुनः उनके घर तक






पहुँचाने की व्यवस्था की गई । सनातन धर्म में नवरात्रि पर्व में कन्या पूजन का विशेष महत्व है। शक्ति स्वरूपा माँ जगदम्बे की आरती कर कन्या पूजन की परम्परा रही है। इस प्रकार के विशेष आयोजन से समाज के सेवा बस्तियों में चल रहे, धर्मांन्तरण पर रोक लगेगी। हमारा एक विशेष समाज, जब मुख्य धारा से कटकर अपना जीवन यापन कर रहा होता है तो वहाँ पर धर्मांन्तरण आसानी से होता है। इस कन्या पूजन में सभी कन्याओं को दक्षिणा कॉपी पेन बाल गीता भी दी जायेगी यह बाल गीता स्वामी अड़गड़ानन्द द्वारा लिखा गया है जिसके माध्यम से पूजन विधि, किसकी पूजा करनी चाहिए, हमारा लक्ष्य क्या है। हम लक्ष्य को कैसे प्राप्त करें ऐसे कई प्रकार के माध्यम से संस्कार पूर्ण समाज का निर्माण हो सके यह सब इस बाल गीता में बताया गया है। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष 108 रामरतनदास जी महाराज (फलाहारी बाबा अरैल, नैनी, प्रयागराज) मुख्य अतिथि युद्धवीर (क्षेत्र सेवा प्रमुख पूर्वी उत्तर प्रदेश) व विशिष्ट अतिथि प्रयाग विभाग के सेवा प्रमुख वीर कृष्ण, प्रयाग विभाग सह सेवा प्रमुख बिन्ध्यांचल, नैनी भाग के सेवा प्रमुख वेदप्रकाश, नैनी भाग के सह सेवा प्रमुख सुकृत, सेवा भारती के नैनी भाग अध्यक्ष धर्मेंद्र उपाध्यक्ष नागेन्द्र कोषाध्यक्ष राजेश, राजेश सिंह मीडिया प्रमुख, मातृ मण्डल प्रमुख चन्द्र मोहिनी, वैभव श्री कामना, निर्मला, अनूज गोस्वामी, श्रवण, ओमकार नाथ, दूधनाथ सिंह, दयाशंकर, आशीष सिंह, राजकुमार जी, रवीन्द्र जी, भानू जी, प्रशान्त जी, इन्दू प्रकाश, मुन्ना जी, बृजेश, देवदत्त, आकाश, राजकमल, राजकरन आदि लोगों ने सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## सांड़ ने राहगीर को मारी टक्कर सिर में चोट लगने से मौत

**प्रयागराज।** यमुनानगर के घूरपुर थाना क्षेत्र के चंपतपुर गांव में सोमवार को एक दिल दहला देने वाली घटना ने गांव में सनसनी फैला दी। सड़क किनारे एक वृद्ध राजगीर काशी प्रसाद बिंद (62) का शव पाया गया, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।जानकारी के अनुसार, काशी प्रसाद खेती-किसानी के साथ राजगीरी का भी काम करते थे। ग्रामीणों के मुताबिक, वह आज पास के गांव बगबना काम से गए थे। लौटते समय एक आवारा सांड ने उन पर हमला कर दिया, जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गए और सड़क किनारे बेहोश पड़े मिले। जब कुछ स्थानीय लोग वहां पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि काशी प्रसाद की स्थिति बहुत गंभीर है। हालांकि, अस्पताल ले जाने से पहले ही किसी ने जांच कर बताया कि उनकी मौत हो चुकी है। घटना की सूचना मिलने पर घूरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि गांववालों ने बताया है कि सांड के हमले के कारण ही राजगीर की मौत हुई है। अब पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके। परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है, और गांव में भी इस घटना को लेकर चर्चा का माहौल है। ग्रामीणों की मानें तो यह घटना सुरक्षा के प्रति गंभीर सवाल उठाती है, खासकर आवारा पशुओं के चलते।

## न्यूज झरोखा

### इलाहाबाद हाईकोर्ट 8 दिन के लिए बंद

#### न्यायिक काम नहीं होंगे, नवरात्रि-दशहरा पर छुट्टी, 15 अक्टूबर से होगी केसों की सुनवाई



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में दशहरा की छुट् ?टी हो गई है। इसके चलते 8 दिनों तक हाईकोर्ट में कोई न्यायिक कार्य नहीं होगा। जिन फ्रेश दाखिल केसों की सुनवाई कोर्ट में नहीं हो सकी थी, उन केसों की सुनवाई अब 15 अक्टूबर से होगी। 13 दिनों के लिए अक्टूबर में खुलेगा हाईकोर्ट : हाईकोर्ट में अवकाश के चलते किसी केस की सुनवाई नहीं होगी। इतनी लम्बी छुट्टी होने के कारण अधिकांश न्यायाधीश, अधिवक्ता एवं हाईकोर्ट का कर्मचारी स्टाफ भी छुट्टियां मनाने बाहर चले जाते हैं। दशहरा एवं उसके बाद दीपावली अवकाश होने के कारण हाईकोर्ट अक्टूबर माह में केवल 13 दिनों के लिए ही खुला है। कोर्ट का न्यायिक कार्य इस पूरे माह मात्र 13 दिन ही होना है।इस बीच अगर कोई ऐसी घटना घटित हो जाए जिसके चलते वादकारी कोर्ट खुलने तक प्रतीक्षा नहीं कर सकता तो उसे अपने अधिवक्ता के मार्फत घटित घटना अथवा उसके खिलाफ पारित किसी आदेश को हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को अर्जी देकर सूचित करना होता है। रजिस्ट्रार जनरल चीफ जस्टिस के संज्ञान में लाकर उनके निर्देशानुसार शहर में उपलब्ध न्यायाधीश की बेंच इस विशेष केस की सुनवाई के लिए गठित होती है।

### शरीर शुद्धि के लिए उपवास जरूरी, नवरात्र में उपवास की वैज्ञानिक विधि : डॉ रमेश चंद्रा



**नैनी।** नैनी ग्राम तिगनौता डांडी के दुर्गा पूजा पंडाल में लोगों को नवरात्र में उपवास की वैज्ञानिक महत्व को बताते हुए वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सक एवं पूजा आरोग्य केंद्र के निर्देश डॉ रमेश चंद्रा बताते हैं कि सभी कठिन रोगों की रोकथाम प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के रोग सिद्धांत के अनुसार रोगों का एकमात्र कारण आहार, विहार, विचार, व्यवहार एवं दमनात्मक औषधीय द्वारा रोगों को दबा देना है।परिणाम स्वरूप शरीर में मल विकार, रक्त विकार, नाड़ी विकार, ग्रंथी विकार एवं नाना प्रकार के मन विकार हो जाते हैं। हमारे सनातन ऋषियों के गहरे चिंतन के पश्चात अनुभव किया है की ऋतु परिवर्तन काल जिसे हम विसर्गकाल एवं आदान काल जिसमें दो नवरात्रियां आती हैं एक गर्मी की शुरुआत में और दूसरा सर्दियों की शुरुआत मे और इसी समय बदलते हुए मौसम में बीमारियों का जन्म भी होता है। इसलिए भारतीय ऋषियों ने इसे धार्मिक पर्व के रूप में परिभाषित करके नागरिकों को इस नवरात्रि में 9 दिन का आहार उपवास एवं आध्यात्मिक उपासना की परंपरा खड़ी की, जो कालांतर में वैज्ञानिक सिद्धांतों के प्रचार के अभाव में, प्राय नवरात्र में पाचक, पोषक एवं निष्काशक अर्थात कब्ज तोड़क भोजन के स्थान पर तला हुआ, भुना हुआ एवं हानिकारक भोजन को कुपथ्य आहार उपवास में बदल लिया। जबकि आहार उपवास में उपर्युक्त पांच विकारों को दूर करने के लिए भोजन में अन्न और दूध की मिठाइयां बंद करके, प्रातः हरी सब्जियों का सूप, दोपहर में मौसम के स्थानीय फलों की सलाद, तीसरे पहर में फलों का जूस या नींबू शहद, पानी, शहद के स्थान पर गुड का भी प्रयोग कर सकते हैं। तथा रात्रि में कंद अर्थात आलू, शकरकंद और साथ में लौकी, तोरई कद्दू, भिंडी आदि शाक सब्जी उबाल कर ले, और स्वाद के लिए सेंधा नमक थोड़ा मक्खन मिलाकर ले सकते हैं। मधुमेह के रोगी अपने चिकित्सीय परामर्श के अनुसार आहार लें। इस अवसर पर पंडाल में ग्रामीण अंचल के बुजुर्ग युवा महिलाएं बच्चे आदि भारी संख्या में उपस्थित थे लोगों ने इस जानकारी के लिए बहुत ही सराहना की। हमें अपने परिवेश में बदलाव लाना चाहिए।

### कहेउ कृपाल लेहि उतराई, केवट चरण गहे अकुलाई

**श्री अवंतिका रामलीला में केवट राम संवाद का मंचन किया गया**



**नैनी।** नैनी श्री अवंतिका रामलीला में केवट राम संवाद एवं मुनि सुतीक्ष्ण राम मिलन की लीला का अत्यंत हृदय स्पर्शी मंचन हुआ। केवट भगवान राम के चरण पखार कर, सपरिवार चरणामृत ग्रहण कर अपने समस्त परिवार का एवं पितरों का उद्धार करने के पश्चात भगवान राम, भैया लक्ष्मण एवं माता सीता को नाव में लेकर चल देता है। नाव खेते खेते वह गाता है मेरी नैया में लक्ष्मण राम ओ गंगा मैया धीरे बहो। गंगा पार उतरने के पश्चात जब भगवान राम केवट को उतराई देने लगते हैं तो केवट व्याकुल हो कर श्री राम के चरणों से लिपट जाता है और कहता है, भगवन् आपने हमें सब कुछ दे दिया। मेरे सारे दोष, दुःख, दारिद्र, हृदय की जलन, सब हर लिए। अब बस हमें भवसागर पार करने की जिम्मेदारी बची है। आप उतराई दे कर इस जिम्मेदारी से मुक्त होना चाहते हैं। केवट के प्रगाढ़ प्रेम के वशीभूत होकर राम केवट को विमल भक्ति का वरदान देकर विदा करते हैं। अगले दृश्य में राम तपस्यारत मुनि सुतीक्ष्ण? को दर्शन देकर उनकी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। रामलीला में प्रमुख रूप से बी बी दुबे, अवधेश पांडेय, आर के शुक्ला, राजेंद्र शुक्ला, यजुर्वेद जन्मेजय, गोविंद दुबे, अंबरीश दुबे, एन बी सिंह, राजेश मिश्र, अनंत झा आदि उपस्थित रहे।

### सार्वजनिक रामलीला में प्रभु श्री राम जी की मित्रता का मंचन हुआ



**नैनी।** नैनी सार्वजनिक रामलीला ट्रस्ट स्वदेशी काटन मिल में चल रहा रामलीला का मंचन किया गया। जिसमें प्रभु श्री राम जी को वनवास के दौरान माता सीता और लक्ष्मण को अपने नाव पर बैठ कर गंगा पार कारए निषाद राज केवट और प्रभु श्री राम जी की मित्रता को देख उपस्थित लोगों में आंखों में पानी भर गया। तथा महाराज दशरथ की मृत्यु हो जाती है। मुख्य अतिथि प्रयागराज के सांसद उज्जवल रमन सिंह एवं जमुनापार के विद्यालयों के प्रबंधक व कौशल्यानंद गिरी टीना मां उपस्थिति रही रामलीला समिति के अध्यक्ष व पार्षद राकेश जायसवाल, डायरेक्टर प्रिया मिश्रा, जूही जायसवाल, शालू चड्ढा, रुचि तिवारी, आकांक्षा जायसवाल, प्रमोद सिंह, योगेश सिंह, अजय यादव, दिलीप जायसवाल, आलोक सिंह, धनंजय सिंह, बृजेश सिंह, सुरेश पटेल, संदीप द्विवेदी, ऋषि कुमार पाण्डेय, आनंद शर्मा, रवीन्द्र त्रिपाठी, राजीव वर्मा, जय कृष्ण तिवारीशिव तिवारी, रजत दूबे, विनोद यादव, मोनू शर्मा, समर सिंह राजा सिंह, रितेश शुक्ला, सचिन वैश्य, दिनेश केसरवानी, पिंटू जैन, धर्मराज पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

### सड़क पर उड़ रहे धूल से कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा



**नैनी।** नैनी क्षेत्र के मिजार्पुर रोड पर सड़क चौड़ीकरण के दौरान बन रहे डिवाइडर की वजह से टी एस एल के समीप सड़क पर उड़ रहे धूल से एक्सीडेंट होने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। अधिकारियों के लापरवाही से लोगों के लिए यह नई मुसीबत बन चुकी है। डिवाइडर बनने के दौरान निकाली गई मिट्टी यदि गाड़ी लगवाकर हटा दी जाती तो शायद यह समस्या लोगों के बीच न आती। लेकिन सुस्त कार्य की वजह से इस तरह की तमाम लापरवाहियां देखी जा सकती हैं। जिससे कि राहगीरों को तमाम तरह की मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है।

# रेलवे लाइन के किनारे मिला इलेक्ट्रिशियन का शव

**अखंड भारत संदेश**

## परिजनों ने जताई हत्या की आशंका



**झूंसी।** वाराणसी प्रयागराज रेल लाइन के किनारे कटका ओवर ब्रिज के नीचे सोमवार की सुबह एक अज्ञात युवक का खून से लतपथ शव मिलने से हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों से युवक की पहचान कराई। जिसके बाद शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। वही परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस से लिखित शिकायत की। छतनाग वार्ड 45 नैका गांव निवासी सूरज वर्मा 22 पुत्र श्रीपति वर्मा इलेक्ट्रीशियन था और अपने चचेरे भाई की दुकान पर ही काम करता था रविवार को रात 9:30 बजे तक दुकान पर मौजूद था जिसके बाद घर के लिए निकला पर घर नही पहुच सोमवार की सुबह झूंसी रेलवे स्टेशन के निकट कटका ओवर ब्रिज के नीचे उसका शव मिला। चहरे व पैर में गंभीर चोट के निशान थे। शव आउटर सिग्नल के अंदर होने की वजह से मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस जहा सूरज की मौत को हादशा बात रही है वही सूरज के पिता ने झूंसी पुलिस से हत्या की आशंका जताते हुए लिखित शिकायत की। सूरज की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। सूरज पांच भाइयो में सब से छोटा था। दो भाइयों की बीमारी से पहले ही मौत हो चुकी है अब सूरज की मौत से माँ दुलारी बेसुध हो गई है।

## संदिग्ध हालात में ट्रेन से कट कर अज्ञात महिला की मौत

**मऊआइमा।** संदिग्ध हालत में ट्रेन से कटकर महिला की मौत हो गई। जिसकी शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मऊदोस्तपुर से गुजरी रेलवे ट्रैक पर सोमवार को दोपहर में आर पी एल पैसेंजर ट्रेन के गुजरने के बाद एक महिला का शव ट्रैक के निकट देखा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मऊआइमा पुलिस का कहना है कि महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है। अज्ञात महिला के सिर में केवल चोटें हैं।ऐसा प्रतीक होता है कि जैसे महिला ट्रेन से गिर गयी हो। अज्ञात महिला की उम्र लगभग पचास वर्ष सांवला रंग नाटी कद काठी ग्रीन रंग की साडी पहने हुए थी। पुलिस का अनुमान है कि वह यदि महिला के साथ ट्रेन में कोई होता तो ट्रेन मऊआइमा स्टेशन पर रूकती है।पता लग जाता। फिलहाल पुलिस ने आस पास थानों को सूचना दे दी है।

# नई झूंसी के गोला में राम चौकी पर फेंका पत्थर, मचा रहा हड़कम्प

**अखंड भारत संदेश**



**झूंसी।** नई झूंसी के गोला में राम चौकी पर पत्थर फेंके जाने से हड़कंप मच गया। लोग राम चौकी लेकर नई झूंसी चौकी पर पहुच कार्यवाही की मांग करते हुए पीडीए पर भी भेद भाव का आरोप लगाया। पुलिस के आश्वासन के बाद लोग राम चौकी लेकर रामलीला मैदान करते हैं जिसके बाद राम वन गवन की लीला संपन्न हुई।

आदर्श रामलीला कमेटी झूंसी द्वारा विगल 50 वर्षो से रामलीला का मंचन किया जा रहा है। प्रभु दत्त ब्रह्मचारी मार्ग पर स्थित राम मंदिर से राम चौकी गोला बाजार होते राम लीला मैदान तक जाती जहा राम लीला का मंचन होता है। सोमवार को राम रथ के साथ सभी कलाकार सज धज कर निकले थे। गोल बाजार स्थित नगर निगम की मार्केट के बगल से रामरथ पुरानी जीटी रोड पर पहुंचने वाला था तभी किसी ने राम रथ पर पत्थर फेंका जो राम को जाकर लगा जिसकी वजह से थोड़ी देर के लिए मौके पर ऑफर तफरी मच गई। सूचना पर एसओ भी फोर्स के साथ पहुच गए। कमेटी के लोग राम दल के साथ झूंसी चौकी पहुचे और कार्यवाही की मांग करने करते हुए बताया कि शुक्रवार को भी राम दल पर पत्थर फेक कर माहौल खराब करने की कोशिश की गई थी। पुलिस के आश्वासन के बाद लोग माने और अज्ञात के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। प्रखर टोनू का कहना था कि पीडीए लाइट व्यवस्था में सौतेला व्यवहार कर रहा है। पीडीए की ओर से रास्ते मे लगाई गई लाईटे नही जल रही थी जिसकी वजह से राम दल अंधेरे में निकलना पड़ रहा उजाला रहता तो यह घटना न होती। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 35वें क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का श्रीगणेश

**अखंड भारत संदेश**

## विद्या भारती की ओर से चल रहा आयोजन, खेल एवं युवा मंत्री ने प्रतिभागियों का बढ़ाया हौसला



**प्रयागराज।** विद्या भारती (पूर्वी यूपी) की ओर से 35वें खेल कूद प्रतियोगिता का उद्घाटन सोमवार को मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में हुआ। यहां 49 जनपदों के करीब 660 प्रतिभागी हिस्सा लेने के लिए पहुंचे। यहां मुख्य अतिथि के रूप में खेल एवं युवा कल्याण विभाग गिरीश चंद्र यादव रहे। उन्होंने कहा कि विद्या भारती के द्वारा न केवल संस्कारवान विशिष्ट शिक्षा दी जाती है बल्कि छात्र छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए खेल जगत में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर में उनके द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन के माध्यम से प्रदेश एवं देश का नाम रोशन हो रहा है। विशिष्ट अतिथि विद्या भारती के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिब्यकांत शुक्ल ने कहा कि आज विद्या भारती के पढ़े हुए छात्र-छात्राएं देश में ही नहीं बल्कि विश्व के श्रेष्टतम पदों में पदासीन होकर अपने दायित्वों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन कर रहे हैं। अध्यक्षता कर रहे सांसद प्रवीण कुमार पटेल ने छात्र-छात्राओं का हौसला बढ़ाया।

**आठ तरह की आयोजित हुई प्रतियोगिताएं :** कार्यक्रम में ज्वाला देवी सिविल लाइन के छात्र-छात्राओं द्वारा दिव्य एवं भव्य सांस्कृतिक झांकी प्रस्तुत की गई। संचालन ज्वाला देवी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सिविल लाइंस कि छात्राएं आयुषी सिंह, श्रेया पाण्डेय, विशाखा द्विवेदी, मिनाक्षी मिश्रा एवं अंशिका पांडेय द्वारा किया गया। हस्तरचित भगवान राम के चित्र को विद्यालय के प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर सिंह परिहार ने अतिथियों का स्वागत किया। सम्पूर्ण स्टेडियम दर्शकों से भरा हुआ था जो कि प्रतिभागियों का ताली बजाकर उत्साह वर्धन कर रहे थे इस दौरान क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री राम मनोहर, कंचन सिंह, चिंतामणि सिंह, विजय उपाध्याय, गोपाल तिवारी, बांके बिहारी पांडेय, युगल किशोर मिश्र, अजय मिश्रा, इन्द्रजीत त्रिपाठी, दिनेश दुबे आदि रहे। खेल की दृष्टि से आज दौड़ की कुल आठ विधाएं सम्पन्न हुई।

# खेत से बरामद चप्पलों पर पेंट के छींटे, हत्यारे पकड़ से दूर



**प्रयागराज।** सोरांव के एक गांव में दुगार्पूजा देखने निकली आठ वर्षीय बालिका के हत्यारों का तीसरे दिन भी सुराग नहीं मिला। घटनास्थल से जो दो जोड़ी चप्पलें बरामद हुई हैं उनमें से दो पर पेंट के छींटे मिले हैं। पुलिस इसके आधार पर भी घटना में शामिल दरिंदों का पता लगाने में जुटी है।पता लगाया जा रहा है कि क्या कोई ऐसा व्यक्ति गायब है जो पेंटर है। इस बात की भी सुरागरशी की जा रही है कि क्या हाल ही में गांव के किसी घर में पेंटिंग का काम कराया गया है। दरअसल, घटना के तीन दिन बाद भी सही मायनों में पुलिस एक कदम भी आगे नहीं बढ़ सकी है।जबकि अफसरों की ओर से इस मामले के खुलासे के लिए एसओजी को भी लगाया गया है। मामले में जो पांच लोग उठाए गए थे, उनमें से दो को छोड़ दिया गया है। जबकि तीन अन्य से अभी पूछताछ जारी है। उधर, सुरागरशी में जुटीं पुलिस टीमें दर्जनों लोगों से बातचीत कर चुकी हैं। गांव के उन लोगों की भी सूची खंगाली जा रही है जो आपराधिक व नशेड़ी प्रवृत्ति के हैं। महिला अपराध की जघन्य वारदातों में शामिल थाना क्षेत्र व आसपास के क्षेत्र के अपराधियों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। एसीपी सोरांव जंग बहादुर यादव का कहना है कि अलग-अलग टीमें जांच पड़ताल में लगी हैं। फिलहाल आरोपियों का पता नहीं लग सका है। दुर्गा पूजा पंडाल में मौजूद रहे लोगों से भी पूछताछ : पुलिस ऐसे लोगों का भी पता लगा रही है जो घटना वाली शाम यानी बृहस्पतिवार को दुर्गा पूजा पंडाल में मौजूद थे। दरअसल, बच्ची के घर से करीब 200 मीटर दूरी पर दुर्गा पूजा पंडाल सजाया गया है। इंजेक्शन मेडिकल स्टोर पर रखने के लिए जाने के दौरान बच्ची ने अपनी मां से कहा था कि वह दुर्गा पूजा देखते हुए घर लौटेगी। संभावना है कि इस दौरान ग्रामीणों ने बच्ची को किसी के साथ आते-जाते देखा हो।

**परिवारवालों से मिले बसपाई, न्याय का दिलाया भरोसा :** कलंदरपुर। उधर रविवार को बसपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष पंकज गौतम की अगुवाई में पीड़ित परिवार से मिले और न्याय का भरोसा दिलाया। पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की। परिजनों को सरकार से 50 लाख रुपये की मदद और अन्य सुविधा देने की मांग की। इस मौके पर मुख्य मंडल प्रभारी प्रयागराज मंडल राजू गौतम, मंडल प्रभारी प्रयागराज मंडल जगन्नाथ पाल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# बीकॉम के छात्र सै रैगिंग, भाई कॉलेज लेने गया तो अपरहण कर पीटा, 15 से अधिक छात्रों पर केस

**प्रयागराज।** एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक कॉलेज में बीकॉम के छात्र से रैगिंग के बाद अपहरण और मारपीट करने पर 15 से अधिक छात्रों पर कुल सात धाराओं में केस दर्ज किया है। बीते तीन अक्तूबर को उक्त आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया था।खुल्दाबाद निवासी गौरव कॉलेज में बीकॉम का छात्र है। आरोप है कि सीनियर साहिल, अभिषेक तिवारी, कृष समेत 10 से 15 छात्र एक ग्रुप बनाकर आए दिन जूनियर छात्रों के साथ रैगिंग करते हैं। इसकी सूचना कॉलेज मैनेजमेंट को भी दी गई थी। लेकिन, प्रबंधन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। बीते तीन अक्तूबर दोपहर करीब एक बजे गौरव अपने क्लास में था।आरोप है कि साहिल के कहने पर उक्त छात्रों ने गौरव को बाहर बुलाकर जातिसूचक शब्द कहा और गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। कहाकि अगली बार कॉलेज प्रबंधन से शिकायत किया तो पढ़ने नहीं दिया जाएगा। विरोध करने पर अभिषेक ने कहा कि वह दरोगा का बेटा है और मां वकील है। कॉलेज में उसका सिक्का चलता है।

एफआईआर के मुताबिक, इस बात की सूचना गौरव ने अपने बड़े भाई अभिषेक को देकर कहाकि वह छुट्टी के बाद कॉलेज लेने आ जाए, ये लोग कुछ गलत कर सकते हैं। कॉलेज छुट्टी के बाद अभिषेक, अनुज, अमित और वरूण शाम करीब चार बजे गौरव को लेने पहुंचे तो गेट पर उक्त आरोपी लाठी-डंडा और हॉकी से हमला कर दिया। जान बचाकर सभी ने भागना शुरू किया तो उक्त लोगों ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटना शुरू कर दिया। बाकी लोग कॉलेज परिसर में घुसकर अपनी जान बचाई। इस बीच अनुज को आरोपियों ने अपने काले रंग की स्कापियों में जबरन अंदर घसीट लिया और उसके साथ मारपीट कर रावतपुर चौराहे पर अधमरा कर फेंक दिया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। वहीं, घायल अनुज को पुलिस की मदद से अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। एयरपोर्ट थाना प्रभारी अरुण सिंह ने बताया कि 15 से अधिक लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

# एयर फोर्स कर्मी को थार सवार दबंगों ने बेरहमी से पीटा



**प्रयागराज।** शहर के सिविल लाइंस हॉट स्टफ चौराहे के पास रविवार रात उस दौरान हंगामा हो गया, जब आई-20 कार रोड किनारे खड़ी थार से टकरा गई। हादसे के बाद थार सवारों ने एक न सुनी। कार चालक एयरफोर्स कर्मी को उसकी पत्नी और दो मासूम बच्चों के सामने जमकर पीटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने थार को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है। जबकि, अन्य साथी भाग निकले। आई-20 कार सवार सनी एयरफोर्स में बतौर सार्जेंट के पद पर तैनात हैं। रविवार रात 8:45 बजे वह पत्नी और दो बच्चों के साथ सिविल लाइंस में शॉपिंग करने आए थे। इसी बीच हॉट स्टफ चौराहे के पास के पास खड़ी लखनऊ नंबर की थार में पीछे से कार टकरा गई। हादसे में कार का बोनट पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जबकि, थार में मामूली खरोचें आईं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे के बाद आई-20 चालक ने उतरकर माफी मांगी। लेकिन, थार सवारों ने एक न सुनी और सनी को जमकर पीटा। पत्नी हाथ जोड़कर गिड़गिड़ाने लगी... दोनों बच्चे जोर-जोर से रोने लगे। बावजूद इसके दबंग पीटते रहे। पुलिस पहुंची तो थार सवार दो से तीन युवक भाग खड़े हुए, जबकि चालक और थार को लेकर पुलिस सिविल लाइंस थाने लेकर आई। पुलिस पूछताछ में पीड़ित परिवार ने बताया कि वह महाराष्ट्र से आए हैं। बाहरी नंबर देखकर थार सवारों ने दबंगई शुरू कर दी। नुकसान की भरपाई देने की हामी भरने के बावजूद बच्चों के सामने पीटते रहे। पुलिस का कहना है कि पीड़ितों की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। वहीं, फरार थार सवारों की भी तलाश की जा रही है।घटना के बाद सैकड़ों की संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई।बेरहमी से आई-20 चालक सनी को बेरहमी से पिटता देख लोगों ने बीच-बचाव भी किया। लेकिन, थार सवार आरोपी किसी कीनहीं सुनी। प्रत्यक्षदर्शी पंकज ने बताया कि वह काम से वापस घर लौट रहा था।

## कॉटन मिल तिराहा पर मां दुर्गा मंदिर पंडाल में पूजा अर्चना हुआ

**नैनी।** नैनी कॉटन मिल तिराहा स्थित मां दुर्गा मंदिर पंडाल में मां स्कन्द माता का पूजा अर्चना पंडित चतुरानन उपाध्याय मुख्य पुजारी के द्वारा माता का पूजा अर्चना किया गया पंडित चतुरानन उपाध्याय ने कहा स्कन्द माता के पूजा अर्चना से भक्तों का सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है एवं सभी कष्ट का नाश होता है। स्कन्द माता का पूजा अर्चना प्रत्येक मनुष्य को विधि विधान के साथ करना चाहिए इस अवसर पर रजनीश उपाध्याय राकेश पप्पू ज्योति पूजा सीमा बबलू उपाध्याय जनार्दन शुक्ला सुशील वर्मा अनूप सिंह संजय श्रीवास्तव भक्तगण पूजा अर्चना के अवसर पर मौजूद थे पूजा अर्चना के बाद भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

## दवा लेने जा रही महिला से हुई छेड़छाड

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** दवा लेने के लिए बाजार जा रही महिला के साथ गांव के ही युवक ने सरेआम छेड़छाड़ व अश्लील हरकतें की। पीड़िता ने मामले की नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर गांव की एक महिला ने पुलिस को नामजद तहरीर देकर आरोप लगाया है कि वह अपने ससुर के लिए बाजार से दवा लेने के लिए जा रही थी इस दौरान वह गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास पहुंची थी कि उसके गांव का रहने वाला युवक उसे रोक लिया और छेड़छाड़ व अश्लील हरकतें करने लगा। आरोप है कि विरोध पर उसे इज्जत लूटने व जान से मार देने की धमकियां दी गई। इस दौरान छीना झपटी में महिला का सोने का आभूषण भी गायब हो गया। पीड़ित महिला ने मामले की नामजद तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# शहर में गाजे-बाजे के साथ निकली राम बारात

## बड़ी संख्या में शामिल हुई महिलाएं, देर रात हुआ राम-सीता का विवाह

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** श्री रामलीला समिति प्रतापगढ़ के तत्वाधान में आज राम बारात समिति के कार्यालय गोपाल मंदिर से दो बजे गाजे-बाजे के साथ हाथी, घोड़े, तीन दर्जनों रथो एवं बैंड बाजों के साथ रामलीला समिति ने प्रभु श्री रामचंद्र जी की बारात निकाली। शोभा यात्रा में देवी देवताओं संघ हजारों की संख्या में राम भक्त नाचते गाते चल रहे थे।

शुभारंभ के समय प्रभु समेत चारों भाइयों की आरती समिति के संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य, श्याम शंकर सिंह, अध्यक्ष संजय खंडेलवाल, संयोजक दिनेश सिंह दिन्नू, मंत्री विपिन गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता, रवि अग्रवाल आदि ने आरती कर बारात निकाली। बारात में देवतागढ़ पुष्प वर्षा कर प्रभु श्री राम जी की बारात में चल रहे थे। जगह-जगह राम भक्त महिलाएं आरती पूजन कर रही थी नगर वासीयो ने जगह-जगह बारातियों के लिए जलपान की व्यवस्था की थी। बारात गोपाल मंदिर से चलकर भरत चैक पहुंची। वहां पर चारों भाइयों संघ लक्ष्मी नारायण मंदिर जेल रोड पर प्रभु का पूजन आरती हुई। वापस भरत चैक पूरी बारात बाबागंज होते हुए पुराना माल गोदाम रोड स्टेशन और भगवा चुंगी होते हुए भरत चैक होते हुए चिलबिला हनुमान मंदिर महुली होते हुए देर रात भरत चैक प्रतापगढ़ पहुंचेगी। जहां पर हाइड्रोलिक मंच द्वारा प्रभु श्री राम व माता सीता जी का विवाह संपन्न कराया जाएगा। बारात में महिलाएं नृत्य करती हुई चल रही थी। महिलाओं द्वारा तुम उठो सिया सिंगर करो, श्री राम ने धनुष को तोड़ा है। श्री राम जी की निकली सवारी, रामजी की लीला है न्यारी आदि भक्ति गीतों पर भक्त झूमते हुए चल रहे थे। महिला टीम की अगुवाई अर्चना खंडेलवाल, सुधा अग्रवाल, रेखा उमरवैश्य, बीना केसरवानी,मेघा, शकुंतला,सुमन, रतिमा केसरवानी, इंदिरा, पूनम



राम बारात में शामिल रामलीला समिति के पदाधिकारी व महिलाएं।

गुप्ता, ज्योति, विनीता, श्वेता, लक्ष्मी, सुनीता, अर्चना गुप्ता, प्रीति, रोशनी, वंदना, स्मिता आदि सैकडो की संख्या में महिलाए बारात में शामिल रही। बारात की सुरक्षा के लिए सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह मुस्तैद थी। सीओ सिटी, कोतवाल नगर की अगुवाई में सैकड़ो की संख्या में पुलिस पूरी बारात की सुरक्षा में लगी थी। बारात में मुख्य रूप से राम बारात प्रभारी हनुमान जी महाराज थे। सहयोगी में राहुल सोनी, विपिन गुप्ता, संजय जैन, अजय मिश्रा, ज्ञानेंद्र मिश्रा, विनय केसरवानी, राकेश सिंह, केशव, राजेश कुमार, वेंकटेश अग्रवाल, महेश, अभिनव उपाध्याय, आकाश रावत, पंकज अग्रहरि, रोहित पांडे, मनीष गुप्ता आदि श्री राम बारात के सह प्रभारी थे। बारात में शामिल राम भक्तों में विधायक सदर राजेंद्र कुमार मौय, आलोक गर्ग, सौरभ पांडे, रमेश जी, सोमिल केसरवानी, संतोष गुप्ता, सुशील कसौधन, अर्पित खंडेलवाल, आशीष उमरवैश्य, मनोज खंडेलवाल, आशीष अग्रवाल, नमन केसरवानी, धर्मेंद्र चैरसिया, समित श्रीवास्तव, राजेश उमरवैश्य, रोहित पांडे, ज्ञानेंद्र मिश्रा, दीपेश जैन, तेजस गुप्ता, अंशु सोनी, अभिषेक कश्यप, राकेश, पुनीत, राहुल सोनी, अभिषेक, अभिनव, अमित, सुमित कुमार, आलोक गर्ग, परमानंद मिश्रा, विशाल विक्रम सिंह, प्रदीप केसरवानी, दीपेंद्र कुमार मिश्रा, आशीष जायसवाल,संतोष कुमार, रविंद्र कुमार बंटी,संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य, श्याम शंकर सिंह, अध्यक्ष संजय खंडेलवाल, मंत्री विपिन गुप्ता, संयोजक दिनेश सिंह दिन्नू ,कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता, सुरेश अग्रवाल, प्रहलाद खंडेलवाल, छेदीलाल, देवानंद, वेंकटेश अग्रवाल, धर्मेंद्र चौरसिया, राजू शर्मा, प्रदीप केसरवानी, राजेश उमरवैश्य, राजेश खंडेलवाल, विनय सिंह, पंकज मिश्रा, मनीष सिंह, ज्ञानेंद्र, नितिन शर्मा गंगू, बंटी नेता, विवेक यादव, रोहित राज, सूरज उमरवैश्य, अमन गुप्ता, तेजस गुप्ता आदि सैकड़ो की संख्या में राम भक्त उपस्थित रहे।

## बेटी के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म पर नहीं हो रही कार्रवाई, सीओ से शिकायत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ थानान्तर्गत एक गांव की पीडित किशोरी की मां ने बेटी के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म पर कार्रवाई न होने से इंसाफ के लिए भटक रही है। पीड़ित मां ने सीओ से मिलकर न्याय की गुहार लगायी है। संग्रामगढ़ थाना के गांव की पीड़िता का आरोप है कि बीती इक्कीस सितंबर को दोपहर करीब एक बजे आरोपी व उसके चाचा ने फोन करके उसकी सोलह वर्षीया बेटी को अर्रो के पास नौढ़िया में बुलाया। किशोरी की पहले से आरोपियों से जान पहचान थी। उसकी आये दिन आरोपी युवक से बातचीत भी होती थी। किशोरी के वहां पहुंचने पर दोनों आरोपियों ने बहला फुसलाकर उसे झाडी में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पीडित किशोरी द्वारा आपबीती सुनाने पर लोगों को जानकारी हुई। आरोप है कि घटना को लेकर पीड़िता की तहरीर पर पुलिस कार्रवाई नही कर रही है। उसे थाने से डांटकर भगा दिया गया। परेशान पीडिता ने सीओ से मिलकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सीओ रामसूरत सोनकर का कहना है कि मामले में जांच कर उचित कार्रवाई के निर्देश दिये गये है।

# राम मंदिर की तर्ज पर सजा भरत चैक

## सभासदों ने ईओ को किया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका परिषद बेल्हा प्रतापगढ़ कार्यालय में सभासदों ने बोर्ड की बैठक में घंटाघर को भरत चैक का नाम देने और उसको उसके अनुरुप सजावट करने के लिये नगर पालिका के ईओ राकेश कुमार को सम्मानित किया। कम समय में अच्छा कार्य किया गया है।

इस अवसर पर सभासदों में अनिल सिंह, विजय सोलंकी, आशुतोष सिंह, योगेश सिंह, राकेश पटेल, बसंत लाल दुबे, तुषारदत्त, धीरज सिंह, अमृत लाल, अवधेश कुमार, शिवशंकर मिश्रा, अज्जू श्रीवास्तव, रमेश मौर्य, दीपक, पवन, मुजीब अहमद, धर्मशील शुक्ल आदि रहे। बता दें कि अयोध्या-प्रयागराज रोड प्रतापगढ़ चैक घंटाघर का रुप बदल गया और अयोध्या राम मंदिर के तर्ज पर सजावट की गई। प्रतापगढ़ चैक घंटाघर का नाम बदलकर भरत चैक रखा गया। श्री रामलीला समिति की ओर से अयोध्या की तर्ज पर पेंटिंग की गई जिनमें रामायण कालीन चित्रकला की तस्वीरें बनाई गई है। बता दें कि राम विवाह को लेकर भरत चैक पर रंगीन एलईडी लाइटों से सजावट की गइ है। बता दें कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी धूमधाम से राम विवाह का त्यौहार मनाया जाएगा।



ईओ को सम्मानित करते सभासदगण।

# अधिवक्ताओं की गिरफ्तारी में पुलिस द्वारा समय व स्थान बदलने को लेकर भड़के अधिवक्ता

## डीएम को संबोधित एसडीएम को ज्ञापन के जरिए मजिस्ट्रेटी जांच की उठाई मांग

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह तथा पूर्व अध्यक्ष राव वीरेन्द्र सिंह की गिरफ्तारी को लेकर सोमवार को भी यहां साथियों में आक्रोश दिखा। वकीलों में सोमवार को इस बात का गुस्सा देखा गया कि दोनों अधिवक्ताओं की गिरफ्तारी जब घरों से हुई तो पुलिस ने गिरफ्तारी का स्थान एवं समय फर्जी क्यों दर्शाया।

नाराज वकीलों ने डीएम को संबोधित एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर मजिस्टेट्रटीयल जांच की मांग उठायी है। इसके पहले अधिवक्ताओं ने संयुक्त अधिवक्ता



लालगंज तहसील में विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्ता।

संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकर शुक्ल तथा उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी व महामंत्री सूर्यकांत निराला के संयुक्त नेतृत्व में तहसील परिसर में जमकर विरोध प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ भी नारेबाजी की। विरोध प्रदर्शन करते हुए अधिवक्ताओं ने एसडीएम नैनसी सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में डीएम से अधिवक्ताओं की गिरफ्तारी में पुलिस के अविधिक मनमानी छेडछाड की मजिस्टेट्रटी जांच की मांग उठाई गयी है। आमसभा में अधिवक्ताओं मे इस बात का भी गुस्सा देखा गया कि पुलिस ने अपने सोशल मीडिया पर हिरासत में लिये गये अधिवक्ताओ की फोटो भी दुर्भावना के तहत वायरल की। पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि अधिवक्ताओं की गिरफ्तारी में जिस तरह से समय और स्थान को बदला गया उससे पुलिस के द्वारा हिरासत की कार्रवाई को लेकर जनता में अविश्वास उत्पन्न हुआ है। पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र ने कहा कि पुलिस प्रशासन ने गिरफ्तारी में न्यायिक आदेशों की भी अवहेलना की है। पूर्व अध्यक्ष राममोहन सिंह ने साथियों की गिरफ्तारी में शामिल पुलिस टीम तथा पर्यवेक्षण अधिकारी की भूमिका की जांच कर प्रशासनिक कार्रवाई पर जोर दिया। आमसभा की अध्यक्षता महामंत्री सूर्यकांत निराला व संचालन कोषाध्यक्ष अभिषेक शुक्ल ने किया। सभा को पूर्व अध्यक्ष अजय शुक्ल गुडडू, अनिल त्रिपाठी महेश, शैलेन्द्र सिंह, प्रमोद सिंह, संजय सिंह, संतोष पाण्डेय, राजेश तिवारी, राकेश तिवारी गुडडू, शेष तिवारी, विपिन शुक्ला, सिंटू मिश्र, हरिश्चंद्र पाण्डेय, धीरेन्द्र मिश्र, तपन पाण्डेय, सुमित त्रिपाठी, दीपेन्द्र तिवारी, आदित्य मिश्र, चित्रसेन सिंह, नीरज ओझा, सुशील शुक्ला, शहजाद अंसारी आदि अधिवक्ता रहे।

# एसएनपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में हुआ कन्या पूजन नवरात्र पर कन्या भोज का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां/लालगंज, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के अंतर्गत अदलाबाद के एसएनपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 151 कन्याओं का पूजन तिलक और कन्या भोजन कराया। कन्या भोजन के बाद प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर रोहित पाण्डेय, सीमा पाण्डेय, निश्चल मिश्रा, नैन्सी विश्वकर्मा, नेहा, साहू, वर्षा मिश्रा, काजल गुप्ता, रजनी मिश्रा, विशा तिवारी, आराधना पांडे, साक्षी शुक्ला, धर्मेश पटेल, रजत तिवारी, लाला तिवारी आदि मौजूद रहे।



एसएनपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में कन्या भोज में शामिल कन्याएं।

उधर लालगंज नगर के सांगीपुर वार्ड में विशाल कन्या भोज का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए कन्याओं ने भोजन ग्रहण किया। नगर पंचायत लालगंज के सांगीपुर वार्ड में सोमवार को आदिशक्ति मां जगत जननी जगदम्बा के पूजन के उपरान्त पूजन के उपरान्त कन्या भोजन का आयोजन हुआ। मुख्य आयोजक पं. रामशिरोमणि मिश्र पप्पू की अगुवाई में वार्ड तथा सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज की छात्राओं ने भोजन किया। आयोजन समिति की ओर से मां दुर्गा स्वरूपा बालिकाओं का पूजन कर उन्हें दक्षिणा भी प्रदान की गयी। मुख्य आयोजक ने बताया कि करीब पांच सौ कन्याओं ने भोजन ग्रहण किया। कन्या भोज से पूर्व आयोजन समिति के पं. रामशिरोमणि मिश्र पप्पू, दिलीप मिश्र, रामू मिश्र आदि ने कन्याओं की आरती उतारी। कन्या भोज में शास्त्री सौरभ त्रिपाठी, अमित पाण्डेय, सुमित पाण्डेय डबलू, छोटे मिश्र, मुन्ना द्विवेदी, सत्यम मिश्र, प्रणव द्विवेदी आदि ने सहभागिता की।

## भूमि धरी में दबंगई के बल रास्ता बनवाने का आरोप

**पट्टी, प्रतापगढ़।** भूमि धरी में दबंगई के बल रास्ता बनवाए जाने के आरोपों की शिकायत एसडीम से करते हुए कार्रवाई की मांग की गई है। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के भाटपट्टी खुर्द गांव के रहने वाले श्री राम यादव ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उसके भूमि धरी का वाद न्यायालय में चल रहा था जिसमें फैसला वादी के पक्ष में आया। वही आरोप है कि ग्राम प्रधान विपक्षियों से मिली भगत कर उसकी भूमि धरी में जबरन दबंगई के बल मिट्टी आदि डालकर रास्ते का निर्माण कार्य करवा रहे हैं। विरोध पर उसे तरह-तरह की धमकियां दी जा रही हैं। पीड़ित ने मामले की शिकायत एसडीम से करते हुए कार्रवाई की मांग की है। शिकायत पर एसडीएम ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# जनता की समस्याओं के लिए कार्यकर्ता संघर्ष को बनाए मुखर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को लालगंज तथा रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। नगर स्थित क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वह संगठन को मजबूत बनाने के लिए जनता के बीच उनकी समस्याओं के निदान में साथ खड़े हो। उन्होने बताया कि पार्टी मे ब्लाक स्तर पर तीन न्याय पंचायतों को मिलाकर मण्डल कमेटी का भी गठन किया जाएगा। वहीं हर बूथ दस यूथ को लेकर भी जिलाध्यक्ष डॉ. नीरज ने संगठन की कार्यवृत्ति से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। उन्होंने बैठक में राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के नेतृत्व में पार्टी की मजबूती का आहवान किया। प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने कार्यकर्ताओं से भाजपा की केन्द्र एवं राज्य सरकार के असफलताओं को जनता तक पहुंचाने में संघर्ष का आहवान किया। बैठक में किसान कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष आचार्य विन्देश्वरी पटेल का कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक अध्यक्ष केडी मिश्र व संचालन जिला उपाध्यक्ष डॉ. वीके सिंह ने किया। वहीं रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक की अध्यक्षता ब्लाक अध्यक्ष एवं जिला पंचाय सदस्य लालजी यादव ने किया। इस मौके पर लालगंज प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, पूर्व प्रमुख पुष्पा शर्मा, भुवनेश्वर शुक्ला, जिपंस रघुनाथ सरोज, सेवादल के जिलाध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला, प्रदेश सचिव प्रेमशंकर द्विवेदी, यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नफीस खान, राजेन्द्र वर्मा, कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, सुरेश सरोज, छोटे लाल सरोज, महमूद आलम, रामचंद्र तिवारी, सिंटू मिश्र, राजू पाण्डेय, मोनू पाण्डेय, सतीश पाठक, प्रीतेन्द्र ओझा, अतुल शुक्ल, अभिनव शुक्ल, रामू मिश्र, दारा सिंह, विपिन शुक्ल, संतोष पाण्डेय, धीरेन्द्र पाण्डेय, मुरलीधर तिवारी, इंद्रानंद तिवारी, शिव बहादुर सरोज आदि रहे।



लालगंज में बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी।

## श्री रामलीला समिति की बैठक संपन्न, 24 की रात से होगा भरत मिलाप

**पट्टी, प्रतापगढ़।** श्री रामलीला समिति के आम सभा की बैठक रविवार को देर शाम नगर के रायपुर रोड स्थित विवाह मंडप पर संपन्न हुआ। बैठक में पिछले वर्ष संपन्न हुए ऐतिहासिक दशहरा मेला के आयोजन का ब्योरा प्रस्तुत करने के साथ ही समिति का पुनर्गठन किया गया नई समिति द्वारा इस वर्ष आयोजित होने वाले मेले की तारीख निर्धारित की गई। रविवार की रात सात बजे नगर के रायपुर रोड स्थित विवाह मंडप में श्री रामलीला समिति के आम सभा की बैठक नगर निवासियों की उपस्थिति में संपन्न हुई। इस दौरान कोषाध्यक्ष पंकज खंडेलवाल ने पिछले वर्ष संपन्न हुए पट्टी के दशहरा मेला में हुए आय व व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया। जिस पर सभी नगर निवासियों ने संतोष जताया। इसके बाद समिति के पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर सर्वसम्मति से नई कार्यकारी का गठन किया गया। जिसमें जुग्गी लाल जायसवाल को पुनः अध्यक्ष चुना गया। इसी के साथ ही रामप्रकाश जायसवाल, रामचंद्र जायसवाल, अवधेश सिंह उपाध्यक्ष, सुरेश कुमार जायसवाल प्रबंधक, अखिलेश जायसवाल उप प्रबंधक प्रमोद खंडेलवाल, राम चरित्र वर्मा, रमेश चंद्र सोनी सह प्रबंधक, अशोक कुमार श्रीवास्तव महामंत्री, सत्यनारायण खंडेलवाल मंत्री, बृजेश सिंह सह मंत्री, अधिवक्ता अनिल कुमार श्रीवास्तव व वरुण कुमार पांडेय को विधिक सलाहकार चुना गया।

# 18 से 24 अक्टूबर तक होगा श्रीमद् भागवत कथा एवं स्मृति महोत्सव का आयोजन

## जगतगुरु रामभद्राचार्य के उत्तराधिकारी आचार्य रामचंद्र दास ने दी जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** तहसील क्षेत्र अंतर्गत रामपुर खागल में श्रीमद् भागवत कथा एवं स्मृति महोत्सव तथा संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन 18 से 24 अक्टूबर तक होना निश्चित हुआ है। जगद्गुरु रामभद्राचार्य के उत्तराधिकारी तुलसी पीठ चित्रकूट के आचार्य रामचंद्र जी दास द्वारा अपनी जन्मभूमि रामपुर खागल में आज आए हुए जनप्रतिनिधियों एवं पत्रकार बंधुओ से आयोजन को सफल बनाने के लिए चर्चा किया।

अपने संबोधन में रामचंद्र दास जी ने कहा कि क्षेत्र में संस्कृत एवं संस्कार को मजबूत करने के लिए यहां देशभर के संत एवं कवि भजन गायक तथा गायिका लोग अपना विचार व्यक्त करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्य क्रम का लाइव सजीव प्रसारण संस्कार



पत्रकारवार्ता में बोलते आचार्य रामचंद्र दास।

चैनल पर होगा प्रयाग महाकुंभ 12 जनवरी से प्रारंभ होगा लेकिन रामपुर खंगाल की पावन धरती पर 18 से 24 अक्टूबर तक महा कुंभ होगा अतिथियों के रुकने के लिए प्लाई के 20 कमरों की व्यवस्था की गई है जिसमें संत लोग कथा का रसपान करेंगे। इस स्मृति महोत्सव का आयोजन किस तरह से सुचारू से संचालित किया जाए इस पर सब लोगों से अपनी राय व्यक्त किया। कार्य को सुचारू रुप प्रडणित करने के लिए कहा इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह, गौरा के पूर्व प्रमुख पूर्णांशु ओझा, पूर्व भाजपा अध्यक्ष हरिओम मिश्रा पूर्व मंत्री शिवाकांत ओझा के भाई कलाकांत ओझा उत्तर प्रदेश के आला अधिकारी एवं प्रतापगढ़ पट्टी एडिशनल एसपी सहित तमाम विभाग के अधिकारी मौजूद रहे क्षेत्र के पूर्व प्रधान संतोष ओजा रामपुर खंगाल के पूर्व ग्राम प्रधान राम पांडे अमरीश ओझा सुनील पांडे जिला पंचायत सदस्य संजय पाल, योगेश पांडे, देवेंद्र पांडे, राधेश्याम, राजेश सिंह, हकीम अंसारी, पिन्टू उमर वैश्य सहित क्षेत्र के सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

## चकमार्ग के खडण्जे को क्षतिग्रस्त करने की शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** चकमार्ग पर बने खडण्जे को उखाड देने के आरोप को लेकर एसडीएम से शिकायत की गयी है। कौशिल्यापुर लालगंज निवासी दृगपाल पुत्र शिवमोहन ने एसडीएम को भेजे गये शिकायती प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि गांव के चकमार्ग पर बने बीस वर्ष पुराने खडण्जे को गांव के कुछ लोगों ने उखाड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया है। इससे ग्रामीणों को इस मार्ग से आने जाने में खासी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। शिकायतकर्ता ने जांच कराकर उचित कार्रवाई की मांग उठाई है।

## किशोरी के साथ दरिंदगी के बाद हाथ-पैर बांधकर फेंका

**लालगंज, प्रतापगढ़।** खेत में लहूलुहान मिली किशोरी का गंभीर दशा में स्वरूप रानी अस्पताल प्रयागराज में इलाज चल रहा है। वहीं किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने एक के खिलाफ दुष्कर्म समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसपी ने मामले का जायजा लेकर कड़े निर्देश दिये है। लीलापुर थानान्तर्गत एक गांव की सोलह वर्षीय किशोरी रविवार को दोपहर घर से बकरी चराने के लिए निकली थी। परिजनों के अनुसार दोपहर करीब तीन बजे गांव के एक खेत में वह लहूलुहान अचेतावस्था में पड़ी मिली। उसके दोनों हाथ बंधे थे तथा मुंह में कपड़ा बंधा था। परिजन किशोरी को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गये। जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख उसे एसआरएन प्रयागराज रेफर कर दिया। घटना को लेकर पीडित किशोरी की मां ने गांव के अनिल गुप्ता के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट, धमकी व एससीएसटी तथा पास्को की धारा में मुकदमा दर्ज किया है।

## युवक को लाठी डंडों से मार-पीट कर किया घायल

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मुर्गी फार्म संचालक बाजार सामान लेने के लिए गया था। पहले से घात लगाए बैठे युवकों ने उसे रोक कर लाठी डंडों से मार-पीट कर घायल कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के सरसतपुर गांव के रहने वाले दयाराम पटेल ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि रविवार की देर रात सराय बाजार में सामान लेने के लिए गया हुआ था वहां पर पहले से मौजूद कुछ युवकों ने उसे रोक कर गालियां देने लगे। और लाठी डंडों से मार-पीट कर घायल कर दिए। पीड़ित ने मामले में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# फसल अवशेष प्रबन्धन से हो सकता है अगले पीढ़ी का जीवन खुशहाल : कल्पना सोनकर



**कौशाम्बी।** प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेण्ट क्राप रेज्डयू योजना के अन्तर्गत पराली प्रबन्धन विषयक जनपद स्तर पर जागरूकता अभियान का जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना सोनकर ने गोष्ठी एवं प्रदर्शनी का फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। उद्यान सभागार में कल्पना सोनकर ने कहा कि यह कार्यक्रम हमारी आने वाली अगली पीढ़ी की खुशहाल जीवन सुनिश्चित कर सकती है उन्होंने कृषक जनों का आहवान किया कि वैज्ञानिकों के बतायें हुए फसल अवशेष प्रबन्धन को अपनायें और ये संकल्प ले की धान की फसल कटाई के उपरान्त बचे हुए अवशेष को नहीं जलायेंगे। उन्होंने कृषक से पराली न जलाने की अपील की व पराली प्रबन्धन अपनाये जाने हेतु जानकारी दी। पराली न जलाये जाने व पराली प्रबन्धन के बारे में विस्तार से डा0 अजय कुमार, कृषि वैज्ञानिक एवं समन्वयक कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा जानकारी प्रदान की गयी। डा0 अजय कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि खरीफ की फसलों में मुख्य रूप से धान की फसलों की कटाई करने के बाद किसानों द्वारा आलू एवं गेहूँ की बुवाई की तैयारी की जल्दबाजी में खेतों में पड़े पुवाल में आग लगा देते हैं जिसके कारण शीतकाल प्रारम्भ होने से वातावरण में नमीं रहने के कारण पराली के धुँए में विद्यमान मीथेन और कार्बन मोनोऑक्साइड जैसी गैसों से कोलाहन बन जाता है। जनपद में विगत वर्ष में कुल 92 घटनाए रिमोट सेन्सिंग से प्राप्त हुयीं है जिनमें से सबसे ज्यादा तहसील मंझनपुर व तहसील सिराथू में घटनाए पायी गयीं तथा सबसे कम तहसील चायल में पराली जलाने की घटना चिन्हित हुयी थी सतेन्द्र कुमार तिवारी, उप कृषि निदेशक, द्वारा कृषकों को बताया गया कि हरित न्यायाधिकरण, नई दिल्ली एवं उच्चतम न्यायालय द्वारा कृषि अपशिष्ट अथवा पुवाल जलाया जाना प्रतिबन्धित किये जाने हेतु आर्थिक दण्ड के प्राविधान बनाये जाने के आदेश दिये गये हैं। जिसके क्रम में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनपद में पराली जलने की घटनाओं को रोकने एवं आर्थिक दण्ड की व्यवस्था की गयी है। जनपद में पराली जलाने की घटनाओं के निरीक्षण करने हेतु जनपद के समस्त ग्राम पंचायतों में लेखपाल एवं कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है इसके अतिरिक्त जिले भर में कई अधिकारियों को नोडल नामित किया गया है। क्षेत्रीय कर्मचारियों एवं लेखपालों द्वारा पराली जलाने की घटनाओं की जानकारी अपनी उच्चाधिकारियों तहसीलदार या नायब तहसीलदार तथा उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारियों को दिये जाने पर सम्बन्धित दोषी कृषकों पर आर्थिक जुर्माना लगाया जायेगा। जिन कृषकों द्वारा पराली जलाते हुये पहली बार पकड़ा जायेगा उसके कृषि भूमि के क्षेत्रफल के आधार पर जुर्माना लगाये जाने की कार्यवाही की जायेगी। यदि 02 एकड़ की भूमि का क्षेत्रफल होने पर 1500/रुपए का जुर्माना, 02 एकड़ से अधिक किन्तु 05 एकड़ से कम होने पर 5000/-रुपए का जुर्माना लगाया जायेगा। 05 एकड़ से अधिक भूमि का क्षेत्रफल होने पर दोषी को 15000/रुपए का जुर्माना लगाये जाने की कार्यवाही की जायेगी। इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त ग्राम प्रधानों की भी जिम्मेदारी होगी कि उनके ग्राम पंचायतों में पराली न जलाये जाये यदि कोई पराली जलाता है तो उसकी सूचना अपने लेखपाल या तहसीलदार को अथवा कृषि विभाग में लिखित रूप से दे सकते हैं। जनपद में बेलर मशीनें आयी है, जिससे कम्बाइन हार्वेस्टर के फसल की कटाई के समय रोल बनाकर खेत को साफ कर सकते हैं जिससे फसल अवशेष जलाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह, उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार, जिला कृषि अधिकारी डॉ संतराम, जिला संयोजक श्रम प्रकोष्ठ अमरेंद्र कुशवाहा अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कृषक उपस्थित रहे।

## पूर्व सैनिकों की मदद के लिए पूर्व सैनिक कल्याण पुनर्वास ने बनाई योजना



**कौशांबी** जिला में पूर्व सैनिक कल्याण पुनर्वास कार्यालय कौशांबी अधिकारी कर्नल अमित सिंह के द्वारा पूर्व सैनिकों की मदद के लिए एक योजना बनाई गई की कार्यालय के कर्मचारियों का एक ग्रुप कौशांबी जनपद के सभी गांव में जा कर पूर्व सैनिकों से मिल कर उनकी हाल समाचार पूछते हुए उनकी मदद करने के लिए बायोडाटा ले कर ऑन लाइन प्रोसेस करने के लिए काम शुरू किया जाय जिससे जिले के सभी पूर्व सैनिकों को सही समय पर पूर्व सैनिक या उनके परिवार को सरकार के प्रदान की जाने वाली सुविधा प्राप्त हो सके इसी क्रम के पहल की शुरूआत सोमवार को करते हुए सोल्जर बोर्ड अधिकारी कर्नल अमित कुमार सिंह ने अपने कर्मचारी के साथ जठिया गांव में जा कर बयो वृद्ध पूर्व सैनिक देव सरन यादव उम्र लगभग 92 वर्ष के घर जा कर सिष्टाचार मुलाकात करते हुए फल भेट करके हाल समाचार पूछते हुए जानकारी प्राप्त किया पूर्व सैनिक देव सरन यादव का ई सी एच एस कार्ड आज तक नहीं बना हुआ है देव सरन यादव को डाकुमेंट के साथ दस्तावेज ऑफिस में ले कर मिलने की सलाह देते हुए उनका पूरा काम करवाने का अश्वासन दिया तत्पश्चात बयो वृद्ध 85 वर्षीय पूर्व सैनिक जय नारायण मिश्रा इमली गांव के घर जा कर मिश्रा को फल भेट करते हुए सिष्टाचार मुलाकात करके कुशल समाचार जाना इमली गांव में पूर्व सैनिक जय नारायण मिश्रा के साथ कई पूर्व सैनिकों से मिल कर उनकी कुशलता की जानकारी प्राप्त कर उनकी समस्या को हल करवाने का अश्वासन देते हुए अपने कर्मचारी लिखित रूप में पेश करने के लिए निर्देश दिया इस दौरान पूर्व सैनिक संजीव कुमार चौरसिया जय नारायण मिश्रा रमेश मणि पांडे श्री नारायण मिश्रा सुरेंद्र नाथ त्रिपाठी शिव भवन मिश्रा श्याम नारायण पांडे इमली गांव देव सरन यादव जठिया आदि उपस्थित रहे।

## जान से मारने व फर्जी मुकदमें में फसाने की मिल रही धमकी

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के एक गांव की बालिका अपनी मर्जी से गांव के युवक के साथ भागकर आर्य समाज के मंदिर में शादी रचाई है। आर्य समाज मंदिर में शादी रचाने के बाद बालिका पक्ष के लोग बालिका और उसके प्रेमी को जान से मारने और फर्जी मुकदमें में फसाने की धमकी दे रहे हैं। कोखराज थाना क्षेत्र के कसिया पश्चिम गांव निवासिनी ज्योति कुमारी उम्र 21 वर्ष पुत्री दिनेश कुमार कोखराज थाना में शिकायती पत्र देकर अवगत कराया कि मैं अपने गांव के अजय कुमार पुत्र राजू से काफी दिनो से प्रेम करती थी और अपनी मर्जी से प्रयागराज जनपद जाकर आर्य समाज मन्दिर में दिनांक 06.10.2024 को प्रेम विवाह कर लिया है। इस शादी से नाराज होकर मेरे पिता व माता के द्वारा धमकी दी जा रही है कि हम तुम्हारे पति व ससुराल पक्ष के लोगों को फर्जी मुकदमें में फंसाकर जेल भिजवा देंगे। माता व पिता के खिलाफ शिकायती पत्र देकर बेटी ने कार्यवाही की मांग करते हुए सुखमय जीवन में दखल अंदाजी न करने की मांग की है।

# रामवनगमन मार्ग के निर्माण में लाए तेजी : डीएम

**अखंड भारत संदेश**

### रामवनगमन मार्ग एनएचएआई अधिशासी अभियन्ता के साथ डीएम ने की निर्माण कार्यों की भौतिक प्रगति समीक्षा



**कौशाम्बी** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा सोमवार को कार्यालय कक्ष में रामवनगमन मार्ग एनएचएआई के अधिशासी अभियन्ता के साथ पैकेज-03 व पैकेज-04 भौतिक समीक्षा की जिलाधिकारी ने रामवनगमन मार्ग की धीमी प्रगति पाये जाने पर असंतोष ब्यक्त करते हुए कहा कि लेवर व मशीनरी बढा कर आपेक्षित प्रगति लाये। उन्होंने कहा कि रामवनगमन मार्ग में जिन किसानों की भूमि अधिगृहित की गई है, इनका मुआवजा जल्द से जल्द दिलाने का कार्य पूर्ण किया जाय। उन्होंने कहा कि रामवनगमन मार्ग में जहॉ पर भी रूट डायवर्जन किया गया है वहा कार्य में तेजी लाते हुए, कार्य को जल्द पूर्ण कराया जाय, जिससे आवागमन में आमजनमानस को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। बैठक में जिलाधिकारी ने निमार्णाधीन मार्ग में आ रही सरकारी संरचनाओं को हटाने/प्रतिकर वितरण के लिए की जा रही कार्यवाही का शीघ्रता से निस्तारण कराते हुए प्रति सप्ताह विस्तृत विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने ग्राम मोहमदपुर असवॉ में विद्युत ट्रान्समेशन लाइन का कार्य तेजी के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।उन्होने कहा कि कोई भी पहले से बना हुआ एलाईमेन्ट किसी भी दबाव में उसमें बदलाव नहीं होना चाहिए न ही कही एलाईमेन्ट में बदलाव की शिकायत प्राप्त नहीं होनी चाहिए।

## घर पर चढ़कर आधा दर्जन दबंगों ने अवैध असलहा से चलाई गोली

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के सैय्यद सरावा चौकी अंतर्गत एक घर के बाहर लगभग आधा दर्जन दबंग पहुंचकर घर के सदस्यों को बाहर निकलने के लिए ललकारने लगे दबंगों की दबंगई देखकर पीड़ित परिवार का कोई भी सदस्य घर से बाहर नहीं आया तो परिवार के लोगों को जान से मारने की नियत से गोली चलाने लगे लोगों के आ जाने के बाद जान से मारने की धमकी देकर सभी दबंग फरार हो गए। सैय्यद सरावा गांव निवासी देशराज पाल पुत्र देवनारायण दिनांक-05-10-2024 को रात्रि 10:00 घर के सामने खाना खाकर बैठा था तभी इलाके का एक हिष्ट्रीशीटर अपने चार साथियों के साथ देश राज के घर पहुंच गया उक्त हिस्ट्री शीटर को देखते ही देशराज घर में घुस गया उक्त हिस्ट्री शीटर गाली गलौज कर ललकारने लगा फिर उसके बाद फायरिंग करने लगा लोगों के आ जाने पर हिस्ट्रीशीटर अपराधी और उसके साथी मौके से फरार हो गए। देशराज के दाहिने पैर में गोली लग गई है जिससे वह घायल हो गया है।

# उद्यमियों की समस्याओ को सुनकर निस्तारित करने के डीएम ने दिये निर्देश

### जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक संपन्न



**कौशाम्बी** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा सोमवार को उदयन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक की गई। जिलाधिकारी ने उद्यमियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दियें। बैठक में उपायुक्त उद्योग ने बताया कि निवेश मित्र पोर्टल पर विगत एक माह में कुल 957 प्रकरण प्राप्त हुए है, जिसमें से 33 प्रकरण विभिन्न विभागों के स्तर पर लम्बित है, जिसमें से श्रम विभाग के-06 खाद्य एवं औषधि विभाग के-03 कृषि विभाग के-17, उ0प्र0 पॉवर कार्पोरेशन लि0 के-05,एवं अग्निशमन विभाग के-02 प्रकरण सम्मिलित हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर प्रकरण को समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को विभिन्न योजनाओ के अन्तर्गत प्राप्त ऋण आवेदनां को बैंको से समन्वय कर निस्तारित कराने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत जो भी आवेदन आयें उन्हें निर्धारित समय के अन्दर ही निस्तारण करे और अगर किसी त्रुटि के कारण निरस्त किया जा रहा है उसकी पूरी जानकारी दे। उन्होंने ओडीओपी योजना के अन्तर्गत बडौदा ग्रामीण बैंक में आवेदन ज्यादा निरस्त होने के कारण नाराजगी व्यक्त की। उन्हांने उपायुक्त उद्योग को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत प्राप्त आवेदनों के सत्यापन कार्य जल्द पूरा करें व विश्वकर्मा योजना का प्रचार-प्रसार करें, जिससे अधिक से अधिक श्रमिक योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। बैठक में उपायुक्त उद्योग ने ग्राम-सुल्तानपुर ख्वाजा कड़क में नये औद्योगिक क्षेत्र विकसित किये जाने के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि अधिशासी अधिकारी दारा नगर कड़ाधाम द्वारा अनापत्ति चाहा गया है, अभी तक अनापत्ति प्राप्त नहीं हुई हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को जल्द से जल्द बोर्ड की बैठक कराकर प्रकरण का निस्तारण कराने के निर्देश दियें।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्वत, अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार गोंड सहित अन्य अधिकारी तथा व्यापारी प्रान्तीय महामंत्री रमेश अग्रहरि, जिलाध्यक्ष प्रवेश केसरवानी सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहें।

## जिलाधिकारी ने की व्यापार बन्धु समिति की बैठक

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा सोमवार को उदयन सभागार में जनपद स्तरीय व्यापार बन्धु समिति की बैठक की गई। जिलाधिकारी ने व्यापारियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दियें।बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि व्यापार बन्धु एवं उद्योग बन्धु की बैठक को गम्भीरता से लिया जाय तथा व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाय। उन्होंने उपायुक्त राज्यकर को निर्देशित किया कि व्यापारियों की समस्याओं को सम्बन्धित अधिकारियों से समन्वय कर निस्तारित कराया जाय तथा क्षेत्र भ्रमण कर भी व्यापारियों की समस्याओं का निस्तारण कराया जाय। उन्होंने खादी ग्रामउद्योग अधिकारी को बैठक में अनुपस्थित रहने पर शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में पूरब पश्चिम शरीरा में बने शवदाह ग्रह में बाउड्रीवाल कराने की मांग की गई जिस पर डीएम ने ईओ को बाउड्रीवाल के निर्माण हेतु निकाय की अगली बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव रखने को कहा है। बैठक में नगर पंचायत सिराथू के चन्दबहार में सरकारी जमीन पर खेल का मैदान बनाये जाने के प्रकरण पर ईओ ने बताया कि खेल मैदान के लिए प्रस्ताव बनाकर बोर्ड को भेजा गया था, परन्तु उक्त जमीन पर बोर्ड खेल का मैदान बनाये जाने के लिए सहमत नहीं है। जिस पर जिलाधिकारी ने कही अन्य स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए। बैठक में व्यापारियों द्वारा सैनी एवं लेहदरी रोड पर बैरीकेटिंग कराये जाने की माग पर जिलाधिकारी ने यातायात इंस्पेक्टर को समुचित स्थान पर बैरीकेटिंग कराने के निर्देश दियें। बैठक में सैनी से अलीपुरजीता रोड पर बन रहें बाईपास का निर्माण कार्य अतिशीघ्र कराये जाने की माग पर अधिशासी अभियंता लोनिवि हरवंश सिंह ने बताया कि बाईपास मार्ग का निर्माण कार्य जल्द ही पूर्ण करा दिया जायेंगा।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्वत, अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार गोंड एवं सहित अन्य अधिकारीगण तथा व्यापारीगण-प्रान्तीय महामंत्री रमेश अग्रहरि, जिलाध्यक्ष प्रवेश केसरवानी सहित अन्य व्यापारीगण उपस्थित रहें।

# विवाहिता की हत्या करने के प्रयास के मामले में दो महीने बाद भी नहीं गिरफ्तार हुए ससुराली जन

**जेठानी जेठ और जेठानी की बहन विवेचक को निर्दोष प्रतीत होती है आखिर विवेचक के क्या रिश्ते हैं**

**विवाहिता पूजा के दांपत्य जीवन में जेठानी और उसकी बहन है विवाद का मूल कारण**

**कौशाम्बी।** भाई की साली के चक्कर में पड़ा युवक अपने परिवार के साथ मिल कर अपनी विवाहिता पत्नी की हत्या कर अपने जीवन से उसे हटा देना चाहता है विवाहिता पर दहेज की डिमांड के बहाने बार-बार मारपीट प्रताड़ना और उत्पीड़न ससुरालियों का शुरू हो गया पीड़ित विवाहिता ने मामले की सूचना कौशांबी थाना पुलिस को दी महीनों दौड़ लगाने के बाद थाना पुलिस ने पति जेठ जेठानी और जेठानी की बहन के नाम मुकदमा 13.9.2024 को अपराध संख्या 0073 पर दर्ज कर लिया है लेकिन मुकदमा दर्ज होने के 25 दिन बाद भी विवाहिता की हत्या करने का प्रयास करने वाले पति जेठ जेठानी और जेठानी की बहन को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी है परिजनों की माने तो विवेचक जेठ जेठानी और जेठानी की बहन का नाम हटाने के लिए पीड़ित विवाहिता पर दबाव बना रहे हैं अब थाना पुलिस को जेठानी जेठ जेठानी की बहन से क्या लगाव है यह तो बड़ी जांच का विषय है घटनाक्रम के मुताबिक कौशांबी थाना क्षेत्र के गोपाल मिश्रा का पुरवा गांव की पूजा देवी त्रिपाठी पुत्री कमला कांत त्रिपाठी की शादी 22 अप्रैल 2022 को हिंदू रीति रिवाज से कुलदीप ओझा पुत्र अरविंद ओझा निवासी सराय मेंदी राय थाना मांधाता प्रतापगढ़ के साथ धूमधाम से हुई थी पूजा देवी के पिता ने बेटी की शादी में 10 लाख से अधिक की रकम स्वागत सत्कार दान दहेज में खर्च किया 10 लाख रुपए का दहेज पाने के बाद भी ससुराली जनों का मुंह कुप्पा की तरह रोज फूलता रहा और वह बार-बार दहेज की डिमांड करते रहे एक चार पहिया गाड़ी और दो तोला सोने की चेन बार-बार विवाहिता से मायके से लाने के लिए दबाव उसके जेठ जेठानी बना रहे हैं ससुराली जनों द्वारा दहेज की डिमांड तो पीछे छूट गई विवाहिता पूजा देवी का पति कुलदीप ओझा का अपनी भाभी की बहन से अधिक लगाव है इतना ही नहीं भाभी के बहन से लगाव के चलते उसका अपने भाभी से भी बहुत नजदीकी लगाव हो गया है भाभी की बहन भी अपने दीदी के देवर के पास ही ज्यादा रहती है भाभी की बहन से अधिक संपर्क दांपत्य जीवन में विवाद का मूल कारण बन गया है भाभी की बहन से अधिक लगाव के चलते कुलदीप ओझा अपने विवाहिता पत्नी पूजा देवी को रोज रोज प्रताड़ित करने लगा पूजा के पति कुलदीप ओझा जेठ अमित ओझा जेठानी नेहा ओझा और जेठानी की बहन मिनी पाण्डेय आए दिन विवाहिता के साथ मारपीट प्रताड़ित करने लगे बार बार ताना देकर गाली गलौज कर प्रताड़ित किया जाता रहा इसके बाद कुलदीप अपनी पत्नी पूजा देवी को लेकर 17 दिसंबर 2023 को मुंबई चला गया वहीं उनका जेठ जेठानी और जेठानी की बहन भी पहुंच गई दीदी तेरा देवर दीवाना की तर्ज पर वहां भाभी की बहन फिर कुलदीप के संपर्क में आ गई मुंबई में भी विवाहिता को बार बार मारना पीटना शुरू हो गया 28 जुलाई 2024 को चारों लोगों ने विवाहिता का गला दबा करके जान लेने का पूरा प्रयास किया विवाहिता चिल्लाती रही विवाहिता के साथ जमकर मारपीट की गई किसी तरह विवाहिता पूजा ससुरालियों के चंगुल से छूटी और जान बचा कर सीधा रेलवे स्टेशन मुंबई पहुंची और रेलवे स्टेशन से वापस अपने गांव मायके लौट आई है मायके लौटने के बाद पूजा देवी ने पूरी दास्तान अपने पिता और परिवार के लोगों को बताया परिवार के लोगों ने मामले की सूचना कौशाम्बी थाना पुलिस को दिया तमाम प्रयास के बाद 13 सितंबर 2024 को पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज कर लिया है लेकिन मुकदमा दर्ज करने को 25 दिन बीत चुके हैं लेकिन अभी तक मामले में अभियुक्त बनाए गए चारों लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया है बल्कि पति को छोड़कर अन्य लोगों का नाम हटाने के लिए विवेचन पीड़ित पूजा और उसके परिवार को बार-बार समझाने का प्रयास कर रहे हैं आखिर मुकदमे में आरोपी बनाए गए जेठ जेठानी और जेठानी की बहन का नाम हटाने के लिए विवेचन क्यों परेशान हैं इन लोगों से विवेचक के क्या रिश्ते हैं जिससे जेठानी जेठ और जेठानी की बहन विवेचक को निर्दोष प्रतीत होती है जबकि विवाहिता के जीवन को बर्बाद करने के यही गुनहगार हैं मुकदमे के नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी न करने वाले विवेचन के कारनामे बड़ी जांच का विषय है जबकि विवाहिता के साथ मारपीट करने प्रताड़ित करने और उसकी जान लेने का प्रयास करने के मामले में जेठानी की बहन सर्वाधिक दोषी है जेठानी की बहन के कारनामे के चलते उसकी बहन यानी विवाहिता की जेठानी और जेठ पति कुलदीप का साथ दे रहे है जिससे पति के साथ-साथ यह तीनों भी मामले में पूरी तरह से दोषी हैं और इसी साजिश के चलते विवाहिता को रास्ते से हटाने का भरसक प्रयास हुआ है और यदि ससुरालियों को फिर दोबारा मौका मिला तो कभी भी विवाहिता को पूरी तरह से रास्ते से हटा सकते हैं।

## लाइनमैन को मौत देने का फिर बिजली विभाग में हुआ प्रयास

**कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी के मौली निवासी संगम लाल बिजली विभाग में प्राइवेट लाइनमैन का काम करता है सोमवार की शाम को वह भरवारी के बैराहना में बिजली के खंभे से बिगड़ी हुई बिजली ठीक कर रहा था,तभी लाइट सप्लाई चालू कर दी गई जिससे लाइनमैन संगम लाल को जोरदार करंट लग गया,करंट की चपेट में आकर खंभे से प्राइवेट लाइनमैन नीचे गिर गया और झुलसने के साथ गम्भीर घायल हो गया गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है आशंका जताई जा रही है कि लाइनमैन के अवैध कमाई के बीच पावर हाउस में आपसी खींचतान चलती है बिजली खंभे में चढ़ने के पहले उसने पावर हाउस में फोन पर बात करके सिट डाउन लेकर के खंभे पर चढ़ा वह खराब बिजली की लाइन ही बना रहा था कि इसी बीच बिना उससे पूछे दूसरे लाइन मैंन ने बिजली सप्लाई चालू कर दी है जिससे करंट का तेज झटका लगने से वह बिजली के खंभे से नीचे गिर गया और गंभीर रूप से झुलसने के साथ चोट लगने से घायल हो गया है यह भूल और दुर्घटना नहीं है यह एक साजिश के तहत मौत देने के प्रयास का यह मामला बेहद गंभीर है और मामले को अधिकारियों ने गंभीरता से लिया तो यह दुर्घटना के बजाय साजिश के तहत हत्या का प्रयास साबित होगा इसके पहले भी विद्युत विभाग के अन्य लाइनमैन के साथ इस तरह की कई घटनाएं हो चुकी है।

## न्यूज झरोखा

### धर्मा देवी इंटर कॉलेज केन के छात्र छात्राओं ने राष्ट्रीय स्तर पर लहराया परचम

राइफल शूटिंग राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित छात्र छात्राओं का हुआ भव्य स्वागत



**अझुवा कौशाम्बी** मेरठ में आयोजित हुयी 68वीं माध्यमिक विद्यालयीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त कर वापस लौटे धर्मा देवी इंटर कॉलेज केन कनवार के छात्र छात्राओं का सिराथू रेलवे स्टेशन पर शिक्षक विधायक प्रतिनिधि सन्तोष कुमार शुक्ल सहित विद्यालय परिवार द्वारा भव्य स्वागत किया गया नगर पंचायत अझुवा पहुँचने पर चेयरमैन शांति देवी और भाजपा नेता ओमप्रकाश कुशवाहा,चौकी प्रभारी जितेन्द्र प्रताप सिंह,सभासद वार्ड नं.11 रामबाबू मोदनवाल द्वारा छात्र छात्राओं को माल्यार्पण कर एवं मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया गया इसके बाद विद्यालय में छात्र छात्राओं का शिक्षकों के द्वारा भव्य स्वागत हुआ राष्ट्रीय स्तर पर चयनित धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन के छात्र-मधु देवी,रेशमा देवी ,नीलू कुशवाहा,शिखा वर्मा,पलक जायसवाल,खुशबू देवी,यश जायसवाल इनकी इस उपलब्धि पर अपने वाणी के माध्यम से वरुण प्रकाश जोशी बलवन्त कुमार रामशंकर सिंह ललित कुमार,महेश प्रसाद,आदित्य कुमार आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएँ दी प्रधानाचार्य डॉ.रामकिरण त्रिपाठी द्वारा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गई प्रधानाचार्य डॉ.रामकिरण त्रिपाठी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में यह उपलब्धि दूसरे बच्चों के लिए मील का पत्थर साबित होगी

### चरवा नगर पंचायत के केशी का पूरा में चल रही है श्री मद भागवत कथा



**कौशाम्बी** चरवा नगर पंचायत के केशी का पूरा में श्री मद भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। कथा का शुभारंभ 4 अक्टूबर शनिवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हुई। 9 दिन चलने वाली भागवत कथा में आज चौथे दिन कथाकार अतुल जी महराज ने भागवत कथा के कई रोचक प्रसंगों का वर्णन करते हुए श्रोताओं को भावविभोर किया। आज उन्होंने बताया कि कैसे राजा परीक्षित के सोने के मुकुट में कैसे कलयुग प्रवेश करता है और कैसे राजा परीक्षित कलयुग के प्रवेश करते ही उनके जीवन में कैसे भूचाल आने लगता है। वहीं एक विशेष संदर्भ में समाज को एक अच्छा संदेश देते हुए कहा की जीवन में कभी भी वो आचरण दूसरों के लिए नहीं करना चाहिए जो स्वयं को अच्छी न लगती हो। स्वयं सोचिए कभी आप को कोई गलत बात या अशोभनीय बात बोले तो आपको बहुत बुरा लगेगा , तो सोचिए जब आप दूसरों को वही बात बोलते होगे तो उसको कैसा लगता होगा इस लिए हमेशा जो बात दूसरों की आपको अच्छी नहीं लगती वो बात आप कभी भी दूसरों के लिए कभी आप प्रयोग में मत लाइए। तो आप देखेंगे की आपके जीवन में कैसे चमत्कार होता है। ऐसे ही तमाम प्रसंगों का वर्णन करते हुए चौथे दिन की कथा का समापन हुआ। इस कथा के यजमान झल्लर मिश्र और उनकी अर्धांगिनी विद्यावती मिश्र है। कथा का आयोजन रवि मिश्रा, देवेश मिश्रा , पिंटू मिश्रा, आदि ने किया कथा का समापन 13 अक्टूबर रविवार को होगा।

### विकास योजनाओं से कोसों दूर है अदरमदार गांव, दलित बस्ती में नही करवाया इंटरलॉकिंग सड़क व नाली का निर्माण



**हर्रायपुर कौशाम्बी** मूरतगंज ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत बराई सुलेम गांव का अदर मदार मजरा विकास योजनाओं से कोसों दूर है गांव में जल निकासी के लिए नाली आने जाने के लिए सड़क का निर्माण नहीं हो सका है ग्राम प्रधान पक्षपात पर उतारु है आजादी के सात दशक बाद भी दलित बस्ती के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित रह गए हैं देश के प्रधानमंत्री 21वीं शताब्दी में डिजिटल इंडिया की बात कर रहे हैं और यहां गांव के लोग मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे हैं ग्रामीणों ने बताया कि कई बार ग्राम प्रधान से जल निकासी के लिए नाली और आने-जाने के लिए सड़क बनवाने की मांग की गई लेकिन आज तक इंटरलॉकिंग नही लगाया गया सड़क नाली का निर्माण भी दलित बस्ती में नही हुआ ग्रामीणों ने बताया कि दलित बस्ती में विकास योजनाओं में प्रधान द्वारा पक्षपात किया जा रहा है और ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम प्रधान का कहना है कि जिसने वोट दिया है उधर निर्माण कराया जाएगा और जो व्यक्ति वोट नहीं दिया है प्रधान द्वारा उस बस्ती में निर्माण नहीं कराया जायेगा ग्रामीणों में प्रधान वा अधिकारियों के प्रति काफी रोष उत्पन्न है

### उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय का मनाया जन्मदिन



**कौशांबी** जिला अध्यक्ष गौरव पांडे के निर्देश पर उत्तर प्रदेश के कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय का जन्मदिन जिले में जगह-जगह पर बड़े धूमधाम से मनाया गया है और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के लंबी आयु की कामना ईश्वर से की गई है यूथ कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अल्कमा उस्मानी के नेतृत्व में तहसील चायल परिसर में प्रदेश अध्यक्ष का जन्मदिन मनाया गया और जिला उपाध्यक्ष दीपक पाण्डेय बाबू जी नगर पंचायत अध्यक्ष निक्की पांडेय के नेतृत्व में नगर पंचायत चरवा में जन्म दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ केक खिला कर मनाया गया है इसी तरह पूरे जिले में कांग्रेस नेताओं द्वारा प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया जगह-जगह पर कांग्रेस नेताओं ने मिठाइयां बांटी हैं प्रदेश अध्यक्ष के लंबी आयु की कामना ईश्वर से की है प्रदेश अध्यक्ष का जन्मदिन मनाने वालों में भुलई (बी आर सरोज) जिला अध्यक्ष फतेहपुर अनुसूचित जाति सुरेंद्र शुक्ला अधिवक्ता अजीत यादव एडवोकेट नुरूत जमा सत्यम पांडेय, राजेश्वर तिवारी आशीष शुक्ला मोह्म्मसरूर(शारुख), शनि मिश्रा, मूलचंद, शिव दर्शन, मोहम्मद शाहिद, शुभम यादव, मुदस्सिर ज्ञान प्रकाश सुभाष चंद्र राम हर्ष विपिन कुमार प्रवीण कुमार महेंद्र कुमार मिश्रा अशोक कुमार पांडे मनोज कुमार शुक्ला राकेश सिंह शिवशंकर उपाध्याय सुनील केसरवानी देवेन्द्र मिश्र आदि सकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। मंझनपुर मुख्यालय पर कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार पप्पू मिश्रा जुगल किशोर त्रिपाठी डॉ आर के मिश्रा शशि प्रताप त्रिपाठी नसीमुद्दीन कौशलेश द्विवेदी आदि सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ताओ ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के जन्मदिन पर मिठाइयां बाटकर बड़े धूमधाम से जन्मदिन मनाया।

### सीमा स्तंभ लगाने की कार्यवाही शुरू

**कौशाम्बी।** एसडीएम मंझनपुर ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में जनपद कौशांबी में अभियान के अंतर्गत सीमा स्तंभ लगाने की कार्यवाही आज बेरौचा राजस्व ग्राम विकासखंड कौशांबी, तहसील मंझनपुर से प्रारंभ की गई। उन्होंने बताया कि पूरे जनपद में 1839 सीमा स्तंभ है वे या तो क्षतिग्रस्त है या उस स्थान से हट गए हैं जिन्हे जिलाधिकारी के निर्देश पर फिर से स्थापित किया जा रहा है।

### सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण की ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि बढ़ी

**कौशाम्बी** ओ-लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत युवक युवतियों हेतु द्वितीय चरण के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 10 अक्टूबर, 2024 से 30 अक्टूबर, 2024 तक बढ़ा दी गई है जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अश्विनी कुमार ने बताया है कि अन्य पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक/युवतियों को ह्यओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण करने हेतु द्वितीय चरण के लिए ऑनलाइन आवेदन किये जाने की तिथि 10 अक्टूबर, 2024 से 30 अक्टूबर, 2024 तक होगी। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश की पर दिये गये लिंक के माध्यम से इच्छुक युवक/युवती ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। इस हेतु दिशा-निर्देश वेबसाइट पर प्रदर्शित कर दिये गये है।आवेदन करने के उपरान्त ऑनलाइन भरे गये आवेदन की प्रति प्रिन्टआउट प्राप्त कर हस्ताक्षरित करते हुए समस्त अभिलेखों सहित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी विकास भवन में अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2024 सायं 5:00 बजे तक अनिवार्य रूप से जमा किया जाना है। निर्धारित तिथि तक आवेदन प्राप्त न होने की स्थिति में कम्प्यूटर प्रशिक्षण चयन हेतु विचार नहीं किया जायेगा।

## सम्पादकीय

### अब महाराष्ट्र की बारी?

10 वर्षों का भारतीय जनता पार्टी का शासन, किसान आंदोलन के दौरान अन्नदाताओं के साथ हुई शासन की ज्यादतियां, महिला पहलवानों के साथ दुर्व्यवहार, विनेश फेक्टर समेत कई मुद्दे एक तरफ, तो दूसरी ओर राहुल गांधी का अपने दम पर किया गया प्रचार हरियाणा में कांग्रेस को बड़ी जीत की दहलीज पर खड़ा दिखला रहा है। इसके लिये मतदान शनिवार को हुआ था। ज्यादातर एक्जिट पोल साफ बता रहे हैं कि राहुल गांधी ने वहां जो आंधी चलाई थी, वह भाजपा समेत अन्य सारे दलों को उड़ा ले जायेगी। हरियाणा में जारी वोटिंग के बीच राहुल ने शनिवार को ही महाराष्ट्र में जो चुनावी प्रचार का बिगुल फूंका है, उसी से सवाल उठ रहा है कि क्या अब महाराष्ट्र की बारी है? सवाल इस सन्दर्भ में है कि यहां भी भारतीय जनता पार्टी को बहाकर ले जाने की तैयारी में कांग्रेस है; वैसे यहां आंधी या तूफान नहीं, सुनामी की बात कही जा रही है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली सफलता उसका ट्रेलर था। हरियाणा में कांग्रेस के सामने कई तरह के अवरोध थे। पहला तो यह कि यहां भूपेन्द्र सिंह हुड्डा और सैलजा कुमारी के बीच मनमुटाव। वे राहुल ही थे जिन्होंने नूंह की सभा में दोनों के हाथ मिलवा कर पार्टी के एकजुट होने का संदेश दिया। यहां इंडिया की एक सहयोगी आम आदमी पार्टी अलग चुनाव लड़ रही है। विधानसभा में सीटों की संख्या के लिहाज से महाराष्ट्र हरियाणा के मुकाबले तीन गुना बड़ा है। हरियाणा में 90 सीटें हैं, तो महाराष्ट्र में 288। जाहिर है कि यहां मुकाबला भी बड़ा है। यहां भाजपा ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में चल रही शिवसेना और शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की कांग्रेस के साथ चल रही सरकार को गिराकर नेशनल डेमोक्रेटिक पार्टी की सरकार बनाई थी। इसमें शिवसेना के एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री तथा एनसीपी के अजित पवार को उप मुख्यमंत्री बनाया गया। स्वयं देवेन्द्र फडणवीस डिप्टी सीएम हैं। इसके कारण जनता तो नाराज है ही, खुद भाजपा के भीतर असंतोष है। यहां के सामान्य नागरिक अब भी ठाकरे की शिवसेना तथा शरद पवार की एनसीपी को असली मानते हैं- बेशक अदालती फैसले क्रमशः शिंदे एवं अजित के पक्ष में गये हों। एनडीए कमजोर स्थिति में है। चुनाव की घोषणा हो जाने के बाद वह कितनी एकजुट रह पाती है, यह देखने वाली बात होगी।

अजित पवार को लेकर भाजपा में सर्वाधिक नाराजगी है। दूसरी तरफ उनके बारे में कहा जा रहा है कि वे कभी भी अपने चाचा शरद पवार के पास लौट सकते हैं। वे एनसीपी से अलग होने की अपनी गलती मान चुके हैं। साथ ही वे सम्भवतः अब चुनाव न लड़ें। ऐसा होता है तो वे अपने चाचा के लिये काम करते दिख सकते हैं। दूसरी तरफ यहां इंडिया बेहद मजबूत है तथा राहुल सर्वमान्य नेता हैं। पिछले दिनों इंडिया की जितनी भी बड़ी सभाएं या कार्यक्रम हुए हैं- सभी में उद्धव तथा शरद पवार शामिल हुए। वैसे तो उद्धव सीएम पद के सबसे बड़े चेहरे हैं लेकिन पिछले दिनों एक बैठक में उन्होंने साफ कर दिया था कि उनके लिये मुद्दा यह नहीं है कि सीएम कौन होगा। भाजपा को हराना उनका लक्ष्य है। सीएम पद का विवाद उन्होंने यह कहकर समाप्त कर दिया था कि सभा में उपस्थित कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले तथा शरद पवार जिसे चाहें अभी भावी मुख्यमंत्री की घोषणा कर सकते हैं। उन्हें कोई दिक्कत नहीं है तथा वे इंडिया के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे।

# यूपीआईटीएस जैसे आयोजनों से यूपी की बन रही नई पहचान

**उमेश चतुवेदी**

**यूपी**आईटीएस के आयोजन में एक पूरा और एक्स्क्लूसिव हॉल इलेक्ट्रॉनिक्स का रहा, जिनमें देश के 100 से अधिक स्टार्टअप्स और इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों ने अपने उत्पाद प्रदर्शित किए और लोगों को अपनी तरक्की से प्रभावित किया।

पिछली सदी के अस्सी के दशक में जिस उत्तर प्रदेश को बीमारू कहकर उपहास उड़ाया जाता था, उसी यूपी में यूपीआईटीएस का भव्य आयोजन होना मामूली बात नहीं है। राज्य के तेजी से विकसित हो रहे ग्रेटर नोएडा शहर में 25 से 29 सितंबर तक चले उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में देशभर की बड़ी कंपनियों का जुटान यह बताने के लिए काफी है कि राज्य में निवेश और कारोबार को लेकर भरोसा बढ़ रहा है।



चार दिनों तक चले यूपीआईटीएस का आयोजन 15 हॉल में किया गया था। वैसे तो अपने आप में सभी हॉल यूपी में आ रहे बदलाव और उसमें कारोबार और निवेश की दुनिया के दिग्गजों की दिलचस्पी की कहानी कह रहे थे। लेकिन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा है, यूपी इन्वेस्ट का हॉल, जिसमें देश के तकरीबन सभी अहम क्षेत्रों की कंपनियों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। जिनमें देश की अग्रणी अडानी, अंबानी, रिलायंस, लुलु हाइपर मार्केट, वाइब्स जैसी कंपनियां शामिल रहीं।

इस आयोजन में एक पूरा और एक्स्क्लूसिव हॉल इलेक्ट्रॉनिक्स का रहा, जिनमें देश के 100 से अधिक स्टार्टअप्स और इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों ने अपने उत्पाद प्रदर्शित किए और लोगों को अपनी तरक्की से प्रभावित किया। साल 2018 में राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने स्थानीय उत्पादों को बाजार और पहचान मुहैया कराने के लिए एक जिला, एक उत्पाद नाम से योजना शुरू की थी। जिसे संक्षेप में ओडीओपी के नाम से जाना जाता है। यूपीआईटीएस के इस आयोजन में ओडीओपी के लिए भी अलग से हॉल तैयार था, जिसमें राज्य के सभी 75 जिलों के 325 उत्पादक अपने स्थानीय विशेष उत्पादों के साथ मौजूद रहे। गौर करने की बात यह है कि इनमें काफी संख्या महिलाओं की रही। इस योजना के जरिए अपने उत्पादों को बाजार तक पहुंचा रहे कुछ दिव्यांग कारोबारी भी इसमें शामिल थे। इस आयोजन में पशुधन विकास, दुग्ध उद्योग, मत्स्य पालन, कृषि उत्पाद और खाद्य संरक्षण की भी कंपनियां शामिल रहीं और अपने उत्पादों को दुनिया के सामने प्रस्तुत किया। इस आयोजन में सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र फूड प्रोसेसिंग वाला हॉल रहा, जहां उत्तर प्रदेश के स्थानीय खाद्य उत्पादों और व्यंजनों को बतौर नमूने प्रस्तुत किया गया। लोगों ने उनके स्वाद का भरपूर लुत्फ उठाया और उनकी खरीददारी भी की।

इस आयोजन का 14 और 15 नंबर का हॉल निर्यातकों के लिए विशेष तौर पर आरक्षित था। जिसमें उत्तर प्रदेश के करीब सभी निर्यात होने वाले उत्पाद प्रदर्शित किए गए। ये हॉल विदेशी ग्राहकों को सबसे ज्यादा लुभाते दिखे। यहां जमकर खरीददारी भी हुई और ऑर्डर भी मिले। यहां यह भी बताना जरूरी है कि इसे देखने के लिए दुनियाभर से करीब 400 लोगों को आमंत्रित किया गया था। हालांकि कुछ विदेशी ग्राहक ऐसे भी थे, जो खुद यहां पहुंचे। विदेशी ग्राहकों और कंपनियों को यहां राज्य के उत्पादकों और निर्यातको को कारोबारी बैठक के लिए सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। जिसका राज्य को फायदा भी हुआ और करोड़ों रुपए के ऑर्डर भी मिले। ऊर्जा, नवीकरण ऊर्जा, और रक्षा उत्पाद को भी इस हॉल में प्रदर्शित किया गया था।

इस आयोजन में शिक्षा से जुड़ी तमाम संस्थाएं जिनमें कुछ बड़े विश्वविद्यालय भी शामिल थे, ने युवाओं को अपनी सुविधाओं और योजनाओं की जानकारी दी। पांच दिनों तक चले इस आयोजन में पांच सत्रों का आयोजन किया गया, जो ई कॉमर्स ट्रेंड्स और अवसर, नवाचार और स्टार्टअप्स, देश की निर्यात क्षमता, आदि पर आधारित थे। इस आयोजन में रोजाना शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी प्रस्तुत किया गया। पांच दिनों के इस आयोजन में यहां आए लोगों को जौनपुर और लखनऊ के टुंडे कबाब, बलिया का लिट्टी-चोखा, कानपुर की चाट, खुर्जा की खुरचन, आगरा का पंछी पेठा, मथुरा का पेड़ा और बनारस का पान आदि राज्य के खांटी देसज व्यंजनों का स्वाद भी चखने को मिला।

इस आयोजन की उपलब्धि ही कही जाएगी कि आयोजन के चौथे दिन उद्यमियों को अमेरिका, फ्रांस और जापानी कंपनियों से 100 करोड़ रुपए से अधिक के ऑर्डर प्राप्त हुए। इस दौरान बिरला एयरकॉन और सोनी के बीच जहां 50 करोड़ का करार हुआ, वहीं मदरसन कंपनी को 25 करोड़ के ऑर्डर मिले। इसी तरह आइसक्रीम की मशहूर कंपनी वडीलाल और जैन शिकंजी को 10-10 करोड़ रुपए के ऑर्डर मिले। पूरे आयोजन में करीब 5 लाख से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया।

यूपीआईटीएस 2024 का सहयोगी आयोजक वियतनाम रहा। जिसके राजदूत की अगुआई में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान वियतनाम ने राज्य में खाद्य प्रसंस्करण एवं आईटी के क्षेत्र में निवेश को लेकर उत्सुकता जाहिर की। इस मौके पर पिछले साल यानी 2023 के आयोजन की याद आना स्वाभाविक है। तब आयोजन के पहले दिन यानी 21 सितंबर को अपेक्षाकृत कम भीड़ देखने को मिली थी, हालांकि बाद के हर दिन को लोगों के आने का सिलसिला बढ़ता ही गया। दूसरे दिन 48 हजार लोग मेले में पहुंचे थे। वहीं तीसरे दिन मेले में आने वालों की संख्या बढ़कर 70 हजार पहुंच गई। चौथे दिन 88 हजार से अधिक जबकि पांचवें और अंतिम दिन संख्या 90 हजार के पार पहुंच गई।

बहरहाल यूपीआईटीएस के बीते आयोजन में राज्य के हस्तशिल्प उद्योग को नई उड़ान मिली है। इस दौरान राज्य के हस्तशिल्प उत्पादों की जबरदस्त खरीदारी हुई। इस आयोजन के दौरान 75 हजार कारोबारी निर्यात के ऑर्डर भी मिले। इससे ऐसा लगता है कि राज्य के लघु उद्योगों को नई पहचान मिल रही है।

इस बार का आयोजन पिछली बार की तुलना में एक कदम आगे रहा है। कभी उत्तर प्रदेश को भदेस और उसके उत्पादों को उपहास की नजर से देखा जाता था।

लेकिन यूपीआईटीएस जैसे आयोजनों के चलते उत्तर प्रदेश की पहचान भदेस से निकल रही है और राज्य नए सिरे से ना सिर्फ अपनी पहचान हासिल करता दिख रहा है, बल्कि राज्य के हस्तशिल्प और दूसरे उत्पादों को वैश्विक बाजार मिलता दिख रहा है।

# झारखंड में भाजपा के लिए एक नई चुनौती कल्पना सोरेन

**- शकील अख्तर**

**परिस्थि**तियोंवश एक महिला नेता का उदय हो जाना जेएमएम के लिए वरदान बन गया। अभी जिन दो राज्यों जम्मू-कश्मीर, हरियाणा में चुनाव हो चुके और जिन दो राज्यों में महाराष्ट्र, झारखंड में होना हैं, वहां केवल झारखंड ही ऐसा है जहां इंडिया गठबंधन को अपनी सरकार बचाना है। बाकी तीन राज्यों में उसे भाजपा एनडीए से छीनना है। इसलिए सरकार बचाने की लड़ाई बाकी तीन राज्यों के मुकाबले मुश्किल है।



हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के रिजल्ट से पहले भाजपा झारखंड को लुभा लेना चाहती है। ८ अक्टूबर को क्या होगा इसका शायद उसे अंदाजा है। इसलिए उसने पंचप्रण के नाम से झारखंड में घोषणाओं की बौछार कर दी। मजेदार बात यह है कि यह ऐसी घोषणाएं हैं जो वह पहले दूसरे राज्यों में भी कर चुकी है। मगर जीतने के बाद भूल भी गई।

नाम रखने में तो वह माहिर है। सूरदास का नाम नयनसुख रख सकती है। तो लक्ष्मी जोहार के नाम से पांच में एक योजना ५०० रुपए में गैस सिलेंडर है। राजस्थान में यह वादा था। मगर किसी महिला को नहीं मिला। इसी योजना जिसे बहुत बड़ा नाम प्रण कहा गया है, में दो सिलेंडर मुफ्त देने का भी वादा है।

अभी अमित शाह ने तो कश्मीर में ईद और मोहर्रम पर एक-एक सिलेंडर मुफ्त देने की घोषणा की थी। वहां तो अभी रिजल्ट आना है। मगर देखा जाए तो इसका रिजल्ट से क्या ताल्लुक? गैस सिलेंडर तो केन्द्र सरकार के क्षेत्राधिकार में है। अमित शाह को देना चाहिए। लेकिन आज तक किस राज्य में बीजेपी की सरकार मुफ्त सिलेंडर दे रही है और कहां ५०० रुपए में?

हरियाणा, जम्मू-कश्मीर का नतीजा आने दीजिए लोग अब यह सवाल पूछेंगे। लोगों में डर खत्म हो रहा है। दूसरी मजेदार घोषणा है सुनिश्चित रोजगार! यह वादा करने से पहले वे भूल गए कि हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में जैसा एक्जिट पोल कह रहे हैं, वैसा ही रिज्ल्ट आया, तो इसका सबसे बड़ा कारण रोजगार ही होगा। दोनों जगह दस साल से इनकी सरकार थी। मगर एक नौकरी नहीं दी। न केन्द्र में न राज्य में। और जो नौकरियां थीं सेना में उसे भी खत्म करके अग्निवीर की बिना पेंशन और सिर्फ चार साल की बना दी। बाकी सुरक्षा बलों में भी भर्ती बंद है। हरियाणा के साथ जम्मू का युवा भी सेना और सुरक्षा बलों में सबसे ज्यादा जाता था मगर अब उसका वह रास्ता भी बंद कर दिया।

लेकिन यहां झारखंड में वे नौकरियों की घोषणा नहीं बल्कि प्रण कर रहे हैं। यह बड़े-बड़े शब्द भोले, सरल लोगों को कितनी पीड़ा पहुंचाते हैं इसका बीजेपी को अंदाजा नहीं है।

हम टिहरी उत्तराखंड का वह दिन कभी नहीं भूल सकते जब टिहरी डेम में पानी छोड़ा जा रहा था और टिहरी नगर डूब रहा था। तब औरतें रो-रोकर कह रही थीं कि- भाजपा के नेताओं ने हमारे हाथ में गंगाजल देकर यह संकल्प करवाया था कि टिहरी नहीं छोड़ेंगे। अब क्या होगा हमारे संकल्प का? पुलिस हमें यहां से ले जा रही है। केन्द्र में वाजपेयी की सरकार थी। टिहरी डेम केन्द्र सरकार का ही प्रोजेक्ट था। हमने दिल्ली वापस लौटकर भाजपा के नेताओं से पूछा कि बाकी सब ठीक है। मगर महिलाओं से ऐसा संकल्प क्यों करवाते हैं जिसे पूरा न कर सकें। और वे जीवन भर अपराधबोध से ग्रस्त रहें। कोई जवाब नहीं था। बस फर्क इतना था कि उल्टे हमसे कोई सवाल नहीं पूछने लगा था। आज तो आप किसी से यह कह दो वह उल्टा आप पर ही आरोप लगाने लगता है।

मगर खैर लोकसभा में साधारण बहुमत भी न मिलने और अब हरियाणा. जम्मू-कश्मीर में हार की आहट से भाजपा के लोगों और उसकी गोदी मीडिया की उग्रता में कमी आई है और जनता के बीच डर का माहौल कम हुआ है।

चुनाव नतीजों का अगर ऐसा ही ट्रेंड चलता रहा तो जल्दी आप देखेंगे कि जैसे वादे झारखंड में भाजपा ने किए हैं उन पर फिर जनता ही सीधे सवाल पूछने लगेगी कि भाईसाहब क्या आपने बिल्कुल ही बेवकूफ समझ लिया है? जैसे एक और प्रण है गोगो दीदी योजना। गोगो संथाली में मां को कहा जाता है। इसके फार्म भरवाना भी भाजपा ने शुरू कर दिए। इसमें महिलाओं को २१०० रुपए महीना देने का प्रण है। जबकि हेमंत सोरेन सरकार पहले से मंईयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं को एक हजार रुपए महीना दे रही है। केवल नाम बदल कर और राशि बढ़ाकर नई योजना बताई जा रही है।

झारखंड मुक्ति मोर्चे (जेएमएम) के नेता इस पंचप्रण को प्रपंच कह रहे हैं। उनके नेता सुप्रिय भट्टाचार्य ने कहा कि महिला सशक्तिकरण बात कर रहे हैं। संसद विधानसभाओं में ३३ प्रतिशत महिला आरक्षण का प्रस्ताव पास कर दिया। मगर अभी हमारे यहां चुनाव है लागू कर दो। मगर नहीं वह जब जनगणना होगी जिसका कोई पता नहीं है उसके बाद सोचेंगे।

जेएमएम बीजेपी के महिला पिच पर आने से बहुत खुश है। यहां वह खुद को बहुत मजबूत समझ रही है। और उसका कारण है कल्पना सोरेन।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जेल जाना जेएमएम के लिए एक बड़ा मुश्किल समय था। चंपई सोरेन पर विश्वास करके जेएमएम ने उन्हें मुख्यमंत्री बनाया मगर उन्होंने ऐसा विश्वासघात किया कि झारखंड में ही नहीं देश में भी किसी को विश्वास नहीं हुआ। लेकिन इस बुरे समय ने ही जेएमएम को एक ऐसा सितारा दे दिया जिसका खुद उसे अंदाजा नहीं था।

एक सामान्य घरेलू महिला कल्पना सोरेन का कायाकल्प हो गया। हालांकि भारतीय नारियों की यह पुरानी परंपरा है कि पति पर संकट आने पर वे अचानक रणचंडी बन जाती हैं। कुछ ऐसा ही कल्पना सोरेन के साथ हुआ। वे विधानसभा का उपचुनाव लड़ीं और विधायक बन गईं। हेमंत सोरेन जब जेल में थे तो वे इंडिया गठबंधन की बैठकों में शामिल हुईं। सोनिया गांधी ने खुद आगे बढ़कर उनका हाथ पकड़कर अपनी बगल में बिठाया। बहुत कम समय में वे नेशनल मीडिया में छा गईं।

और अब जेएमएम उनका सर्वोत्तम उपयोग कर रहा है। उसने पूरे झारखंड में मंईयां सम्मान यात्रा शुरू कर दी। महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए। इसमें जेएमएम की दूसरी महिला नेता तो जा ही रहीं हैं। मगर सबसे ज्यादा क्रेज कल्पना सोरेन का है। भाजपा समझ गई है कि इस बार उसे एक नई नेता जो बहुत तेजी से लोकप्रिय हुई हैं, खासतौर से महिलाओं में, उनका मुकाबला करना पड़ेगा। इसलिए मोदी जी चुनाव की घोषणा से पहले ही दो दौरे कर चुके हैं। जमशेदपुर और हजारीबाग। मगर हजारीबाग जो बीजेपी का गढ़ माना जाता है वहां भी भीड़ नहीं थी।

दूसरी तरफ कल्पना सोरेन की यात्रा में लोग खासतौर से महिलाएं भारी संख्या में शामिल हो रही हैं। जिन नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में महिलाएं ५-६ बजे शाम के बाद घर से नहीं निकलतीं वहां रात साढ़े आठ बजे कल्पना सोरेन निकलती हैं तो महिलाएं सड़क पर खड़ी मिलती हैं। और मजेदार बात यह है कि केवल जेएमएम के झंडे के साथ नहीं कांग्रेस के झंडे वाली महिलाएं भी वहां होती हैं। यह वह इलाका है सारंडा जंगल के पार का जहां बाजार भी शाम को सूरज ढलने से पहले ही बंद हो जाते हैं। परिस्थितियोंवश एक महिला नेता का उदय हो जाना जेएमएम के लिए वरदान बन गया। अभी जिन दो राज्यों जम्मू-कश्मीर, हरियाणा में चुनाव हो चुके और जिन दो राज्यों में महाराष्ट्र, झारखंड में होना हैं, वहां केवल झारखंड ही ऐसा है जहां इंडिया गठबंधन को अपनी सरकार बचाना है। बाकी तीन राज्यों में उसे भाजपा एनडीए से छीनना है। इसलिए सरकार बचाने की लड़ाई बाकी तीन राज्यों के मुकाबले मुश्किल है। मगर कल्पना सोरेन का जो एक नया फैक्टर आया है उसका तोड़ ढूंढना भाजपा के लिए आसान नहीं है।

# कहीं किताबों का हिस्सा बनकर ही न रह जाए संकटग्रस्त पादप फोग!

**सुनील कुमार**

**राजस्थान** में प्रसिद्ध तथा वर्तमान में लुप्तप्राय वनस्पति 'फोग' के बारे में आजकल की युवा पीढ़ी शायद ही 'फोग' झाड़ी के बारे में जानती होगी। इस वनस्पति के बारे में राजस्थान में कहा जाता है कि -'फोगला को रायतो, काचरी को साग, बाजरी की रोटी, जाग्या म्हारा भाग।' मतलब यह है कि फोग वनस्पति का रायता, काचरी की सब्जी और बाजरा की रोटी भाग्यवान मतलब नसीब वाले व्यक्ति को ही मिलती है। आज बुजुर्ग ही राजस्थान के मेवा कहलाने वाले 'फोग' के विषय में जानते हैं, युवा पीढ़ी इस वनस्पति व इसके गुणों से अपरिचित है। यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि जाटों की एक प्रमुख गोत्र का नाम फोगाट है जो संभवतः नागवंशियों की संतान हैं जो फोग को अपना प्रतीक चिन्ह मानते थे। फोगाट जाट हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में पाए जाते हैं। कहना गलत नहीं होगा कि 'फोग' मरू क्षेत्र का या यूं कहें कि राजस्थान का मेवा कहलाता है, लेकिन आज झाड़ी या छोटे वृक्षनुमा 'फोग हमारे यहां' बहुत ही कम रह गये हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि फोग थार के रेगिस्तान में भारत और पाकिस्तान में मुख्य रूप से पाया जाता है। फोग थार रेगिस्तान के अतिरिक्त उत्तरी अमेरिका, पश्चिमी एशिया, उत्तरी अफ्रीका एवं दक्षिणी यूरोप आदि स्थानों पर भी पाया जाता है। फोग को स्थानीय लोग इसे 'फोगड़ा' कहते हैं और वनस्पति विज्ञान की भाषा में इसे केलिगोनम पॉलीगोनोइडिस के नाम से जाना जाता हैं। आज दूर-दराज के क्षेत्रों में यह पौधा देखने तक को नसीब नहीं होता या कम देखने को मिलता है। वैसे राजस्थान के बाड़मेर के बायतु क्षेत्र में, जैसलमेर, बीकानेर, गंगानगर, सीकर, चूरू, झुंझुनूं, सीकर आदि क्षेत्रों में फोग वनस्पति कहीं कहीं देखने को मिल जाती है। जैसलमेर के नाचना क्षेत्र में इसकी झाड़ियां विशेष रूप से पाई जाती हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि 60-70 के दशक में ये अच्छी संख्या में मौजूद थे। यह बहुत ही चिंताजनक है कि आज फोग आईयूसीएन की रेड डेटा बुक के संकटग्रस्त पादप की सूची में शामिल है ईंधन एवं कोयले के लिए इसकी जड़ों के अत्यधिक दोहन के कारण आज थार रेगिस्तान में फोग की मात्रा लगातार घट चुकी है। फोग की लकड़ी की यह विशेषता होती है कि इसकी लकड़ी आग बहुत जल्दी पकड़ लेती है। यहां तक कि गीली होने की स्थिति में भी यह आग जल्दी पकड़ लेती है, फोग के कम होने का कारण इसका जल्दी आग पकड़ना भी है। इसीलिए फोग पर राजस्थान में कहावत भी बनी है। कहां गया है कि -'फोग आलो ई बळै, सासू सूदी ई लड़ै।' मतलब यह है कि जिस प्रकार फोग की लकड़ी गीली होने पर भी आग पकड़ लेती है, उसी प्रकार सास सीधी हो तब भी अधिकारपूर्वक बहू को फटकार लगा ही देती है। सिट्टा यह है कि मौका मिलने पर असली स्वभाव उजागर हो ही जाता है। यह बहुत ही चिंताजनक है कि थार में अब बहुत कम फोग झाड़ियां देखने को मिलतीं हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि राजस्थान में स्थानीय भाषा में फोग को फोगाली, फोक तथा तूरनी आदि नामों से जाना जाता है। वास्तव में फोग पोलिगोनेएसी कुल का सदस्य है। यह सफेद व काली रंग की एक झाड़ी होती है, जिसमें अनेक शाखाएं होती है। यह अत्यंत शुष्क एवं ओस दोनों परिस्थितियों में जीवित रह सकने वाला पौधा है। इसमें उच्च पोषण क्षमता वाले अनेक पोषण तत्व पाए जाते हैं जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक होते हैं। यदि हम फोग के पोषक तत्वों की बात करें तो फोग में करीबन 18% प्रोटीन, 71.1% काबोर्हाईड्रेट, 9.1% रेशे, अल्प मात्रा में वसा, . 7 मिलीग्राम/100 ग्राम विटामिन- बी-2 670 मिलीग्राम /100 ग्राम कैल्शियम, 420 मिलीग्राम/100 ग्राम फॉस्फोरस तथा 12.7 मिलीग्राम/100 ग्राम आयरन पाया जाता है। इसकी जड़ों, फूलों, कलियों तथा बीजों में फ़्लवोनोइडस, एल्केलोईडस, टेनिन, स्टेरॉयड, फिनॉल्स, टेपेनीईडस आदि पाए जाते हैं तथा कलियों में एथिल होमोवनिलेट (11.79%) नामक वसीय तेल तथा जड़ों में ड्रीमेनोल (29.42%) नामक वसीय तेल पाया जाता है। जानकारी देना चाहूंगा कि फोग के फलों और इसके फूलों में 18% प्रोटीन एवं 71 % से अधिक काबोर्हाइड्रेट की मात्रा पाई जाती है, जो ऊर्जा का प्रमुख स्रोत है। फोग का पौधा अत्यंत सूखे और पाले दोनों ही परिस्थितियों में जीवित रह सकता है, और इसकी यही खासियत ही इससे थार के अनुकूल भी बनाती है। इसकी(फोग) तासीर ठंडी होती है और यदि किसी व्यक्ति को 'लू' लग जाए तो इसकी पत्तियों का रस निकालकर लू लगने व्यक्ति को पिलाने से वह तत्काल ठीक हो जाता है। इसकी पत्तियों का रस विष प्रतिरोधक माना जाता है। इसकी फलियों से निकलने वाले बीज की रोटी भी बनाई जा सकती है। इतना ही नहीं, फोग की पत्तियां मिट्टी की उर्वरता को भी बढ़ाती हैं। रेगिस्तान की विषम परिस्थितियों में उगकर यह उस क्षेत्र के पर्यावरणीय संतुलन में अहम भूमिका निभाता है। वैसे इसके पत्तियां नहीं होती हैं और टहनी ही इसकी पत्तियां कहलातीं हैं। चैत्र-फाल्गुन के महीने में या यूं कहें कि होली के आसपास इसके झाड़ीनुमा पेड़ पर गांठनुमा छोटे-छोटे फल आते हैं, जिन्हें स्थानीय भाषा में 'फोगला' कहा जाता है, जिन्हें छाछ या दही में इस्तेमाल किया जाता है। वैसे, मास फरवरी -मार्च -अप्रैल में इसकी नयी पत्तियां फूटती हैं। इसके पुष्प गुलाबी रंग के होते हैं जो छोटे छोटे होते हैं तथा जिनको स्थानीय भाषा में 'रिमझर' बोलते हैं। इसके फूलों की महक लुभावनी होती है। कुछ लोग इसके फूलों को तैल में भूनकर भी खाते हैं। फोग की जड़ों को उबालकर कत्थे में मिलाकर इसे मसूड़ों से संबंधित बीमारी में इस्तेमाल किया जाता है। पश्चिमी राजस्थान में अधिकतर लुहार फोग की लकड़ी के कोयले का इस्तेमाल खाना बनाने में करते हैं। फोग का पौधा धीरे धीरे बढ़ता है और जमीन से एक से डेढ़ मीटर ऊंचा होता है। तने की लकड़ी मजबूत और रेशेदार होती है तथा फोग उन दुर्लभ वनस्पतियों में से एक है जो तेज गर्मी में भी बिना पानी के जिंदा रहती है। यह मिट्टी के अपरदन को रोकता है और मरूस्थलीय प्रसार को रोकने में मददगार है। ऊंट और बकरियां इसे बड़े चाव से खाते हैं और अन्य पशु भी इसे चारे के रूप में इस्तेमाल करते हैं। इसकी लकड़ी आसानी से सड़ती-गलती नहीं है और प्राचीन समय में राजस्थान के जहाज कहलाने वाले ऊंट की नकेल इसी की लकड़ी से बनाई जाती थीं। आज बढ़ते शहरीकरण, अकाल के कारण फोग वनस्पति लुप्तप्राय प्रजाति की श्रेणी में पहुंच गई है। आधुनिक खेती में ट्रैक्टरों का अधिक प्रयोग के कारण फोग समूल नष्ट हो रही है, क्यों कि इनके प्रयोग से यह जड़ समेत निकल जाती है और दुबारा नहीं पनप पाती है। लाठी और चांदन क्षेत्रों में नलकूपों की संख्या बढ़ जाने के कारण आज कृषि कार्यों में प्रगति हुई और किसानों द्वारा फोग की कटाई कर दी गई, जिससे फोग वनस्पति पर काफी प्रभाव पड़ा है।अंधाधुंध कटाई ने भी फोग के अस्तित्व पर बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। आज गांवों में खेतों और ढ़ाणियों में बसने वाले लोग अपनी आजीविका के लिए फोग की लकड़ी को काट रहे हैं। शहरों में ईंट भट्ठे फोग की लकड़ी विशेष रूप से इस्तेमाल करते हैं, क्यों कि यह आसानी से जलती है। फोग मनुष्य के साथ साथ पशुओं की जीवन श्रंखला का महत्वपूर्ण घटक है, इसलिए इसके संरक्षण की आवश्यकता आज अत्यन्त ही महत्ती है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि विलायती बबूल ने भी थार रेगिस्तान की जैव-विविधता को भी काफी हद तक प्रभावित किया है, इसका असर भी निश्चित तौर पर फोग पर पड़ा है। जानकारी मिलती है कि विलायती बबूल भारत में आने के बाद से अब तक देशी पेड़-पौधों की 500 से भी अधिक प्रजातियों को खत्म कर चुका है। आज फोग का संरक्षण करने की आवश्यकता है, अन्यथा यह किताबों में ही रह जाएगा।

फोग को बचाने के लिए सर्वप्रथम थार रेगिस्तान के किसानों, काश्तकारों को खेती के गलत तरीकों से बचना होगा। उन्हें यह समझाना होगा कि खेती की जमीन तैयार करने के लिए फोग के पौधे को खत्म करना कितना गलत है। इतना ही नहीं फोग के ईंधन के रूप में अत्यधिक दोहन को कम करने की आवश्यकता है।

## 15वें वित्त आयोग के कार्यों का तैयार हुआ प्रस्ताव

**अखंड भारत संदेश**



प्रियांशी को सम्मानित करते डीएम व अध्यक्ष।

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की कक्षा 12वीं की छात्रा प्रियांशी पांडेय एक दिन की जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नगर निकाय के 15वें वित्त आयोग के प्रस्ताव बाबत बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

सोमवार को डीएम ने नगर पालिका व नगर पंचायतों के 15वें वित्त आयोग के कार्यों के प्रस्ताव में समुचित जलापूर्ति में नलकूपों को मोटर पंप वाटर कूलर की स्थापना, हैंडपंप, कूड़ा अपशिष्ट प्रबंधन, पथ, प्रकाश, सेल्फी पॉइंट निर्माण, सीसी रोड व नाली-नाला, कूड़ा गाड़ी, एमआरएफ सेंटर, एंटी लारवा, सफाई, ब्लीचिंग आदि बाबत प्रस्ताव तैयार हुए। डीएम ने अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिये कि 15वें वित्त आयोग योजना की धनराशि शासन से प्राप्त हुई है, उसमें नगर विकास के जो कार्य कराने का प्रस्ताव बनाये हैं, शासन के निर्गत गाइडलाइन अनुसार कार्य करायें। डीएम, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, नगर पंचायत मऊ अध्यक्ष अमित द्विवेदी ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की कक्षा 12वीं की छात्रा प्रियांशी पांडेय का एक दिन का डीएम बनने पर स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया।

बैठक में उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम, ईओ लालजी यादव, नगर पंचायत मानिकपुर भरत सिंह, नगर पंचायत मऊ/राजापुर बीके मिश्रा समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## सरधुवा पुलिस ने एक और दुष्कर्म आरेपी दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाकर दुष्कर्म आरोपी को गिरफ्तार किया।

ज्ञात है कि 30 मार्च 2024 को वादी ने भरतकूप थाने में सूचना दी कि उनकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री को एक अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक सरधुवा की टीम ने चार अक्टूबर 2024 को पीडिता को बरामद किया। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराकर न्यायालय के समक्ष बयान कराये। प्रभारी निरीक्षक सरधुवा की टीम ने सोमवार को आरोपी राजू कुमार पुत्र गंगवा अहिरवार कलाना मुर्का बांदा को गिरफ्तार किया। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण व न्यायालय में बयान के आधार पर मामले में पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी हुई। टीम में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी, सिपाही धर्मेन्द्र द्वितीय व राहुल पुरी शामिल रहे।

## पचास लाख से अधिक लागत के कार्यों की डीएम ने की समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की कक्षा 12वीं की छात्रा एक दिन की डीएम प्रियांशी पांडेय की अध्यक्षता में पचास लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यों व जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

सोमवार को डीएम ने निर्माण कार्यों में अन्तराज्यीय/ अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर दो/फोर लेन मार्ग पर गेट व प्रकाश व्यवस्था, राजकीय महाविद्यालय पाही, सेतुओं के निर्माण, उद्यमिता प्रशिक्षण केंद्र, पर्यटन सुविधा केंद्र, पर्यटन के कार्यों, सूचना संकुल भवन, डिफरेंस कॉरिडोर, जल जीवन मिशन के कार्यों, बहुद्देशीय क्रीड़ा हाल, थाना भरतकूप,सरधुआ के आवासीय अनावासीय भवन निर्माण, सर्किट हाउस निर्माण, वृहद गौ आश्रय केंद्रों के निर्माण, ड्रग वेयरहाउस, राजकीय पॉलिटेक्निक कालेज मानिकपुर, नगर पंचायत भवन मऊ का निर्माण, नवीन संकेत जूनियर हाईस्कूल का निर्माण, रेस्क्यू सेंटर का निर्माण, तुलसी वाटर फाल,नगर पालिका परिषद कर्वी भवन निर्माण, रोडवेज वर्कशाप आदि निर्माण कार्यों की समीक्षा की।

इसी क्रम में डीएम ने जिला स्तरीय उद्योग बन्धु की बैठक में निवेश मित्र पोर्टल, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पादन सहायता योजना, एमओयू क्रियान्वयन आदि विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा कर उपयुक्त जिला उद्योग केंद्र एसके केसरवानी व अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक अनुराग शर्मा से कहा कि जो आवेदन पत्र ऋण को बैंकों में लंबित है, उनका तत्काल निस्तारण कराया जाये। एक जनपद एक उत्पाद ऋण सहायता योजना मुख्यमंत्री डैशबोर्ड में समीक्षा होती है। कहा कि जो उद्यमियों के धारा 80 के प्रकरण लंबित है, उनका तत्काल निस्तारण करें। उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र से कहा कि श्रम विभाग में बहुत महत्वपूर्ण योजनायें संचालित है, उनका लाभ उद्यमियों से श्रमिकों को दिलायें। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## 23 क्वार्टर शराब समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में दरोगा यूटी नीरज कुमार ने दीवान करन सिंह के साथ राजू पुत्र डिलुवा छिपटहरी को 23 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

## नवरात्रि पर्व शान्तिपूर्ण मनाने व देवी मां के विसर्जन बाबत हुई चर्चा

**अखंड भारत संदेश**



आयोजकों को बैठक में निर्देश देते अधिकारी।

**राजापुर/चित्रकूट।** राजापुर थाने में सद्भावना पीस कमेटी की बैठक में तहसीलदार रामसुधार राम, क्षेत्राधिकारी निष्ठा उपाध्याय, प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह की मौजूदगी में नवरात्रि/दशहरा पर्व को शान्तिपूर्ण ढंग से मनाने व देवी मां के विसर्जन स्थलों बाबत चर्चा हुई। सीओ राजापुर पैदल गश्त कर देवी पंडालों के आयोजकों से मिलकर गाइडलाइन की जानकारी दी।

सोमवार को सद्भावना पीस कमेटी की बैठक में राजापुर थाना क्षेत्र के देवी पंडालों के आयोजकों ने अपनी समस्यायें बतायी। लोनिवि, विद्युत, जल संस्थान व नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी को बैठक में समस्यायें चिन्हित कराई। तहसीलदार राजापुर रामसुधार राम ने बताया कि एसडीएम प्रमोद कुमार झां के निर्देश पर राजापुर थाना क्षेत्र के 162 गांव में स्थापित प्रतिमाओं के विसर्जन को तालाबों का चिन्हीकरण किया है। सम्बंधित लेखपाल देवी पंडाल के आयोजकों को सूचना भेजें। ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात सफाई कर्मियों को नवरात्रि व दशहरा पर्व पर सफाई व्यवस्था चैकस करने के निर्देश दिये। सीओ निष्ठा उपाध्याय ने कहा कि डीजे मात्र दो कॉलम बजायें। ग्रामीण क्षेत्रों में मूर्ति विसर्जन को सात जोनों में पुलिस की टीमें लगाई गई हैं। सीओ कार्यालय व थाना राजापुर में कंट्रोल रूम स्थापित है। प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज सिंह ने कहा कि थाना क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों के देवी पंडालों में अग्नि दुर्घटना रोकने को बालू, पानी रखने की अपील की। 13 अक्टूबर को होने वाले देवी विसर्जन में नगरवासी, क्षेत्रवासी राजस्व विभाग के चिन्हित तालाब में विसर्जन करें। नदियों व अमृत सरोवर में मूर्ति विसर्जन पूरी तरह से प्रतिबंधित है।

इस मौके पर चैकी इंचार्ज गनीवा यदुवीर सिंह, अधिशाषी अधिकारी बालकृष्ण गौतम, जेई जितेंद्र पटेल, सुनील मिश्रा, सतीश मिश्रा, अजीत सिंह, रमन मोदनवाल, विशाल मिश्रा, सुभाषचन्द्र अग्रवाल, शिवपूजन गुप्ता, राजन सोनी, सोनू मोदनवाल, हिमांशु अग्रहरि आदि मौजूद रहे।



जनसुनवाई में समस्या सुनती एसडीएम।

## सारिका गुप्ता बनीं एक दिन की एसडीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** महिलाओं को सशक्त व जागरूक बनाने को उप्र सरकार के मिशन शक्ति अभियान के पांचवे चरण की शुरुवात हो गई है। छात्रा सारिका गुप्ता को एक दिन का एसडीएम बनाया गया।

सोमवार को चित्रकूट इंटर कॉलेज कक्षा 12वीं की छात्रा सारिका गुप्ता को एक दिन का एसडीएम बनाया गया। उन्होंने सवेरे जनसुनवाई दौरान फरियादियों की समस्यायें सुनीं। एक दर्जन समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। इस मौके पर एसडीएम सदर पूजा साहू ने कहा कि उप्र सरकार की मिशन शक्ति योजना बालिकाओं को आगे बढ़ाने को प्रेरित करेगी। इससे बालिकाओं के अंदर हिचक दूर होगी, उनका आत्मबल बढ़ेगा। छात्रा सारिका गुप्ता ने मुख्यमंत्री की इस पहल को धन्यवाद दिया। कहा कि बालिकाओं को आगे बढ़ने में ये वरदान साबित होगी।



घटना की जानकारी देती छात्र।

## 10वीं की छात्रा के ऊपर गिरा पंखा

### छात्र बोले कई दिनों से गड़बड़ था पंखा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** गंगा प्रसाद जनसेवा इंटर कॉलेज में 10वीं की छात्रा स्वाति के ऊपर पंखा गिर गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। ये घटना दोपहर 12 बजे हुई। स्वाति क्लास रूम में पढ़ाई कर रही थी।

सोमवार को स्वाति ने बताया कि पंखा कई दिनों से गिरने की स्थिति में था। स्कूल प्रशासन ने इसे न बदलवाने की अनदेखी की। हादसे के बाद शिक्षकों ने उसे आनन-फानन में सोनेपुर जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका इलाज चल रहा है। स्वाति के सिर पर गंभीर चोट आई है। उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। विद्यालय के अन्य छात्रों ने बताया कि पंखे की हालत खराब थी। फिर भी इसे सही करने को कोई कदम नहीं उठाये गये। घटना के बाद स्कूल प्रशासन पर सवाल उठने लगे हैं कि आखिर ऐसी लापरवाही क्यों बरती गई। बच्चों की सुरक्षा में खतरा साबित हो सकती है। हादसे ने विद्यालय में सुरक्षा उपायों की कमी को उजागर किया है। अभिभावकों व स्थानीय लोगों में आक्रोश है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्रा रोशनी बनी बीडीओ

**अखंड भारत संदेश**



पदीय दायित्व समझतीं रोशनी।

**चित्रकूट।** मिशन शक्ति अभियान के तहत कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्रा रोशनी को एक दिन की खंड विकास अधिकारी बनाया गया। उनके समक्ष तीन लोग समस्या लेकर आये। समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया। बीडीओ बनी रोशनी ने खंड विकास कार्यालय में साफ- सफाई के निर्देश दिये। कर्मचारियों को समय से आने की हिदायत दी। बीडीओ रामजी मिश्रा ने बीडीओ बनी रोशनी को ऑफिस के कार्यों की जानकारी दी।

सोमवार को रोशनी ने बीडीओ बनने पर खुशी जाहिर की। बीडीओ बनी रोशनी ने मनरेगा योजना की तारीफ करते हुए गांव के लोगों को गांव में ही रोजगार मिलने की बात की। कहा कि मऊ ब्लाक में 56 गांव हैं। जिसमें नौ सचिव हैं। एक सचिव पर छह गांवों की जिम्मेदारी का दायित्व है। बीडीओ बनी रोशनी ने एडीओ पंचायत कार्यालय का निरीक्षण किया। कहा कि वह पढ़ाई पूरी करने के बाद बीडीओ बनती है तो गांव में स्वास्थ्य, शिक्षा, व स्वच्छता पर विशेष ध्यान देंगी। इसी क्रम में कार्यालय खंड शिक्षा अधिकारी में उच्च प्राथमिक विद्यालय अहिरी की कक्षा सात की छात्रा राधा देवी ने एक दिन के लिए खंड शिक्षा अधिकारी का प्रभार ग्रहण किया। पदीय दायित्वों को समझा। खंड शिक्षा अधिकारी बनी राधा देवी के समक्ष आधारकार्ड बनवाने को लेकर दो लोग समस्या लेकर आए। बीईओ बनी राधा देवी ने कार्यालय सहायक रमाकांत को निर्देश दिये। खंड शिक्षा अधिकारी कृष्णदत्त पांडे के निर्देश पर महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम व मिशन शक्ति कार्यक्रम नवरात्रि के उपलक्ष में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अधिकारी बनी दोनों छात्रायें इस मौके पर बहुत खुश दिखाई दी।

## प्रियांशी पांडेय बनी एक दिन की डीएम

### बेटियों को प्रशासनिक कार्यों की होगी जानकारी, बढेगा आत्मविश्वासः डीएम




समस्या सुनते डीएम।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मिशन शक्ति अभियान के तहत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कक्षा 12वीं की छात्रा प्रियांशी पांडेय एक दिन को जिलाधिकारी बनीं। जनसुनवाई दौरान प्रियांशी ने आम जनता की समस्यायें सुनीं। त्वरित निस्तारण को अधिकारियों को निर्देश दिये। सोमवार को डीएम शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य छात्राओं को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाना है। ये अभियान मुख्यमंत्री के निर्देश पर पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है। इससे बेटियों को प्रशासनिक कार्यों की जानकारी मिलेगी और उनका आत्मविश्वास बढेगा। जनसुनवाई में उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे। जनसुनवाई में आई समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुए एक दिन की डीएम प्रियांशी ने अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिये।

## जान से मारने की गरज से फायर करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी राजकमल की देखरेख में थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम ने जान से मारने की नियत से फायर करने वाले दो लोगों को घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा-कारतूस व घटना में प्रयुक्त मोटरबाइक समेत गिरफ्तार किया।

ज्ञात है कि 24 जून 2024 को वादी कमलेश पटेल पुत्र रामस्वरुप लोखरिया मजरा बंदरी ने थाना भरतकूप में सूचना दी कि अज्ञात लोगों ने उन पर जान से मारने की नियत से फायर किया। सूचना पर थानाध्यक्ष भरतकूप ने आरोपियों की गिरफ्तारी को दरोगा रामकुमार को निर्देश दिये। दरोगा रामकुमार की टीम ने सोमवार को कपिल शर्मा पुत्र राममिलन बजरंगपुर फतेहपुर बांदा व मनफूल उर्फ पवन कुमार पुत्र सूरजपाल श्रीवास मोहल्ला डुमरौली फतेहगंज बांदा को मोटरबाइक यूपी 90-एबी/0368 समेत गिरफ्तार किया। जामा तलाशी में कब्जे से घटना में प्रयुक्त तमंचा 315 बोर, कारतूस व एक खोखा कारतूस बरामद हुए। आरोपियों पर बरामदगी आधार पर धारायें बढाई गईं। बरामद मोटरबाइक को एमवी एक्ट के तहत सीज किया। टीम में दरोगा रामकुमार, दरोगा अभिषेक सिंह, दरोगा यूटी उत्कर्ष सिंह, दीवान शैलेन्द्र सिंह व सिपाही रणवीर सिंह शामिल रहे।

## नाबालिग को भगा ले जाकर दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**



पुलिस गिरफ्त में दुष्कर्म आरोपी।

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी की अगुवाई में पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया।

ज्ञात है कि 21 जुलाई 2024 को वादी ने सरधुवा थाने में सूचना दी कि गुजरात के योगेश शर्मा 17 वर्षीय नाबालिग भतीजी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक सरधुवा ने मामले की विवेचना निरीक्षक अपराध अंजनी कुमार सिंह को दी। विवेचक ने पीड़िता को बरामद कर पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराते हुये न्यायालय के समक्ष बयान कराये। निरीक्षक अपराध अंजनी कुमार सिंह की टीम ने आरोपी योगेश शर्मा पुत्र गनेश भाई शर्मा सी-25 शुभम पार्क सोसाइटी नगर थाना कलाना जिला भरुछ गुजरात को गिरफ्तार किया। पीडिता के मेडिकल परीक्षण व न्यायालय में बयान के आधार पर मामले में पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी। टीम में निरीक्षक अपराध अंजनी कुमार सिंह, दरोगा मुन्नीलाल, सिपाही नरेन्द्र कुमार व शक्ति सिंह शामिल रहे।

## नयाचंद्रा गांव में दो दिन से लापता युवक का मिला शव

### परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक में दो दिन से लापता युवक का गांव के पास कुआ में शव मिलने से सनसनी फैल गई। परिजनों ने युवक की हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाया है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कुआ से निकालकर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेज मामले की जांच में जुट गई है। सोमवार को नयाचंद्रा गांव में ऋषभ (19) चार अक्टूबर को घर से लापता हुआ था। परिजनों ने उसकी काफी खोज की। कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद परिजनों ने घटना की सूचना रैपुरा थाने में दर्ज कराई थी। सोमवार को सवेरे गांव के लोग कुआ में पानी भरने आये तो उन्हें कुआ के अंदर शव पड़ा हुआ दिखा। गांव के लोगों ने उसकी पहचान ऋषभ सिंह के रूप में की। मृतक के परिजनों ने सूचना रैपुरा थाने को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कुआ से निकालकर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। मामले की जांच में पुलिस जुट गई है। वहीं मृतक के पिता संतोष ने कहा कि बेटे की हत्या करके उसे कुआ में फेंका गया है। कुछ दिन पहले बच्चों -बच्चों की लड़ाई में गांव के लोगों से कहा-सुनी हुई थी। सूचना पर मौके पर पहुंची सीओ राजापुर निष्ठा उपाध्याय ने बताया कि पुलिस टीमों को लगा दिया गया है। जांच के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।



कुआ के पास लगी ग्रामीणों की भीड।

## दिसंबर में होगा खजुराहो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल

### युद्ध स्तर पर शुरु हुई तैयारियां

**अखंड भारत संदेश**



मप्र सीएम से भेंट करते राजा बुन्देला।

**चित्रकूट।** खजुराहो इंटरनेशन फिल्म फेस्टिवल की युद्ध स्तर पर तैयारियां शुरु हो गई हैं। इस फेस्टिवल में बुंदेलखंड की हजारों प्रतिभाओं को मंच मिलता है। मुंबई की सैकड़ों फिल्मी हस्तियां शिरकत करती हैं। संयोजक फिल्म अभिनेता राजा बुंदेला ने मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव से भेंटकर कार्यक्रम की रूपरेखा पेशकर फेस्टिवल का आमंत्रण दिया।

सोमवार को फेस्टिवल के यूपी बुंदेलखंड संयोजक बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि दिसंबर माह में खजुराहो फिल्म फेस्टिवल होगा। संयोजक फिल्म अभिनेता राजा बुंदेला के प्रोडक्शन मुंबई ने आयोजन की तैयारियां शुरु कर दी हैं। मुंबई में अभिनेत्री सुष्मिता मुखर्जी की अगुवाई में अभिनेता व अभिनेत्रियों को आमंत्रित किया जा रहा है। मुंबई की सैकड़ों नामचीन हस्तियां आयोजन में शिरकत करेंगी। यूपी-एमपी बुंदेलखंड के 13 जिलों के लोक कलाकारों, फिल्म निर्माताओं, गायन, वादन, नृत्य की प्रतिभाओं को मंच मिलेगा। अभिनय की बारीकियां सिखाने को कार्यशालायें होंगी। बुंदेलखंड में बनी फिल्मों, शार्ट मूवी, वृत्तचित्र आदि टपरा टाकीज मे प्रदर्शित किए जाते हैं। कलाकारों को सम्मानित किया जाता है। फेस्टिवल संयोजक फिल्म अभिनेता राजा बुंदेला ने भोपाल में मप्र मुख्यमंत्री से भेंटकर खजुराहो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल की रुपरेखा बताई। उन्हें फेस्टिवल का आमंत्रण दिया। इस आयोजन में धर्मनगरी के संत शुभारम्भ पर प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी आमंत्रित हैं। यूपी-एमपी की दर्जनों राजनैतिक हस्तियां भी शिरकत करेंगी।

# 'युद्ध विराम का समय आ गया है'- इजरायली पीएम से बोले फ्रांस के राष्ट्रपति

**पेरिस। फ्रांस के** राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मध्य पूर्व के हालत के बारे में टेलीफोन पर बातचीत की। यह चर्चा ऐसे समय में हुई जब मैक्रों द्वारा यहूदी राष्ट्र के लिए हथियारों की सप्लाई रोकने की मांग करने पर दोनों देशों के संबंधों में तल्खी आ गई।

एलीसी पैलेस (फ्रेंच प्रेसिडेंट का आधिकारिक निवास) की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि रविवार को दोनों नेताओं ने अपनी अलग-अलग राय को स्वीकार किया और बेहतर समझ के लिए अपनी पारस्परिक इच्छा पर जोर दिया।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मैक्रों ने नेतन्याहू को बताया कि उनका मानना है कि अब युद्ध विराम का समय आ गया है।

एलीसी के बयान में कहा गया, 'हथियारों की सप्लाई, गाजा में युद्ध का लंबा खिंचना और लेबनान तक इसका विस्तार, इजरायलियों



और क्षेत्र के सभी लोगों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। हमें तुरंत निर्णायक कोशिश करनी चाहिए, जिससे हम इजरायल और मध्य पूर्व में सभी लोगों की सुरक्षा के लिए जरूरी राजनीतिक समाधान निकाल सके।"

7 अक्टूबर हमले की पहली बरसी की पूर्व संध्या पर मैक्रों ने इजराइली लोगों, खासकर पीड़ितों, बंधकों और उनके प्रियजनों के प्रति फ्रांसीसी लोगों की एकजुटता जाहिर की।

बता दें शनिवार शाम को मैक्रों के रेडियो इंटरव्यू के बाद वीकेंड में फ्रांस-इजरायल संबंध तनावपूर्ण हो गए।

मेक्रों ने राजनीतिक समाधान को अहमियत दिए जाने पर जोर दिया और गाजा में मिलिट्री अभियानों के लिए इजरायल को हथियारों की सप्लाई रोकने की अपील की।

नेतन्याहू ने इस रुख की कड़ी निंदा करते हुए कहा, "राष्ट्रपति मैक्रों और अन्य पश्चिमी नेता अब इजरायल पर हथियारों के प्रतिबंध की वकालत कर रहे हैं। उन्हें शर्म आनी चाहिए।'

उन्होंने कहा कि बाहरी समर्थन मिले या न मिले जीत इजरायल की होगी।

फ्रांस सरकार ने घोषणा की कि विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरोट स्थिति पर आगे चर्चा करने के लिए सोमवार को इजराली अधिकारियों से मिलेंगे।

## हमास के हमले का 1 साल: सिनवार ने आग लगाकर रची साजिश




**तेल अवीव: एक** साल पहले 7 अक्टूबर, 2023 को हथियारों से लैस हमास लड़ाकों ने इजरायल में घुसपैठ करते हुए अंधाधुंध फायरिंग की थी और करीब 1200 लोगों को बेरहमी से मार डाला था। हमास के इस हमले ने ना सिर्फ इजरायल बल्कि दुनिया को चौंका दिया था।

इजरायल ने इस बड़ी सुरक्षा विफलता के तुरंत बाद गाजा में युद्ध का बिगुल फूंक दिया। एक साल में इस युद्ध ने सिर्फ इजरायल और गाजा ही नहीं पूरे पश्चिम एशिया में काफी कुछ बदल दिया है। ऐसे में ये सवाल खासतौर से पूछा जा सकता है कि याह्या सिनवार और हमास को हमले से क्या हासिल हुआ।

फर्स्टपोस्ट की रिपोर्ट कहती है कि हमास प्रमुख याह्या सिनवार ने इजरायल में हमले के लिए पूरी तैयारी की थी और साजिश के तहत ये अटैक कराया था। हमास ने गाजा में एक बड़ा सुरंग नेटवर्क तैयार किया था, जो 300 मील से ज्यादा लंबा था। वहीं अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समर्थन के लिए आम नागरिकों को सुरक्षा ढाल की तरह इस्तेमाल करने का प्लान बनाया गया। इस सब तैयारी के बाद हमास प्रमुख याह्या सिनवार ने इजरायली जमीन पर हमला करके आग भड़काई, जिससे वह फायदा लेना चाहता था लेकिन इसका अंजाम शायद वैसा नहीं हुआ, जैसा उसने सोचा था। इजरायल नेअपने हिसाब से एक स्क्रिप्ट लिखी और बढ़त बना ली।

सिनवार ने क्या सोचकर शुरू किया युद्ध

रिपोर्ट कहती है कि इजरायल के खिलाफ सिनवार का युद्ध दो धारणाओं पर आधारित था। एक उसे उम्मीद थी कि ईरान अपने उद्देश्य के लिए 'प्रतिरोध की धुरी' का पूरा समर्थन करेगा। दूसरा ये कि इजरायल का जवाबी हमला भारी अंतरराष्ट्रीय आक्रोश पैदा करेगा, जिससे अमेरिका भी कदम उठाने को मजबूर हो जाएगा। ये सिनवार का अरब नेताओं को इजरायल के खिलाफ भड़काने और मुस्लिम दुनिया को साथ लाने के लिए लगाया दांव भी हो सकता है। हालांकि ये साफ है कि उसकी तिकड़म ठीक नहीं बैठी।

सिनवार की सोच के उलट इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने इस संकट को इजरायल के सुरक्षा उद्देश्यों को प्राप्त करने का एक अभूतपूर्व अवसर माना।

## श्रीलंका में आज से शुरू होगी जनसंख्या और आवास की गणना

**कोलंबो। श्रीलंका** के जनगणना एवं सांख्यिकी विभाग ने कहा कि वह सोमवार को देश में जनसंख्या और आवास की 15वीं गणना के लिए व्यक्तिगत और आवास संबंधी जानकारी एकत्र करना शुरू करेगा। विभाग की महानिदेशक अनोजा सेनेविराथने ने कोलंबो में पत्रकारों को बताया कि गणना अधिकारी महत्वपूर्ण आंकड़े एकत्र करने के लिए देश भर के घरों का दौरा करेंगे। समाचार एजेंसी शि?न्हुआ के अनुसार, उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में लगभग 50,000 अधिकारी गणना कर्ता के रूप में कार्यरत होंगे।



उन्होंने कहा कि श्रीलंका में आमतौर पर हर 10 साल में एक बार जनगणना होती है, लेकिन कोविड-19 महामारी और आर्थिक संकट के कारण इस प्रक्रिया में देरी हुई। दक्षिण एशियाई देश की अंतिम जनगणना 2012 में की गई थी।

## बफीर्ली चट्टानों के बीच हरियाली... अंटार्कटिका में खतरनाक दर से बढ़ रहा हरा क्षेत्र

**वॉशिंगटन: अंटार्कटिका** में हरियाली बहुत तेजी से बढ़ रहा है। नए अध्ययन से पता चलता है कि हरित क्षेत्र के अप्रत्याशित रूप से बढ़ने की रफ्तार बीते कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ी है। नेचर जियोसाइंस में में पब्लिश रिसर्च कहती है कि पिछले चार दशकों में अंटार्कटिक प्रायद्वीप में वनस्पति आवरण में नाटकीय वृद्धि हुई है। इसने पर्यावरणविदों के सामने एक नई मुश्किल पैदा कर दी है। इसे आने वाले समय में धरती के लिए एक खतरे की घंटी की तरह भी कुछ एक्सपर्ट देख रहे हैं।

एक्सेटर और हर्टफोर्डशायर विश्वविद्यालयों के शोधकताओं ने इस रिसर्च के लिए ब्रिटिश अंटार्कटिका सर्वेक्षण के साथ जलवायु परिवर्तन के जवाब में 'हरियाली' की सीमा का आकलन करने के लिए सैटेलाइट डेटा का इस्तेमाल किया है। उन्होंने पाया कि इस क्षेत्र में वनस्पति आवरण 1986 में एक वर्ग किलोमीटर से भी कम था, जो बढ़कर 2021 तक 12 वर्ग किलोमीटर हो गया। ये दस गुना से ज्यादा की वृद्धि को दशार्ता है।

हरियाली में तेजी, बर्फ घट रहा है

अंटार्कटिका में हाल के वर्षों में यह प्रवृत्ति तेज हो गई है। 2016 और 2021 के बीच हरियाली की दर में 30 प्रतिशक से अधिक की वृद्धि हुई है। एक्सेटर विश्वविद्यालय के डॉक्टर थॉमस रोलैंड का कहना है कि ज्यादातर हिस्सा अभी भी बर्फ और चट्टान हैं लेकिन पौधों के जीवन का छोटा सा हिस्सा नाटकीय रूप से बढ़ गया है। पौधे और काई उन परिस्थितियों में फल-फूल रहे हैं, जिन्हें पृथ्वी पर सबसे कठोर परिस्थिति



माना जाता है।

हरियाली में तेजी अंटार्कटिका में समुद्री बर्फ की मात्रा में कमी के साथ मेल खाती है, जो क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन प्रभावों की ओर इशारा है। अंटार्कटिक प्रायद्वीप वैश्विक औसत की तुलना में तेजी से गर्म हो रहा है और इसके तेजी से गर्म होने की घटनाएं लगातार हो रही हैं। ऐसे में यह तेज वनस्पति विकास पारिस्थितिकी तंत्र में बदलाव के बारे में चिंता पैदा करता है।

अजमेर: बर्फ फैक्ट्री में मिली युवक की जली हुई लाश, एफएसल और डॉग स्क्वॉड ने जुटाए सबूत

एक्सपर्ट क्यों हैं चिंतित

हर्टफोर्डशायर विश्वविद्यालय के डॉक्टर ओली बार्टलेट ने इस बदलाव पर चेताते हुए कहते हैं कि पौधों के जीवन में वृद्धि से मिट्टी के निर्माण में आसानी होगी और ये दूसरे पौधों के बढ़ने का रास्ता साफ कर देगा। इससे गैर-देशी और आक्रामक प्रजातियों के आने का खतरा बढ़ेगा।शोधकर्ता इस हरियाली प्रवृत्ति को चलाने वाले विशिष्ट जलवायु और पर्यावरण तंत्र की जांच पर जोर देते हैं।

## सिर्फ भारतीयों को मिल रही नौकरी... कनाडाई महिला का मशहूर रेस्तरां चेन पर आरोप

**ओटावा: कनाडा** की एक महिला ने लोकप्रिय कॉफीहाउस और रेस्तरां चेन टिम हॉर्टन्स इंक पर भेदभाव का आरोप लगाया है। महिला ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करते हुए कहा है कि कनाडाई कंपनी टिम हॉर्टन्स अपने देश के लोगों के बजाय भारतीयों को नौकरी में तरजीह दे रही है। क्लॉस आर्मिनियस नाम की महिला के ये आरोप लगाने के बाद एक्स पर इस संबंध में कनाडाई लोगों के बीच बहस छिड़ गई है। कई लोगों क्लॉस के इल्जाम को सही कहा है तो कुछ ने इसे गैरजरूरी चर्चा कहा है। एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, क्लॉस आर्मिनियस का कहना है कि टिम हॉर्टन्स ने पहले तो कनाडाई लोगों के साथ भेदभाव किया और जब उन्होंने इसके खिलाफ आवाज उठाई तो उनको कंपनी ने नौकरी ये निकाल दिया। महिला का दावा है कि कंपनी भारतीयों का पक्ष लेती है, जो देश की विविधता और समावेशी चरित्र के खिलाफ है। ऐसे में कंपनी के इस रवैये पर रोक लगनी चाहिए।

लाखों लोग देख चुके हैं क्लॉस का पोस्ट

क्लॉस आर्मिनियस के इस पोस्ट को 45 लाख लोग देख चुके हैं। पोस्ट में क्लॉस कहती हैं, 'इंडिय मैनेजर




ने विशेष रूप से भारतीय अप्रवासियों को काम पर रखा। एक तरह के लोगों को भर्ती करने से काम करने का वातावरण प्रभावित हुआ। मैंने इन बातों को कंपनी के मैनेजमेंट के सामने रखा तो मेरी चिंताओं को सिरे से खारिज कर दिया गया। इतना ही नहीं इसकी वजह से मुझे चार साल पुरानी नौकरी को भी खोना पड़ा।'

क्लॉस की इस पोस्ट ने सोशल मीडिया पर बड़ी तादाद में लोगों का ध्यान खींचा है। यूजर्स ने इस मुद्दे पर अलग-अलग राय व्यक्त की है। कई कनाडाई लोगों ने किसी नौकरी में इस तरह के पक्षपात पर गहरी चिंता जताई है, वहीं कुछ लोगों का कहना है कि अप्रवासी योग्य हैं और कम वेतन में काम करने को राजी हो जाते हैं तो उनको नौकरी क्यों नहीं दी जानी चाहिए। टिम हॉर्टन्स ने अपनी पूर्व कर्मचारी के इन आरोपों पर अभी कोई टिप्पणी नहीं की है। क्लॉस की ये पोस्ट ऐसे समय में सामने आई है और वायरल हो रही है जब कनाडा में घरों की कमी और बढ़ती बेरोजगारी बड़ा मुद्दा बन रहे हैं। कनाडा में बहुत से लोग आप्रवासियों की बेतहाशा बढ़ती संख्या को घरों और नौकरियों की कमी की वजह मान रहे हैं।

## इस्लाम पर आरोप लगा रही हो... पाकिस्तानी लड़की के सवाल पर आग बबूला हुआ जाकिर नाइक

**इस्लामाबाद: विवादित** इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाइक इन दिनों पाकिस्तान में है। पाकिस्तान के तमाम बड़े शहरों में जाकिर घूम रहा है और लोगों को संबोधित कर रहा है। इन कार्यक्रमों में लोग जाकिर से सवाल करते है, जिनका वह जवाब देता है। जाकिर नाइक लोगों के सवालों के इस्लाम धर्म के मुताबिक जवाब देने की बात कहता है लेकिन मुश्किल सवाल पर वह असहज भी हो जाता है। एक कार्यक्रम में जाकिर ने एक लड़की को उसके सवाल के लिए डांट दिया।

जाकिर नाइक से पाकिस्तान में एक कार्यक्रम के दौरान पश्तून लड़की ने सवाल किया कि इस्लाम में मनानी के बावजूद मुसमलानों के बीच नशे की लत और बच्चों के यौन शोषण की घटनाएं क्यों बढ़ रही हैं। पलोशा नाम की लड़की ने सवाल किया, 'मैं जहां से आती हूं, वह एक इस्लामी सोसायटी है। महिलाएं बिना जरूरत के घरों से बाहर नहीं निकलती हैं। लोग हर जुमे को धार्मिक उपदेश भी सुनते हैं। इस सबके बावजूद क्यों नशीली दवाओं की लत, बाल यौन शोषण और व्यभिचार ने समाज में जड़ें जमा ली हैं।

जाकिर उलझा तो बोला- आपका



सवाल ही गलत

लड़की ने सीधा सवाल किया कि आप मुझे बताइए हमारा समाज क्यों नीचे जा रहा है। इस पर नाइक ने लड़की के सवाल का मजाक उड़ाया। जाकिर ने कहा, 'आप कहती हैं कि महिलाएं बिना जरूरत के घरों से बाहर नहीं निकलती हैं। मैं तो कहता हूं कि पुरुषों को भी बिना जरूरत के बाहर नहीं निकलना चाहिए। आपने कहा कि आपका समाज इस्लामिक है और आपके समाज में यौन शोषण हैं तो फिर ये विरोधाभास है। इस्लामिक माहौल में कोई बाल यौन शोषण नहीं हो सकता। आपके सवाल का या तो पहला भाग गलत है या दूसरा हिस्सा।'

नाइक ने लड़की के सीधे सवाल पर अपनी खीज निकालते हुए कहा कि आप मुझे बताइए कि कौन सी इस्लामिक किताब बाल यौन शोषण समर्थन करती है। मैं तो यह कहूंगा कि आपको ये कहना चाहिए कि आपका समाज इसे इस्लामिक मानता है, तब मैं आपकी बात समझूंगा। अभी जो आप कह रही हैं, उसे मैं ठीक नहीं मानता हूं।

जाकिर नाइक को बुलाकर क्या मकसद पूरा कर रहा पाकिस्तान?

जाकिर नाइक के पाकिस्तान के मौजूदा दौरे पर ये दूसरा मौका है, जब वह लड़कियों की बात पर असहज हुआ है। इस्लामाबाद में एक कार्यक्रम के दौरान तो उसने छात्राओं को ये कहते हुए अवार्ड देने से मना कर दिया था कि उनको बेपर्दा नहीं घूममना चाहिए। जाकिर से इस कदम पर पाकिस्तान के एक बड़े वर्ग ने एतराज जताया था।

## पाकिस्तान के कराची हवाई अड्डे के पास भीषण विस्फोट, 6 घायल

**इस्लामाबाद। पाकिस्तान** के दक्षिणी बंदरगाह शहर कराची में जिन्ना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास रविवार रात एक भीषण विस्फोट में कम छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि विस्फोट हवाई अड्डे की ओर जाने वाले एक चौराहे के पास हुआ, विस्फोट की प्रकृति अभी तक ज्ञात नहीं है। पुलिस अधिकारी ने कहा, गंभीर रूप से झुलसे कम से कम



छह लोगों को अस्पताल ले जाया गया है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि विस्फोट के बाद आग ने कई वाहनों और आसपास के पेड़ों को अपनी चपेट में ले लिया।

पाकिस्तान नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के एक अधिकारी ने कहा कि विस्फोट स्थल जिन्ना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के परिसर में नहीं है।

## इस्लामिक हुकूमत में गैर मुस्लिमों को जजिया देना चाहिए...

**इस्लामाबाद: भारत** में वांछित चल रहा भगोड़ा इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाइक इन दिनों पाकिस्तान के दौरे पर है। पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार ने उसे अपना सरकारी मेहमान बनाया है। नाइक एक महीने तक पाकिस्तान के प्रमुख शहरों में लेक्चर देगा। असल में जाकिर नाइक इस्लाम के प्रचार के नाम पर मंच से गैर मुस्लिमों के खिलाफ जहर उगल रहा है। ऐसे ही एक कार्यक्रम में जाकिर नाइक ने गैर मुस्लिमों से जजिया कर वसूले जाने को सही बताया है। इसके साथ ही उसने भारत के खिलाफ भी जहर उगला है।

जाकिर नाइक के एक कार्यक्रम में एक पाकिस्तानी ईसाई ने सवाल पूछा कि पाकिस्तान में ईसाईयों ने नफरत क्यों की जाती है। उसने कुरान का हवाला दिया और कहा कि खुद पैगम्बर मोहम्मद साहब किसी से नफरत न करने की बात कहते थे, तो आखिर पाकिस्तान के मुसलमान इसे क्यों नहीं मानते? इस पर जाकिर नाइक ने जो जवाब दिया वो हैरान करने वाला था।

'जजिया को कहा छोटा टैक्स'

जाकिर नाइक ने पहले तो कहा कि जब आप इतिहास पढ़ेंगे तो देखेंगे कि इस्लाम के शासन में गैर मुस्लिम सबसे ज्यादा महफूज (सुरक्षित) होते हैं।

अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.:
9565333000

Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## हाइड्रोलिक लिफ्ट, जो पानी से चलती थी... मिस्र के पिरामिड बनाने में हुआ था खास मशीन का इस्तेमाल, नई रिसर्च में दावा

**काहिरा: दुनियाभर** के पुरातत्वविदों और इतिहासकार इस पर रिसर्च करते रहे हैं कि आखिरकार प्राचीन मिस्रवासियों ने पिरामिड बनाने के लिए किस तरह की निर्माण तकनीकों का इस्तेमाल किया होगा। दशकों से मिस्र के पिरामिडों के बारे में अलग-अलग सिद्धांत पेश किए जाते रहे हैं। इस पर अब एक नई रिसर्च सामने आई है, जो कहती है कि पिरामिड बनाने में वजन उठाने के लिए हाइड्रोलिक लिफ्ट तकनीक की मदद ली गई थी।

एक नई रिसर्च के मुताबिक, मिस्र के सबसे पुराने पिरामिड के निर्माण में काफी उन्नत तकनीक की मशीन इस्तेमाल की गई थी। इस मशीन को चलाने के लिए पानी का इस्तेमाल किया जाता था। ऑनलाइन जर्नल पीएलओएस वन में पब्लिश रिसर्च में सक्कारा में जोसर के प्रसिद्ध स्टेप पिरामिड के निर्माण के लिए इस्तेमाल की जाने वाली तकनीकों का पता लगाने की बात कही गई है। ये पिरामिड 13,189 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में फैला है और 62.5 मीटर ऊंचा है। 4,500 साल पुराना ये पिरामिड अपने समय की सबसे खास संरचनाओं में से एक है।

हाइड्रोलिक लिफ्ट तकनीक का हुआ इस्तेमाल

नई रिसर्च पिरामिड बनाने में हाइड्रोलिक लिफ्ट प्रणाली के इस्तेमाल का दावा करती है। अभी तक विशेषज्ञ पिरामिड निर्माण के दौरान भारी पत्थरों को



सिसकाने के लिए परस्पर जुड़े रैंप और लीवर के इस्तेमाल का दावा करते रहे हैं।

फ्रांस के सीईए पैलियोटेक्निक इंस्टीट्यूट के जेवियर लैंडरेउ कहते हैं कि प्राचीन मिस्रवासियों ने भारी पत्थरों को हटाने के लिए पावर लिफ्टों के लिए पास की नहरों का उपयोग किया होगा।

नए विश्लेषण के आधार पर पता चलता है कि पानी को दो शाफ्टों के माध्यम से पिरामिड में निर्देशित किया गया था, जिससे बड़े पत्थर के खंडों को ले जाने वाले फ्लोट को ऊपर और नीचे करने में मदद मिली। शोध में कहा गया है, 'प्राचीन मिस्रवासी अपनी अग्रणी हाइड्रोलिक इंजीनियरिंग के लिए प्रसिद्ध हैं, जो सिंचाई के लिए नहरों और बड़े पैमाने पर पत्थरों के परिवहन के लिए नावों का उपयोग करते थे।

अहमदाबाद में अब अपराधियों की खैर नहीं...गुजरात पुलिस की अक छलांग, आज मिलेगी सौगात

पहेली रही है पिरामिड बनाने की तकनीक

स्टेप पिरामिड को 2680 ईसा पूर्व में तीसरे राजवंश के फिरौन जोसर की अंत्येष्टि परिसर के तौर पर बनाया गया था। इसे कैसे बनाया गया, ये आज तक एक्सपर्ट के लिए एक चुनौती रहा है। नया शोध हाइड्रोलिक लिफ्ट तकनीक की बात कहता है लेकिन रिसर्च टीम ये भी स्वीकार करती है कि अभी आगे की जांच की आवश्यकता है।

अभी ये भी देखा जाना बाकी है कि यह हाइड्रोलिक प्रणाली कैसे काम करती होगी और क्या उस समय क्षेत्र का वातावरण इस तरह की पद्धति के लिहाज से ठीक था।